RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 191
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 18 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





खराब डीपीआर के कारण हो रहे सड़क हादसे
राष्ट्रीय-11


# कर्नाटक के सीएम पर कांग्रेस में मंथन जारी

**● जल्द फैसला लिए जाने की संभावना, दिन भर चला बैठकों का दौर, सिद्धरमैया व शिवकुमार ने राहुल गांधी और खरगे साथ अलग अलग बातचीत की**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/बेंगलुरु



कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद को लेकर पत्रकारों से वार्ता करते कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला

**पिछले** हफ्ते कर्नाटक विधानसभा चुनावों में शानदार जीत हासिल करने के बाद मुख्यमंत्री कौन होगा इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस में जद्दोजहद अभी जारी है। बुधवार को लगातार चौथे दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से लेकर सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा दो संभावित दावेदार के सिद्धरमैया और डीके शिवकुमार के साथ गहन मंत्रणा चली लेकिन सब बेनतीजा रही और देर शाम यह सूचित किया गया कि पूरी कैबिनेट के साथ पीएम के नाम की घोषणा अगले तीन दिन के दौरान की जाएगी।

इससे पहले पार्टी ने कहा था कि बुधवार की शाम खुद खरगे बेंगलुरु में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान करेंगे। इस बीच, कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जी परमेश्वर ने वस्तुत: अपनी दावेदारी पेश करते हुए कहा कि अगर पार्टी आलाकमान उन्हें मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी देता है तो वह इसे संभालने के लिए तैयार हैं। वहीं कई दौर की चर्चा के बाद एआईसीसी महासचिव और कर्नाटक के पार्टी प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि सीएम समेत नई कैबिनेट की घोषणा अगले 48-72 घंटों में कर दी जाएगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि कर्नाटक को कांग्रेस की पांच साल की स्थिर सरकार मिलेगी तथा लोगों से अनुरोध किया कि वे अटकलों और 'झूठी खबरों' पर भरोसा न करें। उनका आरोप है कि भाजपा इस तरह की खबरें फैला रही है। उन्होंने अपने नेताओं को बयानबाजी से दूर रहने की नसीहत देते हुए कहा है कि अगर वे ऐसा करते हैं तो इसे अनुशासनहीनता माना जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।

सुरजेवाला ने ट्वीट कर कहा मैंने सभी कांग्रेस नेताओं को सलाह दी है कि वे नेतृत्व के मुद्दे पर बयान नहीं दें। बिना स्वीकृति के कोई बयान दिया गया तो उसे अनुशासनहीनता माना जाएगा और उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे दोनों नेताओं सिद्धरमैया और डीके शिवकुमार ने बुधवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ अलग अलग मुलाकात की। मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्धरमैया पर सहमति बनने और शिवकुमार की नाराजगी से जुड़ी खबरें मीडिया में आने के पश्चात कांग्रेस ने इसका सार्वजनिक रूप से खंडन किया। सुरजेवाला ने का कहना था कि विधायक दल की बैठक में प्रस्ताव पारित कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को फैसले के लिए अधिकृत किया गया था और ऐसे में वह सहमति और एकजुटता के आधार पर निर्णय लेंगे। सुरजेवाला ने संवाददाताओं से कहा, अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। बातचीत चल रही है। अफवाहों पर विश्वास न किया जाए। उन्होंने ( शेष पेज 9 )

## भाजपा ने कवायद को सर्कस बताया तो कांग्रेस ने भी किया पलटवार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने कर्नाटक का मुख्यमंत्री चुनने को लेकर कांग्रेस में चल रहे बैठकों के दौर को सर्कस करार दिया है। इस पर कांग्रेस ने अतीत में भाजपा के मुख्यमंत्रियों के चयन में कई दिनों का समय लगने का हवाला देते हुए पलटवार किया।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को ट्वीट कर कहा, प्रधानमंत्री की वाह-वाह कर रहे लोगों की याददाश्त को ताजा करना चाहता हूं। 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का परिणाम 11 मार्च को आया और इसके 8 दिन बाद 19 मार्च को योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री पद के लिए चुना गया। उनके मुताबिक, 2021 में असम विधानसभा चुनाव के नतीजे 3 मार्च को आए और इसके 7 दिनों के बाद हिमंत विश्व सरमा को मुख्यमंत्री चुना गया। रमेश ने कहा कि ऐसी कई और भी मिसाल हैं।

इससे पहले भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने ट्वीट कर कहा, क्या आप सर्कस देखना चाहते हैं? यह देखिए कि कर्नाटक में कांग्रेस मुख्यमंत्री का चयन कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने भी मुख्यमंत्रियों के चयन को लेकर कई बार चर्चा और विचार-विमर्श किया, लेकिन ऐसा नहीं हुआ कि पद के दावेदार एक दूसरे पर निशाना साधें, समर्थकों को लामबंद करें और मीडिया के माध्यम से धमकी दें।

# बाइडन ने यात्रा टाली, सिडनी में क्वाड बैठक रद्द

**● जापान में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान मिल सकते हैं चारों क्वाड देशों के प्रमुख**

**एजेंसी।** मेलबर्न



**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन ने ऑस्ट्रेलिया की अपनी यात्रा टाल दी है। इसके बाद आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने 24 मई को सिडनी में होने वाली क्वाड नेताओं की बैठक बुधवार को रद्द करने की घोषणा कर दी। उन्होंने इस सप्ताहांत जापान में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित समूह के चार नेताओं के मिलने का संकेत दिया है। बाइडन ने मंगलवार को ऐलान किया कि वह अपनी ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यू गिनी की यात्रा को रद्द कर रहे हैं।

इतिहास में पहली बार अमेरिकी ऋण अदायगी में चूक को रोकने के लिए बाइडन विपक्षी दल रिपब्लिकन पार्टी से इस मुद्दे पर चर्चा करने वाले हैं और उन्होंने अनिश्चितता एवं गंभीर व्यापक बातचीत का हवाला देते हुए अपनी ऑस्ट्रेलिया यात्रा रद्द करने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अल्बनीज ने न्यू साउथ वेल्स के ट्वीड हेड्स शहर में कहा कि सिडनी में क्वाड नेताओं की बैठक अगले सप्ताह नहीं होगी। अल्बनीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, भारत और जापान के नेता अब इस सप्ताह के अंत में जापान के हिरोशिमा में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि जापान में क्वाड नेताओं के बीच चर्चा होगी।

प्रधानमंत्री अल्बनीज ने कहा कि बाइडन इस बात से खुश नहीं हैं कि वह ऑस्ट्रेलिया नहीं आ पा रहे हैं, इसलिए क्वाड नेताओं ने इसके बजाय हिरोशिमा में जी-7 देशों के नेताओं के सम्मेलन से इतर बैठक का फैसला किया है। अल्बनीज ने कहा कि सभी चारों नेता- राष्ट्रपति जो बाइडन (अमेरिका), प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा (जापान), प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (भारत) और मैं शनिवार और रविवार को हिरोशिमा में होने वाली जी-7 की बैठक में रहेंगे। हम उस दौरान मुलाकात की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके भारतीय समकक्ष क्वाड नेताओं की बैठक रद्द होने के बावजूद अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करेंगे और वह उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

## मोदी के दौरे में बदलाव नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**आस्ट्रेलिया** में प्रस्तावित क्वाड बैठक के रद्द होने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वह अगले सप्ताह तय कार्यक्रम के अनुसार आस्ट्रेलिया की यात्रा पर जाएंगे। अपनी यात्रा के पहले चरण में मोदी 19 से 21 मई तक जापानी शहर हिरोशिमा में रहेंगे, जहां वह दुनिया की विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के समूह जी-7 के वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। मोदी जापान से पोर्ट मोरेस्बी की यात्रा करेंगे, जहां वह 22 मई को पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारपे के साथ संयुक्त रूप से फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स को-ऑपरेशन (एफआईपीआईसी) के तीसरे शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पापुआ न्यू गिनी की यह पहली यात्रा होगी। अब सम्मेलन भले रद्द हो गया, लेकिन आस्ट्रेलिया में प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों में कोई बदलाव नहीं ( शेष पेज 9 )

# जम्मू के कुछ इलाकों से सैन्य वापसी टली

**● सीमा पार से आतंकवादी हमलों के मद्देनजर लिया गया फैसला, पहले इन इलाकों में सुरक्षा पुलिस और अर्धसैनिक बलों को सौंपने की थी योजना**

**एजेंसी।** श्रीनगर



प्रतीकात्मक चित्र

**जम्मू** के कुछ इलाकों से चरणबद्ध तरीके से सेना की वापसी की योजना सीमा पार से किए जा रहे आतंकवादी हमलों के मद्देनजर अनिश्चितकाल के लिए टाल दी गई है। श्रीनगर में अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सरकार ने जम्मू के कुछ इलाकों में सेना के आतंकवाद विरोधी बल राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों की मौजूदगी घटाने और सुरक्षा व्यवस्था जम्मू-कश्मीर पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों के हाथों में सौंपने की योजना बनाई थी। जम्मू क्षेत्र में सेना के तीन आतंकवाद विरोधी बल (सीआईएफ) हैं, जिनमें डेल्टा फोर्स, रोमियो फोर्स और यूनिफॉर्म फोर्स शामिल हैं। डेल्टा फोर्स डोडा क्षेत्र, रोमियो फोर्स राजौरी और पुंछ क्षेत्र तथा यूनिफॉर्म फोर्स उधमपुर व बनिहाल क्षेत्र की सुरक्षा का जिम्मा संभालती है। अधिकारियों के मुताबिक, सेना की कुछ इकाइयों ने जम्मू क्षेत्र की पीर पंजाल पर्वत शृंखला के दक्षिणी हिस्से में सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था का जिम्मा धीरे-धीरे स्थानीय पुलिस और अर्धसैनिक बलों को सौंपने की योजना बनाई थी। उन्होंने कहा कि हालांकि, हालात को ध्यान में रखते हुए, खासतौर पर आतंकवादियों द्वारा 2023 में की गई हत्याओं को देखते हुए, इस योजना को अनिश्चितकाल के लिए ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। जम्मू क्षेत्र में इस साल आतंकवादियों के हाथों कुल 17 लोगों मारे जा चुके हैं, जिनमें सेना के 10 जवान शामिल हैं। एक जनवरी 2023 को राजौरी के धंगरी गांव में पांच नागरिक आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में मारे गए थे, जबकि दहशतगर्दों द्वारा भागने से पहले वहां छोड़े गए एक आईईडी में अगले दिन विस्फोट होने के कारण दो अन्य लोगों की जान चली गई थी।

वहीं, 20 अप्रैल को पुंछ जिले की मेंढर तहसील के भट्टा दुरियन में आतंकवादियों ने रमजान के दौरान एक सीमावर्ती गांव में इफ्तार का सामान पहुंचाने जा रहे सेना के एक वाहन को निशाना बनाया था, जिसमें पांच जवान मारे गए थे। इसी तरह, पांच मई को राजौरी के कांडी वन क्षेत्र में आतंकवादियों द्वारा किए गए एक आईईडी विस्फोट में पांच पैरा कमांडो मारे गए थे और मेजर रैंक का एक अधिकारी घायल हो गया था।

## 2024 में भारत की अर्थव्यवस्था 6.7% की दर से बढ़ेगी: संयुक्त राष्ट्र

**एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र

**घरेलू** मांग मजबूत रहने से भारतीय अर्थव्यवस्था के 2024 के कैलेंडर साल में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। हालांकि, इसके साथ ही रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊंची ब्याज दरों तथा कमजोर बाहरी मांग से इस साल देश का निवेश और निर्यात प्रभावित होगा। संयुक्त राष्ट्र की 2023 के मध्य तक वैश्विक आर्थिक स्थिति और संभावनाएं शीर्षक वाली रिपोर्ट मंगलवार को यहां जारी की गई। रिपोर्ट कहती है कि भारत, जो दक्षिण एशियाई क्षेत्र की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, 2023 में 5.8 प्रतिशत और 2024 (कैलेंडर वर्ष आधार) में 6.7 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर्ज करेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत घरेलू मांग से समर्थन मिलेगा। हालांकि, ऊंची ब्याज दरों और कमजोर बाहरी मांग से 2023 में देश के निवेश और निर्यात पर दबाव बना रहेगा। रिपोर्ट ( शेष पेज 9 )

# नहीं बढ़ेंगे खाद के दाम, सरकार 1.08 लाख करोड़ की सब्सिडी देगी

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने खरीफ सत्र में किसानों को किफायती मृदा पोषक तत्व मुहैया कराने के लिए बुधवार को फॉस्फेट एवं पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों पर 38,000 करोड़ की सब्सिडी को मंजूरी दी। इस तरह खरीफ सत्र के लिए कुल उर्वरक सब्सिडी आवंटन बढ़कर 1.08 लाख करोड़ हो गया। यूरिया उर्वरक पर 70,000 करोड़ की सब्सिडी देने की घोषणा वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में पहले ही की जा चुकी है।

उर्वरकों के एमआरपी में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। फिलहाल यूरिया की कीमत 276 रुपए प्रति बोरी है जबकि डीएपी 1,350 रुपए प्रति बोरी पर बिक रही है। देश में यूरिया और डीएपी उर्वरकों की सबसे ज्यादा खपत होती है। सरकार मृदा पोषक-आधारित योजना (एनबीएस) के तहत हर छह महीने पर दी जाने वाली उर्वरक सब्सिडी की घोषणा करती है। यह योजना अप्रैल, 2010 में शुरू की गई थी। उर्वरक सब्सिडी से करीब 12 करोड़ किसानों को फायदा पहुंचने की उम्मीद है। सरकार किसानों को घटी हुई कीमतों पर उर्वरक मुहैया कराती है। देश में करीब 1,400 लाख हेक्टेयर भूभाग में खेती होती है। उर्वरक एवं रसायन मंत्री मनसुख मांडविया ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए इस फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि खरीफ सत्र में उर्वरकों की अधिकतम खुदरा कीमतों (एमआरपी) में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। फसलों का खरीफ सत्र अप्रैल से शुरू होकर मार्च तक चलता है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में खरीफ सत्र 2023-24 के लिए किसानों को फॉस्फेट और पोटाश उर्वरकों पर 38,000 करोड़ की सब्सिडी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। पिछले कुछ महीनों में पीएंडके उर्वरकों की अंतरराष्ट्रीय कीमतें घटने से सब्सिडी बोझ में कमी आई है। इसके साथ खरीफ सत्र के लिए सरकार का कुल सब्सिडी व्यय बढ़कर 1.08 लाख करोड़ हो जाएगा। वहीं 2023-24 के समूचे वित्त वर्ष में उर्वरक सब्सिडी बढ़कर 2.25 लाख करोड़ तक जा सकती है। मांडविया ने मंत्रिमंडल में लिए गए फैसले की संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा, मंत्रिमंडल ने नाइट्रोजन के लिए 76 रुपए प्रति किलो, फॉस्फोरस के लिए 41 रुपए प्रति किलो, पोटाश के लिए 15 रुपए प्रति किलो और सल्फर के लिए 2.8 रुपए प्रति किलो की सब्सिडी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस एवं पोटाश की वैश्विक कीमतें घटने से सब्सिडी बोझ कम हुआ है। मसलन, डीएपी की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें 925 डॉलर प्रति टन से घटकर 530 डॉलर प्रति टन पर आ गई हैं।

## अडाणी समूह के खिलाफ जांच पूरी करने के लिए सेबी को 14 अगस्त तक का समय

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को गौतम अडाणी की अगुवाई वाले समूह द्वारा शेयर मूल्यों में हेराफेरी करने के आरोपों की जांच पूरी करने के लिए बुधवार को 14 अगस्त तक का समय दिया। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सेबी को गौतम अडाणी की अगुवाई वाले समूह पर लगे शेयर मूल्यों में हेराफेरी के आरोपों की जांच पर अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया। उच्चतम न्यायालय की इस पीठ में न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति पारदीवाला भी हैं। पीठ ने अडाणी मामले में न्यायमूर्ति ए एम सप्रे समिति की रिपोर्ट सभी पक्षकारों के साथ साझा करने का आदेश दिया, ताकि वे इस मामले में अदालत की मदद कर सकें। यह रिपोर्ट न्यायालय को हाल ही में सौंपी गई है। उच्चतम न्यायालय ने दो मार्च को, गौतम अडाणी की ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### हिंदुजा समूह के चेयरमैन एसपी हिंदुजा नहीं रहे

**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह के चेयरमैन श्रीचंद परमानंद हिंदुजा का बुधवार को लंदन में निधन हो गया। वह 87 साल के थे। हिंदुजा परिवार के एक प्रवक्ता ने उनके निधन की सूचना दी। हिंदुजा कुछ समय से बीमार थे। वह चार भाइयों में सबसे बड़े थे। प्रवक्ता ने बयान में कहा, गोपीचंद, प्रकाश एवं अशोक हिंदुजा समेत समस्त हिंदुजा परिवार बड़े दुख के साथ सूचित कर रहा है कि परिवार के मुखिया एवं हिंदुजा समूह के चेयरमैन एसपी हिंदुजा का निधन हो गया है।

### मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सचिव जफरयाब जिलानी का निधन

**लखनऊ।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सचिव एवं वरिष्ठ अधिवक्ता जफरयाब जिलानी का बुधवार को लखनऊ में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। जिलानी के बेटे नजम जफरयाब ने बताया कि उनके पिता ने लखनऊ के निशात अस्पताल में पूर्वान्ह करीब 11 बज कर 50 मिनट पर आखिरी सांस ली। वह पिछले काफी समय से बीमार थे। उनके परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी है। जिलानी बाबरी मस्जिद मामले में अधिवक्ता भी थे। वह यूपी के अपर महाधिवक्ता भी रह चुके थे।

# नौ राज्यों में एनआईए के छापे, ड्रग तस्कर, आतंकी व माफिया निशाने पर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) आतंकवादियों, नशीले पदार्थों के तस्करों और माफियाओं के बीच गठजोड़ से जुड़े मामलों में बुधवार को नौ राज्यों में 324 से अधिक ठिकानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एनआईए के प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में पूरे दिन चली छापेमारी में हथियार, गोल-बारूद के साथ 39 लाख रुपये बरामद किए गए।

ऑपरेशन ध्वस्त के तहत हुई कार्रवाई में कई संदिग्ध हिरासत में लिए गए। अधिकारियों के मुताबिक, तड़के साढ़े पांच बजे शुरू हुई कार्रवाई में हरियाणा में दस जिलों के 52 स्थानों पर और पंजाब के 17 जिलों के 143 ठिकानों पर छापे मारे गए। एनआईए के मुताबिक आतंकी अर्श डल्ला और कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, छेनू पहलवान, दीपक तीतर, भूपी राना, विकास लंगरपुरिया, आशीष चौधरी, गुरप्रीत सेखों, दिलप्रीत बाबा, हरसिमरत सिम्मा और अनुराधा आदि का गठजोड़ तोड़ने के लिए कार्रवाई की गई।

अधिकारियों ने बताया कि आज की छापेमारी पाकिस्तान व कनाडा जैसे देशों में बैठे स्मगलर व आतंकियों के साथ काम करने वाले हथियार सप्लायर्स, फाइनेंसर्स, हवाला कारोबारियों को निशाना बनाकर की गई। एनआईए ने पिछले साल तीन मामले दर्ज किए थे, जिनमें आरोप लगाया गया था कि आतंकवादी संगठन और विदेश में मौजूद उनके समर्थक लक्षित हत्याओं और हिंसक आपराधिक कृत्यों को अंजाम देने के लिए भारत के उत्तरी राज्यों में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोहों के सदस्यों के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने ( शेष पेज 9 )

# नोएडा में पकड़ी 300 करोड़ की ड्रग, यूपी में सबसे बड़ी कार्रवाई

## नशीले पदार्थ बनाने की फैक्ट्री से भारी मात्रा में तैयार और कच्चा माल बरामद

**● पकड़े गए अफ्रीकी मूल के नौ लोगों के पास बैंक खाता या फाइनेंशियल डॉक्यूमेंट नहीं मिले**

**● केंद्रीय एजेंसियों को दी गई सूचना, विदेशी तस्करों व आतंकी संपर्कों की हो रही जांच**

**रिंकू यादव।** नोएडा





**उत्तर** प्रदेश में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई में ग्रेटर नोएडा में 300 करोड़ रुपये की ड्रग पकड़ी गई है। गौतमबुद्ध नगर पुलिस की स्वाट, एसओजी और स्थानीय पुलिस ने फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इसमें लगभग 200 करोड़ रुपये की नारकोटिक्स एमडीएमए मेथ्स और भारी मात्रा में केमिकल एवं कच्चा माल मिला है, जिससे लगभग 100 करोड़ रुपये की और ड्रग तैयार हो सकती है।

इस ऑपरेशन में अफ्रीकी मूल के नौ लोग गिरफ्तार हुए हैं। गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि आरोपियों ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टर थीटा-2 में ड्रग्स बनाने के लिए बाकायदा लैबोरेट्री और वितरण भंडार बना रखा था। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि लैबोरेट्री की स्थिति देख अंदाजा लग रहा है कि यह लंबे समय से चल रही थी। यहां से 46 किलो मैथाफीटामाइन या एमडीएमए ड्रग्स बरामद किया ( शेष पेज 9 )

### ड्रग तस्करों के निशाने पर देसी-विदेशी छात्र

**गौतमबुद्ध** नगर उत्तर भारत का सबसे बड़ा एजुकेशन हब है। यहां 10 विश्वविद्यालय और करीब 150 बड़े शिक्षण संस्थान हैं। देशभर के तीन लाख से ज्यादा स्टूडेंट नोएडा और ग्रेटर नोएडा में पढ़ रहे हैं। दुनिया के 50 से ज्यादा मुल्कों के छात्र-छात्राएं भी यहां शिक्षा ले रहे हैं। इंटरनेशनल ड्रग तस्करों की सीधी नजर नजर इन पर रहती है। तमाम यूनिवर्सिटी और शिक्षण संस्थानों के आसपास कई बार ड्रग सप्लायर पकड़े जा चुके हैं।

# बड़ी हस्तियों के नाम का झांसा देकर धोखाधड़ी

## एलजी बन बहन की नौकरी लगवाने की कोशिश, अपनी छुट्टी भी मंजूर कराई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्रोफेसर रोहित सिंह को विदेश से लौटने के बाद इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रोहित पर विदेश में खुद की पढ़ाई के लिए छुट्टी मंजूर कराने और अपनी बहन की नौकरी जीजीएसआईपी में लगाने के लिए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना बन कर अपने ही विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. महेश वर्मा को फोन करने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया था। जिसके आधार पर उसे 15 मई को आईजीआई पर पकड़ा गया। कोर्ट में पेशी के बाद पुलिस को उसकी रिमांड मिल गई थी। पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद उसे न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

दिल्ली पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान आरोपी रोहित सिंह ने स्वीकार किया कि उसने गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के कुलपति को फोन किया था। ऐसा उसने इंग्लैंड से दो बार लैंड लाइन से फोन कर किया था। इसी फोन के जरिए उसने पहली बार में खुद की छुट्टी मंजूर कराई।

इसके बाद दूसरी बार 30 सितंबर 2022 को अपनी बहन को जीजीएसआईपीयू के अंग्रेजी विभाग में फैकल्टी के रूप में चयनित करने के लिए भी फोन किया था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में संदेश होने पर यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. महेश वर्मा को 30 सितंबर 2022 को शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि अज्ञात व्यक्ति खुद को उपराज्यपाल बताकर छुट्टी मंजूर करने और एक महिला को नौकरी पर रखने की सिफारिश की थी। पुलिस ने बताया कि यूके से लौटते ही रोहित को आईजीआई से गिरफ्तार किया गया।

### एलजी ने जताई थी कड़ी आपत्ति

इस पूरे मामले में जब उपराज्यपाल को जानकारी मिली थी कि उनके नाम से फोन कर किसी की नौकरी से लेकर छुट्टी तक के लिए सिफारिश की गई है, तो बेहद नाराज हुए थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि ऐसी किसी सिफारिश या किसी को फायदा पहुंचाने के लिए वह कभी भी किसी को फोन नहीं कर सकते हैं। इसके बाद उन्होंने एलजी ऑफिस में सभी अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वहां के लैंडलाइन फोन नंबर से किसी को इस तरह से कॉल करके फायदा तो नहीं लिया जा रहा है। इसके बाद जांच में ऐसी कोई जानकारी नहीं मिली तब पुलिस को सूचना दी गई।

## पहले अश्लील वीडियो बनाया, फिर पूर्व पुलिस आयुक्त बन बुजुर्ग को ठगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में बुजुर्ग से साइबर ठगों ने यौन उत्पीड़न के नाम पर उगाही (सेक्सटॉर्शन) कर 7.34 लाख रुपए ऐठ लिए। उनमें से एक ने खुद को दिल्ली पुलिस का पूर्व आयुक्त राकेश अस्थाना बताया था। जालसाजों ने केएन जोशी नामक बुजुर्ग व्यक्ति को अश्लील वीडियो चैट के जरिए जाल में फंसाया और फिर उनसे पैसे वसूलने का आरोप है।



केएन जोशी ने दिल्ली पुलिस में दी गई अपनी शिकायत में कहा कि इस 15 जनवरी को उन्हें अंजलि शर्मा नामक महिला का एक संदेश मिला। महिला ने उन्हें हैलो कहा था। बुजुर्ग व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि महिला ने इसके बाद वीडियो कॉल करने के लिए कहा, जिसमें वह निर्वस्त्र थी और कुछ ही मिनट में कॉल समाप्त हो गई। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया था कि दो दिन बाद 17 जनवरी को महिला ने फर्जी अश्लील वीडियो उन्हें भेजा और धमकी दी कि यदि 61,000 रुपए उसे नहीं दिए तो वह वीडियो को सोशल मीडिया पर सार्वजनिक कर देगी। इसके बाद जोशी ने उस नंबर को ब्लॉक कर दिया। जोशी ने पुलिस को बताया कि 25 जनवरी को उन्हें अज्ञात नंबर से फोन आया, जिसे वह नहीं उठा पाए थे। बाद में उस नंबर पर फोन किया तो उधर से एक व्यक्ति ने कहा कि वह दिल्ली के पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना बोल रहे हैं। उन्हें अंजलि नामक महिला के साथ वीडियो कॉल की जानकारी मिली है। उस व्यक्ति ने पूछा कि क्या उसने अंजलि से संपर्क किया है।

पीड़ित व्यक्ति ने कहा, उन्होंने कहा कि वह उससे कभी नहीं मिले। व्यक्ति ने कहा कि अंजलि मादक पदार्थ तस्कर है और उसका वास्तविक नाम नेहा है। साथ ही व्यक्ति ने प्राथमिकी की एक प्रति मेरे साथ साझा की। उन्होंने कहा कि वीडियो यूट्यूब पर सार्वजनिक हो गया है और मुझे ध्यानेश्वर बाजीराव का नंबर दिया। जोशी ने बताया कि उन्होंने बाजीराव से संपर्क किया और उन्होंने वीडियो हटाने के लिए जोशी से 21,500 तथा 43,000 रुपए मांगे। साथ ही वादा किया कि पैसे उन्हें वापस मिल जाएंगे। इससे उन्हें थोड़ा भरोसा हुआ कि वे असली पुलिस वाले हैं।

उन्हें एक ईमेल भी मिला जिसमें लिखा था कि वीडियो हटा दिया गया है। पीड़ित ने बताया कि खुद को अस्थाना बताने वाले व्यक्ति और उसके गुट ने अधिक से अधिक धन वसूलने के लिए अंजलि को लेकर अजीबो गरीब कहानियां सुनाईं। साथ ही डरा धमका कर 7,34,500 रुपए वसूल लिए।

## डॉक्टर के वेश में करती थी मरीजों से अवैध वसूली

*नई दिल्ली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में डॉक्टर के वेश में मरीजों से अवैध वसूली करने वाली एक युवती को दिल्ली पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी को डॉक्टर का सफेद कोट पहनने का शौक था। शौक को पूरा करने के लिए उसने बाजार से सफेद कोट खरीदा और उसपर जूनियर रेजिडेंट फोरेंसिक और टॉक्सिकोलॉजी विभाग लिखवाया।*

*आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले की रहने वाली शुभी त्रिवेदी के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि उत्तराखंड हरिद्वार के व्यक्ति ने 18 अप्रैल को दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया है कि उसकी मुलाकात महिला से तब हुई जब वह 21 मार्च को अपनी बेटी के इलाज के लिए एम्स-दिल्ली आया था। त्रिवेदी ने डॉक्टर का कोट पहन रखा था और अस्पताल के*



*फोरेंसिक और टॉक्सिकोलॉजी विभाग में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर के रूप में अपना परिचय दिया। उसने इलाज में तेजी लाने का वादा किया और इसके बदले में 96,000 वसूल लिए और पीड़ित व्यक्ति को 10 दिनों के बाद एम्स आने के लिए कहा, लेकिन जब वह दस दिन बाद आया तो वह (महिला डॉक्टर) ना उसे अस्पताल में मिली और ना ही उससे फोन के माध्यम से संपर्क हो पा रहा था। पुलिस ने केस दर्ज जांच के दौरान पुलिस ने अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्ध का एक स्केच जारी किया। इसके उसे युवती को गत मंगलवार को एम्स ओपीडी के पास से डॉक्टर का कोट पहने हुए पकड़ा गया, जिस पर उसका नाम और नकली पदनाम था। इस बात की जांच की जा रही है कि क्या महिला ने इसी तरीके का इस्तेमाल कर और लोगों के साथ ठगी तो नहीं की है।*




## वरिष्ठ आईएएस एके सिंह होंगे सेवा विभाग के नए सचिव

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई सेवा चयन बोर्ड बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव पीके गुप्ता और सेवा सचिव आशीष मोरे भी हुए शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ए. के. सिंह दिल्ली के सेवा विभाग के नए सचिव होंगे। सिंह आशीष मोरे का स्थान लेंगे। सेवा चयन बोर्ड (सीएसबी) की बुधवार को हुई बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव पी. के. गुप्ता और सेवा सचिव मोरे भी शामिल हुए।

सीएसबी की बैठक पहले मंगलवार को होने वाली थी, लेकिन मुख्य सचिव की व्यस्तता के कारण यह नहीं हो सकी। इससे पहले, दिल्ली सरकार के सभी अधिकारियों के तबादले और तैनाती का फैसला उपराज्यपाल द्वारा किया जाता था। दिल्ली सरकार ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया था और आरोप लगाया था कि केंद्र मोरे को हटाने संबंधी उसके फैसले को लागू नहीं कर रहा है। भारत के प्रधान न्यायाधीश ने कहा था कि मामले पर गौर करने के लिए एक पीठ का गठन किया जाएगा। सीएसबी की अध्यक्षता मुख्य सचिव करते हैं। इसमें क्रमश: सदस्य और सदस्य-सचिव के रूप में अतिरिक्त मुख्य सचिव और सेवा सचिव शामिल हैं। सीएसबी दिल्ली सरकार के अधीन आईएएस अधिकारियों के स्थानांतरण से संबंधित मामलों को देखता है।

उच्चतम न्यायालय की ओर से पिछले सप्ताह आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार को स्थानांतरण-पदस्थापना पर नियंत्रण प्रदान करने के कुछ घंटों बाद ही मोरे को पद से हटा दिया गया था। दिल्ली सरकार ने अब उन्हें हटाने से संबंधित फाइल उपराज्यपाल कार्यालय को भेज दी है।

### 'राजशेखर का विवादों से पुराना नाता रहा'

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के विशेष सचिव वाई वी वी जे राजशेखर का विवादों से पुराना नाता रहा है। आप सरकार का कहना है कि राजशेखर जालसाजी और भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं। आप सरकार के अनुसार आईएएस अधिकारी कथित सीएनजी फिटनेस घोटाले सहित जालसाजी और भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं। भारद्वाज ने उन शिकायतों का हवाला देते हुए यह कदम उठाया था कि राजशेखर जबरन वसूली का रैकेट चला रहे थे।

## सरकार ने शुरू किया आई लव यमुना अभियान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




दिल्ली सरकार के वन विभाग एवं पर्यावरण विभाग द्वारा बुधवार को आइटीओ स्थित छठ घाट से आइ लव यमुना अभियान की शुरुआत की गई। पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय ने इसका शुभारंभ किया।

इस दौरान विभिन्न स्कूलों के इको क्लब से करीबन 1500 बच्चों और शिक्षकों ने भी भागीदारी दर्ज कराई। सभी बच्चों ने नदी की सफाई से संबंधित स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लिया और इसकी सफाई को लेकर महत्वपूर्ण शपथ ली। इस दौरान विभाग द्वारा सभी लोगों को मुफ्त औषधीय पौधे भी बांटे गए। राय ने इस अवसर पर पौधारोपण किया और यमुना घाट पर जाकर सफाई अभियान का निरीक्षण भी किया। गोपाल राय ने कहा कि वर्षों से रसायनों, प्लास्टिक और गैर-बायोडिग्रेडेबल प्रदूषकों की मात्रा ने नदी के पारिस्थितिक संतुलन के साथ छेड़छाड़ की है।

### आबो-हवा बेहद खराब, गोपाल ने बुलाई बैठक

नई दिल्ली। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के गंभीर श्रेणी के करीब पहुंचने के बीच दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने अपने विभाग और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की बृहस्पतिवार को बैठक बुलाई है। दिल्ली की वायु गुणवत्ता बुधवार सुबह नौ बजे बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि बैठक बृहस्पतिवार को दोपहर एक बजे होगी।

### पहली बार साफ होंगी ट्रंक सीवर लाइनें

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के इतिहास में पहली बार सभी ट्रंक (मुख्य) सीवर लाइनों की सफाई (डी-सिल्टिंग) की जाएगी। इससे सीवर लाइन के ओवरफ्लो की समस्या से पूरी तरह मुक्ति मिल जाएगी और यमुना भी साफ होगी।

साथ ही सड़क पर जलभराव भी नहीं होगा। सीएम अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि दिल्ली में पूरे सीवर सिस्टम की सफाई करने का निर्णय लिया गया है। जब से ये सीवर लाइनें डाली गई हैं तब से इनकी सफाई नहीं हुई है।

पहली बार पूरे सीवर सिस्टम की सफाई की जाएगी और आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी। इस काम को पांच भागों में बांटा जाएगा।

## छात्र अधिक होने से सीयूईटी-यूजी की परीक्षा चार दिन बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने कुछ शहरों में परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-यूजी के दिनों को बढ़ा कर चार दिन कर दिया है। सीयूईटी-यूजी की दूसरे संस्करण की परीक्षा 21 से 31 मई के बीच आयोजित होनी है।

एनटीए की वरिष्ठ निदेशक साधना पराशर ने कहा, कुछ शहरों में अभ्यर्थियों की संख्या काफी अधिक है। उनके लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के वास्ते सीयूईटी परीक्षाएं अब एक और दो जून तथा पांच और छह जून को भी होगी। सात और आठ जून को दो रिज़र्व (आरक्षित) दिन रखे गए हैं। आने वाले दिनों में एनटीए इन अतिरिक्त दिनों के लिए सिटी इंटिमेशन स्लिप जारी करेगा।

एनटीए ने यह भी स्पष्ट किया कि सिटी इंटिमेशन स्लिप ,एडमिट कार्ड के बराबर नहीं है। इस साल सीयूईटी-यूजी के लिए करीब 14 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो पिछले साल के मुकाबले 41 प्रतिशत अधिक हैं। आवेदकों की संख्या के मामले में सीयूईटी-यूजी देश की दूसरी सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है। सीयूईटी-यूजी के पहले साल 12.50 लाख छात्रों ने अपना पंजीकरण कराया था।

## हजारों गाड़ियों के बदल दिए इंजन-चेसिस नंबर

- दस साल बाद पकड़ा, वाहन चोर गिरोह का गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बरार गिरोह से करीबी संपर्क

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



समयपुर बादली इलाके से वाहन चोर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। उसने एक दशक से ज्यादा वक्त के दौरान चोरी की करीब चार हजार गाड़ियों के इंजन एवं चेसिस नंबर को बदला है।

पुलिस ने बुधवार को बताया कि गिरोह का गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बरार गिरोह से करीबी रिश्ता है। उसने बताया कि आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश में मेरठ निवासी शमीम के तौर पर हुई है। पुलिस के मुताबिक, अप्रैल में वांछित अपराधी कमल को गिरफ्तार किया गया था जिसकी निशानदेही पर शमीम के ठिकानों का पता चला। कमल ने पुलिस को बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर 800 से ज्यादा फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस और गाड़ियों के जाली पंजीकरण प्रमाण पत्र बनाए हैं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शमीम को गाड़ी का इंजन और चेसिस नंबर बदलने में महारत हासिल है। विशेष प्रकोष्ठ में पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) इंजीत प्रताप सिंह ने बताया, गुप्त सूचना पर कार्वाई करते हुए 12 मई को समयपुर बादली के संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर में छापेमारी की गई और आरोपी को पकड़ लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार



मोहन गार्डेन में उत्तराखंड महापंचायत में पदाधिकारी।

### मोहन गार्डेन में उत्तराखंड महापंचायत संपन्न

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में उत्तराखंडी जनमानस उत्तराखंड महापंचायत में आए संस्थाओं के पदाधिकारी, मातृ शक्ति, बुद्धिजीवी और समाज सेवियों ने सामाजिक व राजनीतिक भागीदारी पर चर्चा की। मोहन गार्डेन नजफगढ़ में तीसरी उत्तराखंड महापंचायत का उद्घघोष भव्य सम्मेलन के साथ सम्पन्न हुआ। अगली महापंचायत विनोद नगर में जुलाई में होनी सुनिश्चित हुई है। उत्तरांचल भ्रात्रि सेवा संस्थान से संस्थान प्रमुख हरदा उत्तराँचली, कुंदन सिंह रावत, रजवार, भगवत, नरेंदर मास्टर, कुंदन सिंह बिष्ट, हेमंत रावत, नारायण मौलेखी शयाम नेगी, हरिबूबू, रामनाथ, प्रह्लाद गुसाई, विशन हरियाला लोक गायक, जगदीश भट्ट, जैतवाल, आनंदमणी ,वीरेंदर रावत, तारा सिंह, झुंगर सिंह बिष्ट, लक्ष्मी रावत, रेखा रावत, अंजनी रावत इत्यादि पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

### एनआईओएस का ई-प्रत्यायन पोर्टल शुरू



नई दिल्ली। एनआईओएस अध्यक्ष प्रोफेसर सरोज शर्मा ने पोर्टल का उद्घाटन करते हुए सभी को आश्वासन दिया कि ई-प्रत्यायन प्रणाली पारदर्शी, समयबद्ध, विश्लेषण आधारित और निर्णय समर्थक तंत्र पर आधारित होगी। शिक्षार्थियों की सहायता करने और उन तक व्यापक रूप से पहुंचने के लिए एनआईओएस ने संस्थाओं को प्रत्यायित कर उन्हें भागीदार बनानेके लिए मौजूदा उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करने पर विचार किया है। इससे शिक्षार्थियों तक पहुंचने में बेहतर सेवाएं प्रदान करने में आ रही आरंभिक बाधाओं में भी कमी आएगी। ई-पोर्टल पर पंजीकरण प्रत्येक सत्र में, वर्ष में दो बार, दो माह के लिए किया जाएगा। इस पोर्टल पर दस्तावेज अपलोड करने, पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने, आवश्यकता आधारित सत्यापन, निरीक्षण रिपोर्ट की रिपोर्ट और अपलोड करने की सुविधा 100 प्रतिशत ऑनलाइन होगी। यह प्रणाली ओटीपी आधारित एप्लिकेशन टैकर की सुविधा प्रदान करती है जो प्रत्येक स्तर पर आवेदन की स्थिति दर्शाएगी।

### धर्मेश शर्मा बने हाई कोर्ट के अतिरिक्त न्यायधीश

नई दिल्ली। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा को दिल्ली उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के तौर पर बुधवार को पद की शपथ दिलाई गई जिससे अदालत में न्यायाधीशों की संख्या अब 48 हो गई है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा ने अन्य न्यायाधीशों और वकीलों की उपस्थिति में अदालत परिसर में शपथ ग्रहण समारोह में न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा को शपथ दिलाई। केंद्र ने 15 मई को उनकी नियुक्ति को लेकर अधिसूचना जारी की थी। केंद्रीय कानून मंत्रालय में न्याय विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा को दो साल की अवधि के लिए अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की गई थी। उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने पिछले महीने उनके नाम की सिफारिश करते हुए कहा था कि निर्णय मूल्यांकन समिति ने उनके द्वारा लिखे गए फैसलों को उत्कृष्ट करार दिया है। न्यायाधीश यानी स्थाई न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने से पहले आम तौर पर दो साल की अवधि के लिए अतिरिक्त न्यायाधीशों के तौर पर नियुक्ति की जाती है। उच्च न्यायालय में वर्तमान में 10 महिला न्यायाधीशों सहित 48 न्यायाधीश हैं, जबकि कुल 60 न्यायाधीशों की नियुक्ति की जा सकती है।

## रैपिडएक्स ट्रेन में एक कोच होगा महिलाओं के लिए आरक्षित

### छोटे बच्चों के साथ यात्रा कर रही महिलाओं को स्टेशन पर डायपर बदलने की भी सुविधा

- अन्य डिब्बों में भी आधी आबादी के लिए 10 अतिरिक्त सीटें सुरक्षित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम, दिल्ली-गाजियाबाद और मेरठ कॉरिडोर पर रैपिडएक्स ट्रेनों का परिचालन शुरू करने की योजना को अंतिम रूप से देने में जुटा है।

इस कॉरिडोर पर सहिबाबाद से दुहाई तक का प्रायोरिटी सेक्शन है। इस सेक्शन पर रेलवे लाइन बन कर तैयार है। उम्मीद है कि अगले महीने से इस लाइन पर रैपिडएक्स दौड़ने लगेगी। इसके मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम ने महिलाओं के लिए सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली से मेरठ की ओर जाने वाली ट्रेन का दूसरा कोच यानी प्रीमियम कोच के ठीक बाद वाला कोच महिलाओं के लिए आरक्षित होगा, जबकि मेरठ से दिल्ली की तरफ आने वाली ट्रेन का अंतिम दूसरा कोच, यानी प्रीमियम कोच से ठीक पहले वाला कोच महिलाओं के लिए रिजर्व होगा। महिला कोच की पहचान करने के लिए प्रत्येक स्टेशन के प्लेटफार्म पर और ट्रेन के दरवाजों के खुलने के स्थान पर साइन या संकेतक लगाए गए हैं।

इस आरक्षित महिला कोच में 72 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। इसके साथ ही, ट्रेन के अन्य डिब्बों में भी आधी आबादी के लिए 10 अतिरिक्त सीटें सुरक्षित रहेंगी। इसके अलावा छोटे बच्चों के साथ यात्रा कर रहे महिलाओं की सुविधा का खास ध्यान रखा जाएगा।

हर उस स्टेशन पर जिसे अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों के साथ एकीकृत किया गया है, वहाँ के स्टेशन पर डायपर बदलने की सुविधा होगी। राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम सहिबाबाद से दुहाई तक का प्रायोरिटी सेक्शन पर अगले महीने से ट्रेनों का परिचालन शुरू करने की योजना बना रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि हर रैपिडएक्स ट्रेन में एक ट्रेन अटेंडेंट की नियुक्ति भी की जाएगी जो यात्रियों को ट्रेन में उपलब्ध सुविधाओं से परिचित कराने और उनकी सुरक्षित यात्रा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह ट्रेन अटेंडेंट प्रीमियम कोच में तैनात रहेगा और आवश्यकतानुसार जरूरतमंद यात्रियों की सहायता करेगा। एनसीआरटीसी का प्रयास है कि महिलाएँ अपनी यात्रा के दौरान सुरक्षित महसूस करें, चाहे वे अकेले यात्रा कर रही हों या किसी के साथ। इसे सुनिश्चित करने के लिए स्टेशन परिसर और उसके आसपास चौबीसों घंटे निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

साथ ही विभिन्न गतिविधियों पर नजर रखने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है।

### स्टेशनों पर पिक-अप और ड्रॉप क्षेत्र बनाये

**यात्रियों के लिए यात्रा को सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने के लिए स्टेशनों पर डेडिकेटेड स्टेशन पिक-अप और ड्रॉप क्षेत्र बनाए गए हैं। रैपिडएक्स स्टेशनों तक और वहाँ से यात्रियों के गंतव्य तक उनकी यात्रा को सुगम बनाने के लिए एनसीआरटीसी ने कई फर्स्ट, लास्ट कनेक्टिविटी प्रदाताओं के साथ करार किया है।**

## एल्डरमैन की नियुक्ति पर कोर्ट की एलजी पर सख्त टिप्पणी

- शीर्ष अदालत ने हैरानी जताई- क्या नामांकन केंद्र के लिए बड़ा चिता का विषय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि उपराज्यपाल को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में एल्डरमैन नामित करने का अधिकार देने का मतलब है कि वह निर्वाचित नगर निकाय को अस्थिर कर सकते हैं और शीर्ष अदालत ने साथ ही इस बात पर हैरानी जताई कि क्या यह नामांकन केंद्र के लिए इतना बड़ा चिंता का विषय है।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में एल्डरमैन को नामित करने के उपराज्यपाल के अधिकार को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखते हुए यह बात कही। एमसीडी के 250 निर्वाचित और 10 नामित सदस्य हैं। आम आदमी पार्टी (आप) ने पिछले साल दिसंबर में हुए नगर निकाय चुनाव में 134 वार्ड में जीत हासिल की थी और एमसीडी में भारतीय जनता पार्टी के 15 साल के शासन को खत्म कर दिया था। चुनाव में भाजपा ने 104 सीट जीतीं और कांग्रेस ने नौ सीट अपने नाम कीं।

# आमजन की अपेक्षाओं को समझ कर सेवाभाव से कार्य करें अधिकारी

## मुख्य सचिव ने हिपा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे एचसीएस अधिकारियों का किया मार्गदर्शन

## कहा, एक अधिकारी की आम जन के मध्य छवि उत्कृष्ट कार्यों से बनती है

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम स्थित हिपा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे एचसीएस अधिकारियों को संबोधित करते मुख्य सचिव संजीव कौशल।

**हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने यहां हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) में वर्ष 2023 बैच के एचसीएस अधिकारियों, सैनिक व अर्ध सैनिक बल के वेलफेयर अधिकारियों व इंडियन टेलिकम्युनिकेशन सर्विसेस के अधिकारियों से मुलाकात की। उन्हें अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनका मार्गदर्शन किया।

मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक अधिकारी की आम जन के मध्य छवि उनके उत्कृष्ट कार्यों से बनती है। सिविल सेवा में अधिकारियों को विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का अवसर प्राप्त होता है। आम आदमी की आपसे बहुत अपेक्षायें हैं, आपका दायित्व है कि आप अपनी जिम्मेदारी को समझें और सेवाभाव से कार्य करें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अपनी छवि को बेहतर बनाने के लिये अपनी उत्कृष्ट सेवायें प्रदान करने पर ध्यान केन्द्रित करते हुये निष्पक्षता एवं पारदर्शिता से कार्य करना चाहिए। मुख्य सचिव ने कहा कि आपकी सुगमता ही आमजन खुशहाली का मुख्य कारक है। ऐसे में सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा आमजन को दी जा रही शासकीय योजनाओं का लाभ लोग आसानी से प्राप्त कर सकें, इसके लिए आपको सदैव प्रयत्नशील रहना होगा।

कौशल ने कहा कि देश व प्रदेश में बहुत तेजी से बदलाव हो रहे हैं। कार्य संस्कृति में बदलाव आया है। इस बदलते हुये परिवेश के अनुसार स्वयं को ढालना होगा, अन्यथा परिवर्तन के दौर में हम पीछे छूट जायेंगे। आज लोग कम्यूनिकेशन और टेक्नोलॉजी को लेकर अत्यधिक जागरूक हैं। ऐसे में स्वयं को नवीनतम तकनीक एवं जानकारी से हमेशा अपडेट रखें। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का हल जल्द से जल्द हो इसके लिए आपको सदैव आमजन के साथ जुड़ाव रखना होगा। मुख्य सचिव ने कहा कि बेहतर अधिकारी वही है जो जनता के बीच जाकर संवाद स्थापित करता है। मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों से आह्वान किया कि वे जीवन मे सीखने की ललक कभी ना छोड़ें, क्योंकि सीखने की प्रक्रिया आपको हमेशा धरातल की सच्चाई से अवगत कराती रहेगी। कार्यक्रम में हिपा की महानिदेशक चंद्रलेखा मुखर्जी ने बताया कि हरियाणा सिविल सेवा के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे इन एचसीएस अधिकारियों के बैच में 7 डॉक्टर हैं, 8 अधिकारी कला पृष्ठभूमि से हैं और 32 अधिकारी विज्ञान पृष्ठभूमि से हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय दूरसंचार सेवा के 12, भारतीय रेडियो नियामक सेवा के 2 व अर्ध सैनिक विभाग के 12 कल्याण अधिकारी भी शामिल है। हिपा द्वारा प्रत्येक वर्ष करीब 500 पाठ्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिसमें औसतन 15000 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। कार्यक्रेम में हिपा की एडिशनल डायरेक्टर आशिमा सांगवान, अस्सिटेंट डायरेक्टर रेखा दहिया, ज्वायंट डायरेक्टर जितेंद्र व मोहिंदर कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## गुरुग्राम-द्वारका एक्सप्रेस-वे का नितिन गडकरी आज करेंगे दौरा

**गुरुग्राम।** नौ हजार करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले गुरुग्राम-द्वारका एक्सप्रेस-वे का गुरुवार 18 मई को केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी दौरान करेंगे। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि इस एक्सप्रेसवे के गुरुग्राम भाग का निर्माण करीब-करीब पूरा होने को है। द्वारका एक्सप्रेस-वे के खेड़की दौला चौक पर ऑलओवर लीफ का कार्य पूरा हो चुका है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि द्वारका एक्सप्रेसवे गुरुग्राम भाग का शुभारंभ होने के बाद नए सेक्टरों व द्वारका एक्सप्रेस-वे से जुड़े ग्रामीणों का सफर सुहाना हो सकेगा। गुरुग्राम के लोगों को दिल्ली पहुंचने का वैकल्पिक मार्ग भी मिलेगा।

**शुरू में 7 हजार करोड़, अब बढ़कर 9 हजार करोड़ हुई लागत:** द्वारका एक्सप्रेसवे का निर्माण शुरू हुआ, तब इसकी लागत 7 हजार करोड़ पर थी, लेकिन पूरा होते-होते निर्माण कार्य की लागत 9 हजार करोड़ों पर पहुंच गई। राव इंद्रजीत ने बताया कि 29 किलोमीटर लंबाई वाले द्वारका एक्सप्रेस-वे का हरियाणा क्षेत्र वाले हिस्से (18.9 किमी) का निर्माण अंतिम चरण में है। गुरुग्राम को नई दिल्ली तक आवागमन के लिए बेहतर विकल्प मिलेगा। यह देश का पहला एलिवेटेड अर्बन एक्सप्रेस वे होगा।

# स्टिल्ट प्लस चार फ्लोर प्लान को लेकर गठित एक्सपर्ट कमेटी ने विभागों से मांगे सुझाव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


हरियाणा सरकार द्वारा आवासीय भूखंडों में स्टिल्ट प्लस चार फ्लोर को लेकर गठित एक्सपर्ट कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक लेते कमेटी के अध्यक्ष पी. राघवेंद्र राव।

**हरियाणा** सरकार द्वारा आवासीय भूखंडों में स्टिल्ट प्लस चार फ्लोर को लेकर गठित एक्सपर्ट कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक हुई। एक्सपर्ट कमेटी के अध्यक्ष पी. राघवेंद्र राव ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए आवासीय भूखण्डों के भवन नक्शों की अनुमति देने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर स्टिल्ट प्लस चार फ्लोर प्लान से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा कर उनसे उनके सुझाव मांगे।

दो सत्रों में आयोजित इस बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ आरडब्ल्यूए व विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ विषय को व्यापक चर्चा की गई। कमेटी के अध्यक्ष पी. राघवेंद्र राव ने पहले सत्र की बैठक में सभी विभागों से अपने सुझाव अगले एक सप्ताह के भीतर कमेटी के पास लिखित रूप में भेजने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की ओर से जो भी रिपोर्ट बनाई जाए, उसमे वर्तमान परिस्थितियों का ध्यान रखते हुए इन बिंदुओं का उल्लेख अवश्य किया जाए कि क्या किसी सेक्टर में आगे इस प्लान के तहत अनुमति दी जाए या नहीं। इसके साथ ही आज की जो स्थिति है, उसमें भी मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने की आवश्यकता है या नहीं। प्लान को मंजूरी देने के बाद पर्यावरण पर क्या प्रभाव रहेगा। साथ ही प्लान के तहत बनने वाली बिल्डिंग की स्ट्रक्चरल सेफ्टी कैसे सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में यह भी बताया जाए कि यदि आवासीय भूखंडों में नए स्टिल्ट प्लस चार फ्लोर प्लान को मंजूरी दी जाती है, तो उसकी शिकायतों के निवारण के लिए जिला स्तर पर ग्रीवेंस कमेटी की आवश्यकता है या नहीं। राघवेंद्र राव ने कहा कि जिला प्रशासन अपनी रिपोर्ट तैयार करने के लिए किसी एजेंसी को हायर करने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन व एचएसवीपी अपनी अलग अलगअथवा संयुक्त रिपोर्ट भेज सकते हैं। इसी प्रकार जीएमडीए व नगर निगम भी अलग अथवा अपनी संयुक्त रिपोर्ट भेज सकते हैं।

### प्रदेश के नागरिकों से प्लान को लेकर मांगे थे सुझाव

**इस** विषय को लेकर दूसरे सत्र में एक्सपर्ट कमेटी ने आरडब्ल्यूए व विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से भी चर्चा की। पी राघवेंद्र राव ने बताया कि कमेटी के द्वारा 21 मार्च से 13 अप्रैल के बीच प्रदेश के नागरिकों से प्लान को लेकर सुझाव आमंत्रित किए थे। जिसमें कमेटी के पास करीब 26 हजार सुझाव पहुंचे थे। उन सुझावों के आधार पर कमेटी ने यूनाइटेड गुरुग्राम आरडब्ल्यूए, मेकिंग मॉडल गुरुग्राम फेडरेशन, नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट कॉउंसिल व कंफेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवेलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर प्लान से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर उनके साथ चर्चा की।

# सीकरी के प्रयासों से हनुमान चालीसा के अब तक पाठ 172600 हुए

## बच्चों को संस्कारवान बनाना मुहिम का मुख्य उद्देश्य

**गुरुग्राम।** श्रीगीता आश्रम ज्योति पार्क में हनुमान भक्तों को बोधराज सीकरी ने चखाया भक्तिरस का स्वाद, रामायण और हनुमान चालीसा की तुलनात्मक विवेचना कर जय शब्द का अर्थ समझाया। श्रीगीता आश्रम ज्योति पार्क में डॉ. स्वामी दिव्यानंदजी महाराज की अध्यक्षता में समाजसेवी बोधराज सीकरी द्वारा लिए गए संकल्प के तहत श्री हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया गया। श्रीहनुमान चालीसा के पाठ से पूर्व महाराजजी द्वारा आश्रम में 750 से अधिक उपस्थित भक्तों को दिव्य एवं सारगर्भित शास्त्रों के माध्यम से अपार भक्ति ज्ञान की चर्चा की गई।

गीता के दूसरे अध्याय के 11वें श्लोक की व्याख्या की और उपासना का गहन अर्थ समझाया। यह कार्यक्रम सांय 6:30 बजे से रात्रि 8:00 तक चला। इसके बाद स्वामीजी ने हनुमानजी की भव्य भक्ति और शक्ति का ज्ञान दिया। बोधराज सीकरी ने रामायण और हनुमान चालीसा पाठ की तुलनात्मक तरीके से विवेचना कर जय शब्द का


गुरुग्राम स्थित श्रीगीता आश्रम ज्योति पार्क में बोधराज सीकरी को सम्मानित करते डॉ. स्वामी दिव्यानंदजी महाराज।

गहरा अर्थ समझाया। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाना है। प्रभु हनुमान की पूजा अर्चना उपरांत गजेंद्र गोसाई द्वारा महाराज को दंडवत प्रणाम करते हुए उनसे आशीर्वाद लेकर व बोधराज सीकरी से चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेकर श्री हनुमान चालीसा के पाठ का संगीतमय रुप से पाठ प्रारम्भ किया गया। उनके साथ पंडित भीम दत्त ज्योतिषाचार्य, पंडित रमाकांत एवं देवेंद्र ने साथ दिया। गजेंद्र गोसाई द्वारा इस कार्यक्रम में सभी को साथ लेकर बिना विश्राम लिये 10 बार श्रीहनुमान चालीसा के पाठ किये गये।

# जेजेपी के नव-नियुक्त जिला अध्यक्ष श्योचंद यादव का हुआ स्वागत

## पार्टी में दर्जन भर से ज्यादा समाजसेवी लोग जुड़े

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में जननायक जनता पार्टी के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष श्योचंद यादव का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**जननायक** जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रचार सचिव एवं प्रवक्ता दलबीर धनखड़ के कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने नव नियुक्त जिला अध्यक्ष श्योचंद यादव का स्वागत किया। दलबीर धनखड़ ने जिला अध्यक्ष श्योचंद यादव को पगड़ी पहना कर सम्मानित किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूलमालाएं पहनाकर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर नव नियुक्त जिला अध्यक्ष श्योचंद यादव ने पार्टी के राष्ट्रिय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह व सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को वो पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। वे पार्टी के प्रत्येक वर्कर को साथ लेकर जिले में पार्टी के प्रचार-प्रसार के लिए काम करेंगे।

इस अवसर पर पार्टी की महिला सेल की प्रवक्ता विभा पाण्डेय के प्रयासों से पालम विहार व आसपास के सामाजिक कार्यकर्ता महिलाओं व पुरुषों ने पार्टी जननायक जनता पार्टी ज्वाइन की। जिला अध्यक्ष श्योचंद यादव ने सभी को पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी में उनका स्वागत किया। जजपा में शामिल होने वालों में मुख्य रहे अन्नू आनंद, कमलेश, पूनम, रूचि ठाकुर, रजनी सूद, मोनिका मेहता, मुकेश सिंगला, ई हरिदासन, ओम प्रकाश मोर व आशीष आदि ने पार्टी ज्वाइन की।

# नुरे भारत नेटवर्क लॉन्च करेगा सुपरऐप 'पीपोनेट', रेलटेल के रेलवे स्टेशन वाईफाई नेटवर्क द्वारा जुड़ेंगे उपभोक्ताओं से विज्ञापनदाता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एक** अग्रणी डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और टेक्नॉलॉजी सॉल्यूशंस प्रदाता, 3आई इन्फोटेक लिमिटेड, एफआईएसएसटी और यलो इंक के बीच एक संयुक्त उपक्रम, नुरे भारत नेटवर्क ने आज मोबाईल ऐप-पीपोनेट के लॉन्च की घोषणा की। रेलवे मंत्रालय के अंतर्गत एक मिनी रत्न पीएसयू, रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, ने कंसोर्टियम के साथ साझेदारी की है, जिसका नेतृत्व 3आई इन्फोटेक द्वारा किया जा रहा है, ताकि भारतीय रेलवे के नेटवर्क में इसके सार्वजनिक वाईफाई से कमाई सुनिश्चित हो सके।

भारतीय रेल एशिया में सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है, जिससे प्रतिदिन 2.3 करोड़ यात्री सफर करते हैं, और 15 लाख से ज्यादा यात्री प्रतिदिन 6109 स्टेशनों पर रेलटेल द्वारा प्रदान किए जा रहे वाईफाई नेटवर्क पर लॉग इन करते हैं। पीपोनेट ऐप (रेलटेल द्वारा पॉवर्ड) यूज़र्स को इंटीग्रेटेड सेवाएं, जैसे ई-टिकट, यात्रा और ठहरने के लिए आरक्षण, पोर्टर की बुकिंग, गाना, इन्फोटेनमेंट, एडुटेनमेंट, ओटीटी चैनल और विभिन्न हैल्पलाईन सेवाएं प्रदान करेगा। पीपोनेट भारत के कारीगरों को भारत और विश्व में अपने उत्पाद बेचने के लिए एक ई-कॉमर्स मंच भी प्रदान करेगा। नुरे भारत नेटवर्क के डिजिटल मार्केटिंग के प्रयासों द्वारा आज होने वाले लॉगइन्स की संख्या 15 लाख से बढ़कर 1.1 करोड़ हो जाएगी, इसलिए भारत के विक्रेताओं के लिए व्यापारिक अवसरों में भारी वृद्धि होगी और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। इस अभियान में देश में सभी बड़े, मध्यम और छोटे विज्ञापनदाताओं को देश की आबादी से जोड़ने की जरूरत और फायदों को देखा गया है। पीपोनेट से जुड़ने के बाद विज्ञापनदाताओं को भारत में ग्रामीण, अर्द्धशहरी और शहरी इलाकों में टियर 1, 2, 3 और 4 क्षेत्रों के लोगों से संपर्क करने में मदद मिलेगी। विज्ञापनदाताओं को प्रदर्शन बैनर विज्ञापन, वीडियो बैनर विज्ञापन, इंटरस्टिशियल विज्ञापन, और कैरूज़ल विज्ञापन सहित विभिन्न विमाओं और प्रारूपों में अपने विज्ञापन के लिए अनेक विकल्प मिलेंगे। इस लॉन्च के बारे में श्री सैक्स कृष्णा, चीफ एग्जिक्यूटिव ऑफिसर, नुरे भारत नेटवर्क ने कहा, ''नुरे भारत नेटवर्क के लॉन्च के साथ हम देश की भलाई का बड़ा लक्ष्य पूरा करना चाहते हैं। वाईफाई की पहुंच सुरक्षित रहेगी; इसलिए हम भारतीय आबादी को स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा एवं अन्य सेवाएं भी प्रदान कर सकेंगे। हम खासकर टियर 3 और 4 शहरों में जनसमूह तक इंटरनेट पहुंचाकर लोगों को सशक्त बनाना और उनके लिए बड़ी संभावनाओं के द्वार खोलना चाहते हैं। इंटरनेट के साथ सैकड़ों संभावनाएं आती हैं, और हमारा उद्देश्य उन सभी को सुरक्षित और सोची-समझी विधि का उदाहरण प्रस्तुत करना है, जो वर्तमान में गतिशील रहने के दौरान तेज गति का इंटरनेट प्राप्त नहीं कर पाते हैं।'' संजय कुमार, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, रेलटेल ने कहा, ''हमें पीपोनेट का लॉन्च करने की बहुत खुशी है, और हम पूरे भारत को इस अपार क्षमता के मंच पर लाने के लिए उत्साहित हैं। शहरी और ग्रामीण भारत के बीच डिजिटल अंतर को दूर करना हमारे प्रमुख उद्देश्यों में से एक है। हमारा स्टेशन वाई-फाई नेटवर्क देश के कोने-कोने में है, और यह सहयोग इसकी पूरी क्षमता को सामने लेकर आएगा। हम इस सामाजिक-आर्थिक अन्वेषण की ओर तत्परता से प्रयास करने के लिए 3आई इन्फोटेक और कंसोर्टियम के अन्य सदस्यों को बधाई देते हैं।''

# ट्रस्टलैब ने उत्तर भारत में हाई-टेक डायग्नोस्टिक के लिए एनकेवी पाथ लैब से मिलाया हाथ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**ट्रस्टलैब** डायग्नोस्टिक्स ने एनकेवी पाथ लैब, गुरुग्राम से हाथ मिलाया है। ट्रस्टलैब डायग्नोस्टिक्स एक क्लीनिकल रेफरेंस लैबोरेटरी है, जिसका मुख्यालय हैदराबाद में है। यह एनएबीएल प्रमाणित लैब है। इस गठजोड़ से ट्रस्टलैब को अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी।

एक कार्यक्रम के दौरान समझौते पर हस्ताक्षर करते हुए इस गठजोड़ की घोषणा की गई। आठ शहरों में ट्रस्टलैब के साथ 300 से ज्यादा नेटवर्क पार्टनर जुड़े हैं। थोड़े ही समय में ट्रस्टलैब डायग्नोस्टिक्स ने स्वयं को भरोसेमंद टेस्टिंग सेंटर के रूप में स्थापित किया गया है। सक्षम विभाग, अनुभवी फैकल्टी, सटीक जांच और टेस्ट रिपोट की तत्काल डिलीवरी के दम पर ट्रस्टलैब ने दक्षिण भारतीय शहरों में अपनी उपस्थिति को मजबूत किया है।

ट्रस्टलैब ने हाल ही में अनंतपुर, आंध्र प्रदेश में केयर एंड क्योर हॉस्पिटल्स में हाई-टेक रीजनल लैब खोला है। मई, 2021 में पैथोलॉजी सेंटर के रूप में एनकेवी पाथ लैब्स प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की गई थी। इसे किफायती मूल्य पर अपने हेल्थ चेक-अप पैकेज और अन्य डायग्नोस्टिक टेस्ट के लिए जाना जाता है। ट्रस्टलैब के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर वेंकट सुमन चेरुकुरी ने इस गठजोड़ को देश के ज्यादा से ज्यादा लोगों को सर्विस देने की दिशा में अहम कदम बताया। इस गठजोड़ को लेकर उन्होंने कहा, %हम इस गठजोड़ को लेकर प्रसन्न हैं।

अब हम एनकेवी पाथलैब के इन्फ्रास्ट्रक्चर की मदद से बड़े पैमाने पर लोगों को हाई क्वालिटी डायग्नोस्टिक सर्विस दे सकेंगे। एनकेवी पाथ लैब्स के प्रोपरारइटर डॉ. वरुण कुमार ने कहा, हम इस गठजोड़ को लेकर उत्साहित हैं। हमारे पास प्रशिक्षित स्टाफ के साथ संचालित हो रही लैब है और इस गठजोड़ के माध्यम से हम अपनी सेवाओं को और बेहतर कर सकेंगे।

# पेयजल की बर्बादी करने वालों पर सख्त हुआ प्रशासन

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**पेय** जल बर्बादी करने वालों पर विभाग की तरफ से जुर्माने के साथ सख्त करवाई की जाएगी। उपमंडल अभियंता मेनपाल बेनीवाल के मार्गदर्शन व गठित टीम कनिष्ठ अभियंता जिला सलाहकार खण्ड समन्वयक पंप ऑपरेटर की टीम ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर खुले में चलने वाले पानी के कनेक्शनों का पता लगा रही है। मौके पर टीम को खुला बहता हुआ पानी व अवैध कनेक्शन मिला तो तीन दिन के नोटिस के बाद भी दुरुस्त नही करवाया तो पांच हजार रुपये जुर्माना व कनेक्शन को तुरंत प्रभाव से काट दिया जाएगा।

बुधवार को जिले में फरूखनगर ब्लॉक के गांव दाबोदा में सरपंच बीरमति व ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की अध्यक्षता व जिला सलाहकार संजय कुमार के नेतृत्व में गांव दाबोदा में सर्च अभियान चलाया गया। खुले में बहते नल मिलने पर उपभोगता को मौके पर नोटिस दिया गया व कनेक्शन पर टोंटी (टैप) लगाने के आदेश दिए। अगर तीन दिन के नोटिस के बाद अवैध कनेक्शन


गुरुग्राम के गांव डाबोदा में अवैध कनेक्शन व बहते नल को लेकर सर्च अभियान के दौरान बहते पानी को लेकर कार्रवाई करती टीम।

मिला वा दुरुस्त कनेक्शन नहीं मिला तो बिना नोटिस दिए कनेक्शन काट दिया जाएगा और जुर्माना वसूला जाएगा। इसी के साथ ही निजी लीकेज, अवैध कनेक्शन या प्लाट में चारा वा सब्जी उगाने वालों को भी नोटिस दिए गए व उन पर भी उचित करवाई की जाएगी।

इस मौके पर विभाग की टीम में खण्ड समन्वयक गुरबाज सिंह, राजकुमार व समाज शास्त्री खुशबू, किरण, सुरेंद्र कुमार, योगेंद्र सिंह बाजवा, स्नेहलता, जिला प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर राजीव, ग्राम जल सीवरेज समिति से सरपंच बिरमती, सुरेंद्र उर्फ बाबू सत्य नारायण, आशा वर्कर पूनम, सुनीता, आंगन वाड़ी समोती, चौकीदार दिलसुख, नाहर सिंह, रमेश कुमार, गोपीचंद ओमप्रकाश, विजय पाल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# इंटरनेशनल डे ऑफ फैमिलीज 2023 पर स्क्रिपबॉक्स सर्वे के अनुसार, 75% भारतीय परिवार एक साथ करते है वित्त पर चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

scripbox

**स्क्रिपबॉक्स,** भारत की लीडिंग डिजिटल वेल्थ मैनेजर, ने अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के मौके पर भारतीय परिवारों में वित्तीय जागरूकता के बारे में बदलती मानसिकता पर अपने अपने सर्वेक्षण के परिणाम जारी किए। उनके हाल ही में संपन्न सर्वेक्षण के अनुसार, लोगों के लिए वित्तीय मामलों पर 64% बातचीत 35+ आयु, मासिक बजट और खर्च पर केंद्रित करते हैं, जबकि नए निवेश और बड़ी खरीदारी क्रमश: 60% और 54% होती है।

35+ आयु वर्ग के लोगों में, एक परिवार के रूप में एक साथ वित्तीय योजना बनाने के लाभों के बारे में पूर्ण सहमति है। सर्वेक्षण में शामिल 60% से अधिक लोगों ने कहा कि यह वर्तमान वित्त की बेहतर समझ की ओर ले जाता है, 58% ने कहा कि यह एक साथ वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने की क्षमता को बढ़ाता है, और 51% का मानना है कि यह परिवार के सदस्यों के बीच अधिक विश्वास और समझ को बढ़ावा देता है। लेकिन यहां एक मोड़ है। हालाँकि सामान्य वित्तीय मामलों पर अधिक पारिवारिक चर्चाएं हो रही हैं, फिर भी निवेश निर्णय लेने में सीमाएँ बनी हुई हैं। केवल 38% ओल्ड कपल्स (35 वर्ष से ऊपर) की तुलना में युवा जोड़े (35 वर्ष से कम) निवेश (47%) पर चर्चा करने में अधिक सहज हैं। लोग निवेश के बारे में कितनी बार बात करते हैं, इसके संदर्भ में इसी तरह के पैटर्न दिखाई दे रहे हैं। 60% युवा भारतीय (35 से कम), 35 से ऊपर के 42% की तुलना में नियमित रूप से चर्चा करते हैं। सर्वेक्षण के अनुसार, प्राथमिक कारण (28%) लोग अपने परिवार के साथ निवेश की चर्चा नहीं करते हैं, वित्तीय ज्ञान की कमी है। 26% उत्तरदाताओं ने बताया की आलोचना के डर के कारण भी वह वित्तय चर्चा से दूर रहना पसंद करते है।

दिलचस्प बात यह है कि सर्वेक्षण में शामिल लगभग 60% लोगों ने पुष्टि की कि उनके परिवार उनके निवेश खातों, पासवर्ड, बैंक खातों और बीमा पॉलिसियों के बारे में जानकारी रखते हैं। यह संकेत देता है कि कैसे कोविड ने लोगों को उनकी मृत्यु दर का एहसास कराने में मदद की है और उन्हें वित्तीय जानकारी तक पहुंचने के महत्व को समझा है।

# आईआईएफएल फाइनेंस व्हाट्सऐप पर 10 लाख रु. तक का बिजनेस लोन दे रहा है

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा





**आईआईएफएल** फाईनेंस तीव्र अनुमोदन के लिए व्हाट्सऐप पर ग्राहकों को 10 लाख रुपये तक का बिजनेस लोन दे रहा है। व्हाट्सऐप पर आईआईएफएल फाईनेंस का बिजनेस लोन एमएसएमई लेंडिंग उद्योग में अपनी तरह का पहला अभियान है, जहां लोन के आवेदन से डिस्बर्सल तक का पूरा काम 100 फीसदी डिजिटल होता है। भारत में व्हाट्सऐप के 450 मिलियन से ज्यादा ग्राहक आईआईएफएल फाईनेंस से 24/7 एंड-टू-एंड डिजिटल लोन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।

आईआईएफएल फाईनेंस के व्हाट्सऐप लोन उत्पादों को शक्तिशाली एआई-बॉट की मदद मिलती है, जो लोन के ऑफर का मिलान यूज़र्स के इनपुट से करता है, और उन्हें आवेदन की सुविधा प्रदान करता है। व्हाट्सऐप के यूज़र्स 9019702184 पर ''हाय'' लिखकर भेजकर व्हाट्सऐप पर आईआईएफएल फाईनेंस से लोन लेने की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। उन्हें आवश्यक पेपरलेस प्रक्रिया पूरी करनी होगी और फंड तेजी से उनके खाते में आ जाएगा। आईआईएफएल फाईनेंस में बिज़नेस हेड, अनसिक्योर्ड लेंडिंग, भरत अग्रवाल ने कहा, ''आईआईएफएल फाईनेंस ने लोन के आवेदन और डिस्बर्सल की कठिन प्रक्रिया को व्हाट्सऐप पर आसान पेपरलेस प्रक्रिया द्वारा आसान बना दिया है। छोटे उद्यमियों पर केंद्रित होकर हमने व्हाट्सऐप उत्पाद पर यह अभिनव इंस्टैंट बिज़नेस लोन शुरू किया है।'' आईआईएफएल फाईनेंस इस समय अपने व्हाट्सऐप लोन चैनल द्वारा 1 लाख एमएसएमई क्रेडिट निवेदनों को सेवाएं देने में सक्षम है। आज टैक्स्ट, चैट, और ट्वीट की ऑम्नीचैनल दुनिया में मर्चैंट बिजनेस के साथ उसी तरह से कनेक्ट होना चाहते हैं, जैसे वो अपने परिवार और दोस्तों के साथ कनेक्ट होते हैं। भारतीयों को व्हाट्सऐप पर चैट करना पसंद है, जो आसान और सुविधाजनक है।

# पेपर और पेपरबोर्ड का आयात 47 प्रतिशत बढ़ा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**भारत** में पेपर और पेपरबोर्ड का आयात 47 प्रतिशत के उछाल के साथ वित्त वर्ष 2021-22 के 7,839 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 में 11,513 करोड़ रुपये हो गया। बीते वर्ष के दौरान चीन से आयात में 112 प्रतिशत और आसियान देशों से 97 प्रतिशत की भारी भरकम वृद्धि हुई है। ऐसा डायरेक्टरेट जनरल ऑफ कमर्शियल इंटेलीजेंस एंड स्टैटिस्टिक्स (डीजीसीआईएंडएस) की ओर से जारी नवीनतम आंकड़ों में दर्शाया गया है।

इंडियन पेपर मैन्युफेक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएमए) के प्रेसिडेंट पवन अग्रवाल के अनुसार, पर्याप्त घरेलू उत्पादन क्षमता के बावजूद पिछले तीन वर्षों में भारत में पेपर और पेपरबोर्ड का आयात तेज गति से बढ़ा है। जहां घरेलू उद्योग कच्चे माल और बिजली की बढ़ती कीमतों के कारण प्रतिस्पर्धी लागत पर पेपर और पेपरबोर्ड के उत्पादन के लिए जूझ रहा है। वहीं आसियान, दक्षिण कोरिया और जापान से मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के तहत शून्य आयात शुल्क के चलते देश में बड़ी मात्रा में पेपर और पेपरबोर्ड का आयात काफी कम लागत पर हो रहा है। इसी तरह एशिया प्रशांत व्यापार समझौते (एपीटीए) के तहत चीन से तरजीही आयात शुल्क भी सस्ते आयात का कारण है। भारत में शून्य/निम्न आयात शुल्क दरों के कारण ये देश अपनी अतिरिक्त इन्वेंट्री को डायवर्ट करने के लिए भारत को एक आकर्षक गंतव्य के रूप में देखते हैं। पवन अग्रवाल ने आगे कहा कि शुल्क मुक्त आयात के कारण घरेलू कागज उद्योग पर पड़ने वाले समग्र नकारात्मक प्रभाव के साथ ही इससे भारत में अधिकांश छोटी और मध्यम पेपर मिलें व्यावसायिक रूप से अव्यवहार्य होती जा रही हैं, साथ ही पेपर मिलों को लकड़ी की आपूर्ति करने और कृषि वानिकी में लगे हजारों किसानों की आजीविका भी खतरे में पड़ रही है। यह ''मेक इन इंडिया'', ''आत्मनिर्भर भारत'' और ''वोकल फॉर लोकल'' के प्रयासों के विपरीत है। आईपीएमए के महासचिव रोहित पंडित ने कहा कि मौजूदा एफटीए की समीक्षा करते समय और नए एफटीए करते हुए घरेलू उद्योग को समान अवसर प्रदान करने के लिए पेपर और पेपरबोर्ड को आयात शुल्क में किसी तरह की तरजीह दिए बिना एक्सक्लूजन लिस्ट में रखा जाना चाहिए। इसके अलावा, डायरेक्टरेट जनरल ऑफ ट्रेड रेमेडीज (डीजीटीआर) द्वारा सिफारिश के आधार पर विभिन्न ग्रेड के पेपर के आयात पर उपयुक्त सेफगार्ड, एंटी-डंपिंग और काउंटरवेलिंग शुल्क भी लगाया जाना चाहिए। आईपीएमए ने सरकार द्वारा कागज के सभी ग्रेड पर गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) जारी करने और बीआईएस सर्टिफिकेशन को अनिवार्य बनाने की भी अपील की है। कागज के विभिन्न ग्रेड के लिए क्यूसीओ जारी करने से न केवल भारतीय उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की आपूर्ति सुनिश्चित होगी बल्कि देश में घटिया उत्पादों के आयात पर भी लगाम लगेगी।

# अध्यापकों को टैब का उचित उपयोग करना आएगा तभी बच्चे सीखेंगे : शिक्षा अधिकारी

## जिला के राजकीय विद्यालयों के टीजीटी, पीजीटी अध्यापकों की ई अधिगम हुई ट्रेनिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**राज्य** स्तर पर चल रहे ई-अधिगम ट्रेनिंग का तीसरा चरण पलवल जिले की डाइट जनौली में पूर्ण हुआ। ई-अधिगम ट्रेनिंग के पहले चरण में जिला शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, सीएमजीजीए, डीएमएस और डीएसएस को एससीईआरटी गुरूग्राम में ई-अधिगम की ट्रेनिंग दी गई थी।

उसके उपरांत दूसरे चरण में जिला स्तर की ई अधिगम ट्रेनिंग में जिले के सभी पीजीटी कंप्यूटर साइंस एवं वोकेशनल टीचर ऑफ आईटी को ट्रेनिंग दी गई थी। ई-अधिगम ट्रेनिंग के तीसरे चरण में जिले के सभी टीजीटी, पीजीटी अध्यापकों जोकि कक्षा नौ से 12 को हिंदी, अंग्रेजी और सामाजिक विज्ञान पढ़ाते हैं, उनकी ट्रेनिंग संपन्न हुई।

डाइट जनौली में आयोजित ई-अधिगम ट्रेनिंग के इस तीसरे चरण का समापन जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल ने किया। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल ने ट्रेनिंग के समापन अवसर पर अपने संबोधन में सभी अध्यापकों को टेबलेट का अधिक से अधिक उपयोग करने और अपने-अपने विषय में सभी विद्यार्थियों को टेबलेट का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए निर्देशित किया। खंड शिक्षा अधिकारी मामराज रावत ने सभी अध्यापकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमें इस ट्रेनिंग का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। ट्रेनिंग में सिखाए गए पहलुओं को अपने-अपने विद्यार्थियों को सिखाना है।



अध्यापकों को संबोधित करते जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल।

इस अवसर पर जिला गणित विशेषज्ञ एवं ई-अधिगम योजना के जिला नोडल अधिकारी सुखराम ने कहा कि पीएएल सॉफ्टवेयर की उपयोगिता एवं पीएएल डैशबोर्ड का उपयोग सभी अध्यापकों को भली-भांति करना आना चाहिए। प्रत्येक अध्यापक को अपने आपको ई-अधिगम अध्यापक का दर्जा प्राप्त होना चाहिए। उसके साथ-साथ सभी विद्यार्थियों, जिन्हें टेब दिए गए हैं, उनको ई-अधिगम का दर्जा प्राप्त करवाना सुनिश्चित करें।

डाइट जनौली से प्राध्यापक जितेंद्र कुमार ने भी सभी अध्यापकों को ई-अधिगम प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी। सभी मास्टर ट्रेनर ने अपने-अपने विषयवार टॉपिक को बताकर सभी को समझाया और ई-अधिगम योजना एवं उसके सभी आयामों से अवगत करवाया। जिला विज्ञान विशेषज्ञ राजेश कुमार ने सभी अध्यापकों को टैबलेट का अधिक से अधिक इस्तेमाल एवं सभी विद्यार्थियों से टेबलेट का इस्तेमाल करवाने के बारे में सुझाव दिए।

# श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय केजी टू पीजी का अद्भुत मॉडल : शरण

## विश्वविद्यालय के सीनियर सेकेंडरी स्कूल के ओरियंटेशन प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण



दसवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण। साथ में हैं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. ज्योति राणा और प्राचार्य डॉ. जलबीर सिंह।

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**हरियाणा** सरकार के शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण ने कहा कि श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय केजी टू पीजी का एक अद्भुत मॉडल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर यह विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति का एक आदर्श प्रतिमान बना है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने अपने नेतृत्व से केजी टू पीजी मॉडल को साकार किया है। वह बुधवार को श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में स्टूडेंट्स ओरियंटेशन प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

इस मौके पर मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण एवं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने दसवीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया। आनंद मोहन शरण ने कहा कि आने वाले समय में श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का पूरे देश में बड़ा नाम होगा और यह स्किल एजुकेशन का लीडर बनेगा। बहुत कम समय में इस विश्वविद्यालय ने अनुकरणीय कार्य संस्कृति बनाई है। उन्होंने फैकल्टी की सराहना करते हुए कहा कि उनका उत्साह और ज्ञान उल्लेखनीय है।

उन्होंने प्रदेश के दूसरे शिक्षण संस्थानों की फैकल्टी को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय दिखाने का सुझाव दिया। साथ ही उन्होंने अर्न वाइल लर्न अवधारणा की तारीफ करते हुए कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कुलपति डॉ. राज नेहरू के पास बहुत अद्भुत आइडिया हैं और उन्हें व्यवहारिक रूप में लाने का विजन है। देश को स्किल यूनिवर्सिटी का मॉडल देने में डॉ. राज नेहरू का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि पहले स्किल सैट का अभाव था, लेकिन श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय इस दिशा में बहुत शानदार काम कर रहा है। स्वरोजगार की दिशा में इस विश्वविद्यालय ने नई राह दिखाई है। यूनिवर्सिटी इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने की दिशा में काम शुरू कर रही है। इसके लिए सरकार की तरफ से भरपूर सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और बच्चों को विदेशों की यूनिवर्सिटी में नया सीखने के लिए भेजेंगे। यह चयन मेरिट के आधार पर होगा। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि हरेक माता-पिता की अपेक्षा होती है कि उनके बच्चे अच्छा करें। जब परिस्थिति अच्छी हो और शिक्षण संस्थान भी अच्छे मिलें तो कल्पना शक्ति बड़ी हो जाती है। विश्वविद्यालय में स्कूल की कल्पना इसी उद्देश्य से की गई। इससे विद्यार्थियों के सोचने के तौर तरीके में बदलाव आएगा। इस स्कूल में विद्यार्थी नौंवी कक्षा से ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विषय पढक़र नवाचार करने लगे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार विद्यार्थियों को तकनीक और संस्कार दोनों मिलें। इसी लक्ष्य को लेकर श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल अपनी विकास यात्रा पर आगे बढ़ रहा है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इस मौके पर रिकोग्नेशन ऑफ प्रायर लर्निंग का जिक्र करते हुए इसमें सहयोग के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण का आभार किया। उन्होंने कहा कि यह श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का अनुपम नवाचार है।

# हनीट्रैप में फंसाने वाली महिला को क्राइम ब्रांच ने किया काबू

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**क्राइम** ब्रांच-85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने हनीट्रैप के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार की गई 20 वर्षीय महिला आगरा की रहने वाली है और फरीदाबाद में कोठियों में सफाई का काम करती थी। ढाई वर्ष पहले महिला की दोस्ती एक 48 वर्षीय व्यक्ति के साथ हुई थी, जोकि एक सरकारी कर्मचारी है। महिला को पता था कि वह सरकारी कर्मचारी है, इसलिए वह उससे मोटे पैसे हड़प सकती है। महिला ने अपनी मर्जी से उस व्यक्ति के साथ शारीरिक संबंध बनाए और अश्लील फोटो खींच ली। इसके बाद महिला उस व्यक्ति को अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने लगी। बार-बार शारीरिक संबंध बनाने तथा पैसों की डिमांड करने लगी। महिला ब्लैकमेल करके उस व्यक्ति से करीब दो लाख रुपए ले चुकी थी। इसके अलावा एक प्लॉट अपने नाम करने की मांग करने लगी, लेकिन महिला का लालच और बढ़ने लगा। उसने पीड़ित से एक करोड़ रुपए की मांग कर दी। आरोपी महिला ने पीड़ित को धमकी दी कि वह उसकी अश्लील फोटो वायरल करके उसे हर जगह बदनाम कर देगी और उसे बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाकर सारी उम्र जेल में कटवाएगी। पीड़ित ने बदनामी और जेल जाने के डर से उसे 50-50 हजार रुपये किश्त के तौर पर देने की बात कही। इसके बाद पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस थाना सेक्टर-31 में दी और बताया कि महिला किस प्रकार उसे ब्लैकमेल करके बार बार पैसों की मांग करती है।



हनी ट्रैप में फंसाने वाली महिला क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में

थाने में आरोपी महिला के खिलाफ जबरन वसूली करने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। क्राइम ब्रांच-85 की टीम को मामले की जिम्मेदारी सौंपी गई, जिसके पश्चात जब आरोपी महिला पीड़ित से पैसे लेने के लिए पहुंची तो क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे मौके से ब्लैकमेल से प्राप्त किए 50,000 सहित काबू कर लिया। पुलिस पूछताछ में महिला ने बताया कि सरकारी कर्मचारी को ब्लैकमेल करके जल्दी पैसे कमाना चाहती थी। इसलिए उसने उस व्यक्ति की अश्लील फोटो खींच ली और उसे वायरल करने की धमकी देकर उससे पैसे हड़पती रही। पुलिस जांच के दौरान महिला के कब्जे से वारदात में उपयोग मोबाइल फोन बरामद किया गया।

# डीएवी बल्लभगढ़ ने सीबीएसई में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




**फरीदाबाद।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी 12वीं के सत्र 2022-23 के परीक्षा परिणाम में डीएवी बल्लभगढ़ के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन परीक्षाओं में 12वीं कक्षा के 137 तथा 10वीं के 159 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। विद्यालय की कॉमर्स संकाय की छात्रा प्रियांशी गर्ग ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में अंजलि धनकर ने 92.8 प्रतिशत अंक तथा विज्ञान संकाय की छात्रा श्रेया साहा ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने-अपने संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दसवीं कक्षा में राधिका ने 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में विषयानुसार उच्चतम इंग्लिश में 97, फिजिक्स में 91, कैमेस्ट्री 95, बिजिनेस स्टडीज 96, म्यूजिक 100, पेंटिंग 95, कम्प्यूटर साइंस 99, फिजिकल एजुकेशन 96, बायोलोजी 95, गणित 99, इकोनोमिक्स 97, एकाउंट्स 96, इतिहास 90, राजनीति विज्ञान 97, इंफोर्मेटिक्स प्रैक्टिस 97 प्राप्त किए हैं। कक्षा 10वीं के विषयानुसार उच्चतम इंग्लिश में 98, हिंदी 95, गणित 97, विज्ञान 99, सामाजिक विज्ञान 100, संस्कृत 97 प्राप्त किए हैं। विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्या नमिता शर्मा व स्कूल शिक्षकों ने इस विशेष उपलब्धि पर सभी छात्रों व अभिभावकों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# वाइटैलिटी क्रिकेट अकादमी ने जीता क्रिकेट मैच

**फरीदाबाद।** वाइटैलिटी अंडर 12 टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में वाइटैलिटी क्रिकेट अकादमी ने केएल मेहता क्रिकेट अकादमी के खिलाफ 82 रन से जीत दर्ज की। मैच स्कॉलर प्राइड स्कूल सेक्टर-16 के मैदान में खेला गया।

वाइटैलिटी अकादमी की ओर से युवराज शर्मा ने 101 रन की शानदार पारी खेली। वायटैलिटी क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 215 रन बनाए। युवराज शर्मा ने 101, एकलव्य शर्मा ने 46 सात्विक ने 22, ओर विवान ने 9 रन बनाए। केएल मेहता क्रिकेट अकादमी की ओर से प्रियांशु गुरुंग व ऋत्विक ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए केएल मेहता क्रिकेट अकादमी की टीम 133 रन पर ऑलआउट हो गई। केएल मेहता क्रिकेट अकादमी की ओर से शिवान ने 41 रन बनाए ।

# विश्व भारती शिक्षा केंद्र का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हर** वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व भारती शिक्षा केंद्र चावला कॉलोनी बल्लभगढ़ मैट्रिक परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा व दसवीं में कुल 59 विद्यार्थी रहे। जिसमें से 15 विद्यार्थियों ने मैरिट प्राप्त की। अधिकतम अंक दीपाली चौरसिया पुत्री संतोष कुमार चौरसिया ने 97 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, कोमल पुत्री ईश्वर खटाना 90 प्रतिशत व आयुष शर्मा पुत्र अवधेश शर्मा ने 90 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान, मोहित पुत्र श्याम सुंदर ने 89.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुल 15 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। 22 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. एसएन भारद्वाज व वाइस चेयरमैन प्रवीण भारद्वाज, मुख्य अध्यापक विष्णु शर्मा एवं समस्त विश्व भारती स्टाफ ने विद्यार्थियों को उनकी शानदार सफलता के लिए बधाई दी।

# डेढ़ साल की मासूम का फटा अपेंडिक्स, जटिल ऑपरेशन कर बचाई जान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मैरिंगो** एशिया अस्पताल में पलवल से अपेंडिक्स फटने की गंभीर स्थिति के साथ आई लगभग डेढ़ साल की एकता शर्मा का चिकित्सकों ने सफल ऑपरेशन कर जान बचाई। मैरिंगो एशिया अस्पताल से मिनिमल इनवेसिव बैरिएट्रिक जीआई एवं एचपीबी सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. बालकिशन गुप्ता ने बताया कि जब बच्ची उनके पास आई तो उस समय उसका पेट फूला हुआ था। उसे तेज बुखार के साथ पेट में असहनीय भी दर्द था।

सीटी स्कैन करने पर पता चला कि मरीज का अपेंडिक्स (शरीर के दाईं तरफ (राइट साइड) पेट के निचले हिस्से में एक छोटा सा अंग होता है, जो हमारी छोटी और बड़ी आंत जहां मिलती है, वहां पाया जाता है) फट गया था और सिकम आधार से लेकर पूरे पेट में पस फैला हुआ था। आंतें भी सामान्य से थोड़ी ज्यादा बढ़ी हुई थीं और बच्ची की हालत ज्यादा बिगड़ रही थी। ऐसे गंभीर केस में बिना समय गंवाए शीघ्र पेट खोलकर ही बड़ा ऑपरेशन करना होता है। लेकिन मरीज के परिजन ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि बच्चे के पेट पर ऑपरेशन का निशान नहीं पड़ना चाहिए। इसलिए बच्ची का लेप्रोस्कोपी (दूरबीन) द्वारा ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन सफल रहा और पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद बच्ची को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डॉ. बालकिशन गुप्ता ने बताया कि यह केस बहुत ही चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि अपेंडिक्स फटने पर बढे खतरे की वजह से मरीज का पूरा पेट खोलकर बड़ा ऑपरेशन करना होता है। इस केस में डेढ़ साल की लड़की थी और इतने छोटे बच्चे के पेट में ऑपरेशन करने के लिए ज्यादा जगह नहीं होती है। समय बीतने के साथ पेट में इंफेक्शन की वजह से बच्ची की जान को खतरा बढ़ रहा था, इसलिए बच्ची की जान बचाने के उद्देश्य से डॉक्टरों ने इस चुनौती को स्वीकार किया और दूरबीन के माध्यम से ऑपरेशन शुरू किया। दूरबीन की मदद से बड़ी आंत के एक बड़े हिस्से (सिकम) को रिपेयर किया गया। यह प्रक्रिया काफी जटिल होती है और डेढ़ साल के बच्चे में ऐसा ऑपरेशन बहुत दुर्लभ होता है। फिर पेट के अंदर फैले सारे पस को साफ किया। ऑपरेशन करने में लगभग तीन घंटे का समय लगा। ऑपरेशन सफलतापूर्वक हुआ। अब मरीज पूरी तरह स्वस्थ है और पेट पर भी कोई निशान नहीं हैं। भविष्य में भी पता नहीं चल पाएगा कि यह ऑपरेशन भी हुआ है। लेप्रोस्कोपी इस तरह के मामलों में वरदान है। भविष्य में बच्चा एक्सरसाइज भी कर सकता है। अस्पताल में मौजूद हाई रेजोल्यूशन कैमरा और अन्य आधुनिक तकनीक की मदद से आज बहुत छोटे बच्चों का ऑपरेशन करना भी आसान हो गया है। उन्होंने बताया कि दो साल या इससे कम उम्र के बच्चों में अपेंडिक्स संबंधित समस्या बहुत कम देखने को मिलती है। अपेंडिक्स से जुड़ी समस्या आमतौर पर टीनेजर (किशोरों-13 से 19 वर्ष की आयु) में देखी जाती है।



हमारे आंतों के बैक्टीरिया जब इस अपेंडिक्स के अंदर चले जाते हैं और संक्रमण पैदा करते हैं तो इससे अपेंडिसाइटिस (अपेंडिक्स में सूजन और मवाद भर जाने) की समस्या हो सकती है। कुछ लोगों में यह संक्रमण इतना बढ़ जाता है कि अपेंडिक्स फटने का खतरा बढ़ जाता है। अपेंडिक्स फटने पर पेट के अंदर इंफेक्शन तेजी से फैलता है, जिससे मरीज की जान जाने का खतरा भी सकता है। अपेंडिक्स का दर्द आमतौर पर नाभि के आस पास शुरू होता है और फिर यह दर्द दाईं ओर (राइट साइड) में पेट के निचले हिस्से में चला जाता है। अगर दर्द के साथ उल्टी, बुखार है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें, क्योंकि ये अपेंडिक्स के फटने का संकेत हो सकता है।

# पटाखा छोड़ने वाली बुलेट बाइक का किया चालान

**फरीदाबाद।** पटाखा छोड़ने वाले साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न वाली बुलेट मोटरसाइकिल का आदर्श नगर पुलिस ने 42,500 रुपये का चालान काटा है।

आदर्श नगर पुलिस थाने की टीम शाम के समय सिटी पार्क के पास नाका लगाकर वाहनों की चेकिंग कर रही थी, जहां एक बुलेट सवार आया। जिसे रुकवाकर चेक किया गया। बुलेट सवार से जब बुलेट के कागजात मांगे गए तो वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। बुलेट को चेक किया गया तो उस पर प्रेशर हॉर्न लगे हुए थे और बुलेट का साइलेंसर बदला हुआ था। जिससे पटाखे चलाना पाया गया था। जो मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत कानूनन अपराध है। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसका 42,500 का चालान काटकर उसे आर्थिक रूप से दंडित किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसडी इंटरनेशनल स्कूल ने किया बेहतर प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** जिलास्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें फरीदाबाद जिले के 14 स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लिया। एसडी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों का प्रदर्शन इस प्रतियोगिता में देखने योग्य था। 10-12 आयुवर्ग में एसडी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे गोल्ड व सिल्वर मेडल के साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित हुए। कोच जितेंद्र ने बताया कि इससे पूर्व गुड़गांव में आयोजित स्केटिंग नेशनल चैंपियनशिप में भी एसडी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

### बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दसवीं का परिणाम रहा शानदार



**पलवल।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित दसवीं के परीक्षा परिणाम में बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के नौ विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। 24 विद्यार्थियों ने मेरिट सूचि में स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। जिसमें हर्ष कुमार ने 472, कार्तिक ने 471, तरुण ने 470, प्रिंस कुमार ने 469, पुनीत शर्मा ने 469, तेज सिंह ने 463, धीरज ने 462, इति ने 456, चंचल ने 454, मुक्ति ने 444, अखिलेश ने 444, भविष्य ने 444, अरुण कुमार ने 443, कृष्णराज ने 443, याशिका जैन ने 442, शहजरीन ने 436, हर्षित रावत ने 432, कन्हैया ने 428, संभव ने 426, नवीन कुंडू ने 419, निखिल ने 409, भूमिका ने 406, डॉली ने 400 और दुर्गा ने 400 अंक प्राप्त कर विद्यालय की शोभा बढ़ाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कौशिष ने सभी छात्रों एवं अभिभावकों को फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। वाइस प्रेसिडेंट जितेश कौशिष ने जिन अध्यापकों के विषय में छात्रों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किये, उन अध्यापकों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रेसिडेंट दिनेश भारद्वाज ने सभी अध्यापकों शुभकामनाएं दीं तथा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

### कपड़े की दुकान में आग से लाखों का सामान खाक




**फरीदाबाद।** बुधवार को कपड़े की दुकान में लगी भयानक आग से लाखों रुपये का माल जलकर खाक हो गया। बल्लभगढ़ से सटे सेक्टर-10 के समीप मेन मार्केट में एक कपड़े की दुकान में अचानक आग लग गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया। जैसे ही मामले की सूचना दमकल विभाग को मिली तो मौके पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियां जा पहुंचीं और कई घंटों की मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन जब तक विभाग की टीम ने आग को काबू किया, तब तक लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। पड़ोस के दुकानदारों में भी आग लगने के चलते अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटे रहे।

### दुर्गा शक्ति की टीम ने सर्वोदय अस्पताल में छात्राओं को किया जागरूक



**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ महिला थाना प्रभारी इंदु बाला के मार्गदर्शन में दुर्गा शक्ति की टीम ने सेक्टर-8 स्थित सर्वोदय अस्पताल में छात्राओं को साइबर व महिला विरुद्ध अपराध के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें डायल 112 एप के बारे में जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि दुर्गा शक्ति की टीम ने छात्राओं को महिला व बाल अपराध के बारे में जागरूक करते हुए उन्हें इस प्रकार की कुरीतियों से लड़ने के लिए प्रेरित किया। समाज में फैली कुरीतियों के बारे में जागरूक करते हुए दुर्गा टीम ने बताया कि समाज के कुद नकारात्मक प्रवृत्ति के लोग भ्रूण हत्या, निरक्षरता, शोषण, नशा इत्यादि कुरीतियों को अपनी संस्कृति समझते हैं, परंतु उन्हें यह ज्ञात होना चाहिए कि यह पूरे समाज के लिए नुकसानदायक है। जिसकी वजह से समाज में अपराध और अपराधियों की संख्या में वृद्धि होती है। जन्म से पहले ही लिंग जांच करवाकर कन्याओं को गर्भ में ही मरवा दिया जाता है जो कानून के साथ-साथ मानव जगत की नजर में भी एक अपराध है। हमें इस प्रकार के अपराधों के प्रति जागरूक होकर इसके विरुद्ध आवाज उठानी चाहिए, ताकि किसी अन्य बच्चे या महिला को इसका शिकार होने से बचाया जा सके। छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए और बताया कि वह अपराधियों से अपनी रक्षा करने के लिए क्या-क्या तरीके अपना सकती हैं। इसके साथ ही पुलिस टीम में छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि अपने बैंक अकाउंट, एटीएम क्रडिट व डेबिट कार्ड या ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। कार्यक्रम के समापन के समय पुलिस से संपर्क करने के माध्यमों के बारे को जागरूक करते हुए पुलिस टीम ने बताया कि वह किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना 112 पर दे सकते हैं।

### मुख्यमंत्री उड़नदस्ता ने तेजाब से सफाई करने वाली कंपनी पर की रेड



**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता फरीदाबाद ने तेजाब से सफाई करने वाली एक कंपनी पर रेड की है। टीम को सूचना मिली कि डबुआ के गांव बाजडी में गैलेक्सी इंटरप्राइजेज कंपनी है, जिसमें लोहे की चद् र केमिकल से वाश होती हैं। मौके पर भी वाशिंग केमिकल से होती मिली। उन्होंने प्रदूषण विभाग से भी कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया हुआ। सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता के उप निरीक्षक महेंद्र सिंह, सतीश कुमार द्वारा ओमबीर सिंह एसडीओ पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड फरीदाबाद की टीम द्वारा फैक्ट्री को चेक किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि फैक्ट्री मालिक द्वारा प्रदूषण विभाग से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया हुआ। इस संबंध में ओमवीर सिंह एसडीओ द्वारा औपचारिकता पूरी करने के बाद कार्रवाई के लिए नोटिस तैयार किया है।

# नशे का व्यापार

## कठोर कार्रवाई

**नशे** के व्यापार की विभीषिका बहुत गंभीर हो गई है। केरल तट के निकट भारतीय समुद्र से लगभग 2,500 किलो नशीले पदार्थ मेथाम्फेटामीन की जब्ती से समस्या की गंभीरता पता चलती है। भारत सरकार नशे के व्यापार के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर रही है। नौसेना व नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो-एनसीबी की संयुक्त कार्रवाई विभिन्न सरकारी एजेंसियों के बीच सहयोग का भी प्रमाण है। इसमें तटवर्ती राज्यों के राजस्व खुफिया विभाग व पुलिस बलों को भी शामिल किया गया है। लगभग 12,000 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ मेथाम्फेटामीन की यह देश में सबसे बड़ी बरामदगी है जो एक संश्लेषित नशीला पदार्थ है। एनसीबी के उप महानिदेशक-आपरेशन्स संजय कुमार सिंह ने मीडिया को बताया कि यह कार्रवाई 'आपरेशन समुद्रगुप्त' के अंतर्गत की गई है जिसका लक्ष्य अफगानिस्तान से आ रहे नशीले पदार्थों के समुद्री व्यापार पर रोक लगाना है। पहली बार अफगानिस्तान से आ रही नशीले पदार्थ की इतनी बड़ी खेप पकड़ी गई है। इसका अर्थ है कि एनसीबी को अब और ज्यादा परिश्रम कर पूरे देश में नशीले पदार्थों के व्यापार पर कठोरता से लगाम लगानी होगी। अफगानिस्तान पहले ही अफीम की खेती के लिए कुख्यात है। 1990 के दशक में तालिबानों के सत्ता में आने के समय, बीबीसी की एक खबर के अनुसार उन्होंने अफीम की सारी खेती नष्ट कर दी थी। लेकिन विद्रोह के बीस वर्षों में नशे का व्यापार उनकी आय का प्रमुख साधन बन गया। रिपोर्ट के अनुसार, 'अब तालिबान कह रहे हैं कि उन्होंने अफीम के व्यापार पर



प्रतिबंध के आदेश दिए हैं और इसे लागू करने के प्रयास कर रहे हैं। लेकिन संरा. के अनुसार, 2021 की तुलना में 2022 में खेती में 32 प्रतिशत वृद्धि हुई है।' इसका कारण यह है कि कोई देश या समूह अपनी सुविधानुसार नशे का व्यापार शुरू या बंद नहीं कर सकता है। यह बुराई बहुत तेजी से फैलती है। अफगानिस्तान को दुनिया में 'नशाखोरी की राजधानी' कहा जाता है, जहां कुल 40 मिलियन जनसंख्या में 3.5 मिलियन लोग नशे की गिरफ्त में हैं।

नशे और आतंकवाद के बीच संबंध से सभी परिचित हैं। न केवल आतंकी संगठन, जैसे लश्करे तैयबा, जैशे मुहम्मद व हिज्बुल मुजाहिदीन गले तक नशे के व्यापार में डूबे हैं, बल्कि पाकिस्तानी सेना की आईएसआई के अनेक लोग भी इसमें लिप्त हैं। अत्यधिक आकर्षक बिजनेस होने के साथ ही नशा अपनी गिरफ्त में आए नौजवानों की संज्ञानात्मक व बौद्धिक क्षमताओं को बुरी तरह प्रभावित करता है और अक्सर इनसे उनकी नैतिक समझ भी नष्ट हो जाती है। इसके बाद वे नशे के व्यापारियों व आतंकियों के हाथ का खिलौना बन जाते हैं तथा उनका प्रयोग अपराधी गतिविधियों व 'उग्रवादीकरण' में किया जा सकता है। आश्चर्य नहीं कि पाकिस्तान जानबूझ कर भारत के सीमान्त राज्यों में समस्यायें खड़ी करने के लिए 'नार्को-टेररिज्म' का प्रयोग करता है। अब वह नशे का व्यापार फैलाने के लिए समुद्र का प्रयोग कर रहा है। एनसीबी ने पिछले 18 माह में दक्षिणी समुद्री मार्ग से आने वाले नशे की यह तीसरी खेप पकड़ी है। कुल मिला कर उसने 3,200 किलो मेथाम्फेटामीन, 500 किलो हैरोइन तथा 529 किलो हशीश जब्त की है। एनसीबी ने एक 'मदर शिप' के अस्तित्व का भी खुलासा किया है। इस बड़े जहाज से विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थों की अलग-अलग मात्रा पूरे समुद्री मार्ग में वितरित की जाती है। हालांकि, भारत सरकार की विभिन्न एजेंसियों के बीच नशे का व्यापार रोकने के लिए सहयोग बढ़ रहा है, पर इसमें और सुधार की आवश्यकता है। नशे के व्यापार से बचाव का मार्ग पहले से ही सटीक खुफिया जानकारी मिलना और उस पर त्वरित कार्रवाई करना है।

# जनता की स्वास्थ्य रक्षा : मोदीकेयर

भारत ने दिखा दिया है कि कैसे देश की जनता की स्वास्थ्यरक्षा व समग्र बेहतरी के लिए समावेशी ढांचे का विकास किया जा सकता है। जी 7 देशों को इससे सबक सीखना चाहिए।

**तरुण चुग**
(लेखक, भाजपा राष्ट्रीय महासचिव हैं।)







जी-7 शिखर सम्मेलन मानवता के समक्ष उपस्थित विभिन्न मुद्दों पर गंभीर विचार-विमर्श करेगा। शिखर सम्मेलन के पहले जी 7 देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों ने मानवता के समक्ष मौजूद विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर गंभीर विचार-विमर्श किया। इस आयोजन में जी 7 से जुड़े देश भारत, इंडोनेशिया व थाईलैंड ने भी भाग लिया। इस विमर्श में स्वास्थ्य समस्याओं तथा स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी अनेक बहुपक्षीय एजेंसियों ने भी भाग लिया। जी 7 दुनिया के सर्वाधिक औद्योगीकृत देशों का समूह है और यह अधिकांश वैश्विक संपदा का प्रतिनिधित्व करता है। कहने की आवश्यकता नहीं कि जी 7 का दायित्व और जिम्मेदारी उन वैश्विक चुनौतियों को संबोधित करना है जिनमें सारी दुनिया की जनसंख्या के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे भी शामिल हैं। भारत के केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया ने जी 7 के स्वास्थ्य मंत्रियों व उससे जुड़े देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ मिल कर गंभीर विचार-विमर्श किया।

पिछले कुछ साल से भारत जी 7 देशों के विचार-विमर्श में केन्द्रीय मंच पर अपनी भूमिका निभा रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नियमित रूप से जी 7 की बैठकों में हिस्सा ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारत वर्तमान समय में जी 7 देशों के समूह की अध्यक्षता कर रहा है। इस प्रकार भारत वर्तमान समय में वैश्विक चुनौतियों के समाधान-आधारित कार्य योग्य एजेंडे पर केन्द्रीय भूमिका में कार्यरत है। इस सत्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि जी 7 एजेंडे की सफलता अनेक चीजों पर निर्भर है। इसे सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है कि पूरा समूह अध्यक्ष के रूप में भारत द्वारा समग्र रूप से पेश उद्देश्यों व लक्ष्यों के साथ पूर्णत: जुड़ाव प्रदर्शित करे।

दुनिया अब भी कोविड-19 वैश्विक महामारी से बाहर निकलने पर सीखे गए सबकों पर गौर कर रही है। शताब्दी की इस सबसे बड़ी विभीषिका के रूप में कोविड-19 वैश्विक महामारी ने मानवजाति को परस्पर-संबद्ध दुनिया के स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों के प्रति जागरूक किया है। सारी दुनिया की जनसंख्या के लिए संक्रामक बीमारियों का फूट पड़ना एक और गंभीर चुनौती है। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि किसी स्वास्थ्य समस्या का विश्व की अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। भारत द्वारा जी 20 की अध्यक्षता ने वैश्विक दक्षिण के स्वरों को भी महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया है। भारत ने विकासशील व गरीब देशों की अनेक समस्याओं को सामने रखा है। इनमें कर्ज का गहराता संकट प्रमुख है जो कोविड-19 वैश्विक महामारी फूटने के बाद और भी गंभीर हो गया है।

इस संबंध में जी 7 व जी 20 के एजेंडों को परस्पर जोड़ने की आवश्यकता भी सामने आई है। जी 7 देशों को भारत द्वारा कोविड-19 वैश्विक महामारी से निपटने के तरीकों से भी सबक सीखने चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व क्षमता से दुनिया के सबसे अमीर देश भी सबक सीख कर अपना बेहतर रचनात्मक योगदान कर सकते हैं। कोविड-19 वैश्विक महामारी पर भारत की प्रतिक्रिया इस तथ्य पर आधारित थी कि कोई भी व्यक्ति टीकाकरण अभियान से छूटना नहीं चाहिए। सबको टीका लगाने की आवश्यकता का अनुभव कर भारत ने दिखा दिया कि कैसे देश के दुर्गम व सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी न केवल टीके पहुंचाए गए, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया गया कि उनकी आवश्यक मनोवैज्ञानिक व भावनात्मक रूप से सहायता की जाए ताकि वे स्वत: टीके लगवाने के लिए प्रेरित हों।

मलाना हिमाचल प्रदेश का एक गांव है। परंपराओं के अनुसार दावा किया जाता है कि सिकंदर की सेना के वारिस इस सुदूर गांव में बसे थे। यह गांव अपनी विशिष्ट संस्कृति की रक्षा के प्रति बहुत आग्रही है। इसके साथ ही वे दूसरे लोगों से जानबूझ कर दूरी बनाए रखते हैं। ऐसे में स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा गांव के इन लोगों को कोविड-19 के टीके लगाना बहुत कठिन काम था। लेकिन इस झिझक व अलगाव को तोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिला प्रशासन के प्रमुखों के साथ अनेक वीडियो कान्फ्रेंसों के दौरान स्पष्ट कर दिया था कि कोविड-19 वैश्विक महामारी से निपटने के लिए सबसे जरूरी है कि कोई भी टीकाकरण अभियान से छूटना नहीं चाहिए। प्रधानमंत्री के आदेशों और उनकी प्रेरणा से जिला प्रशासन ने विशेष अभियान चलाए। इन अभियानों के अंतर्गत गांव के लोगों को समझाया गया कि कोविड-19 का टीका लगवाना उनके लिए क्यों जरूरी है। देश के अनेक दुर्गम व सुदूर गावों को टीकाकरण अभियान में विशेष रूप से शामिल किया गया। जिला प्रशासन ने दुर्गम गांवों में जल्दी से जल्दी टीके पहुंचाने के लिए ड्रोनों का प्रयोग भी किया। कोविड-19 के खिलाफ संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभाने वाले 'फ्रंटलाइन वर्कर्स' उन गावों तक भी पहुंचे जहां केवल एक या बहुत कम लोग रहते थे।

भारत हमेशा विश्व समुदाय से जुड़ने के लिए 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना से चलता रहा है। इसका अर्थ है कि पूरी दुनिया एक गांव तथा हम सबका परिवार है। भारत ने इसी भावना से अपनी आवश्यकता की पूर्ति करने के साथ ही दुनिया के सभी देशों को स्वदेशी वैक्सीनें उपलब्ध कराईं। इसने दुनिया के अनेक गरीब व विकासशील देशों को कोविड-19 वैश्विक महामारी से लड़ने में व्यापक सहायता की। भारत में निर्मित स्वदेशी वैक्सीनों को दुनिया के सभी हिस्सों में ब्राजील से कैरीबियन देशों व अफ्रीका से दक्षिण एशिया तक सप्लाई किया गया। जी 7 शिखर सम्मेलन दुनिया भर में संक्रामक बीमारियों के खिलाफ सारी जनता को वैक्सीनें पहुंचाने के मुद्दे पर गंभीर विचार-विमर्श करेगा।

इस उद्देश्य से भारत द्वारा सारी दुनिया में कोविड-19 के खिलाफ संघर्ष हेतु स्वदेशी वैक्सीनें पहुंचाने के भारत के उदाहरण को सर्वाधिक महत्व दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सारी दुनिया को दिखा दिया है कि सारी जनता की स्वास्थ्य रक्षा तथा उनकी समग्र बेहतरी के लिए समावेशी स्वास्थ्य ढांचे का निर्माण कैसे किया जाए। भारत सरकार के इन प्रयासों में 'आयुष्मान भारत' का विशेष उल्लेख अवश्य किया जाना चाहिए।

भारत ने गरीब जनता को मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें देने के लिए आयुष्मान भारत कार्ड की व्यवस्था की है जिसके माध्यम से उनका सरकारी तथा अनेक निजी अस्पतालों में गंभीर से गंभीर बीमारियों के लिए इलाज व शल्यक्रिया की जाती है। भारत ने 2021 में 13.22 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किए थे, जबकि वर्ष 2022 में 22 करोड़ आयुष्मान कार्ड अतिरिक्त जारी किए गए। इसके साथ ही पिछले साल सरकार ने 'आयुष्मान भारत योजना' के अंतर्गत 50,277.4 करोड़ लोगों का इलाज कराया। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 26,000 अस्पतालों को शामिल किया गया है। भारत ने 'ई-संजीवनी' के माध्यम से अधिकाधिक लोगों तक स्वास्थ्यरक्षा आसानी से पहुंचाने के प्रयास किए हैं। इसके माध्यम से आम लोग 'टेलीमेडिसिन' के माध्यम से सुदूर शहरों व बड़े अस्पतालों में बैठे विशेषज्ञ चिकित्सकों की सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

भारत ने एशिया में सबसे पहले 'कंटेनर-आधारित अस्पताल' सेवा शुरू की है। ये कंटेनर अस्पताल देश के सुदूर भागों में आम जनता तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने में उल्लेखनीय भूमिका अदा करते हैं। देश के 602 जिला अस्पतालों में 'क्रिटिकल केयर' सुविधा भी दी जाती है। उल्लेखनीय है कि देश में 2013-14 में 387 मेडिकल कालेज थे जिनकी संख्या बढ़ कर अब 648 हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने सारी जनता को स्वास्थ्य सुविधायें देने में उल्लेखनीय सफलतायें प्राप्त की हैं। इससे अब इस क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई भी आकर्षित हो रहा है। 2019-20 में फार्मा क्षेत्र में एफडीआई जहां 3,650 करोड़ था, वहीं अब यह बढ़ कर 2022-23 में 14,677 करोड़ रुपये हो गया है। जी 7 शिखर सम्मेलन का वैक्सीन विकास तथा उत्पादन में भारतीय विशेषज्ञता पर गौर करना चाहिए। उसे इस बात पर भी गौर करना चाहिए कि कोविड-19 वैश्विक महामारी फूटने के बाद प्राप्त ज्ञान से ऐसी कारगर योजना कैसे बनाई जाए जो सारी दुनिया की जनसंख्या की बेहतरी सुनिश्चित कर सके।


# दीर्घायु होना है तो कम सोचें

> यदि हम विचारों की संख्या का एक छोटा सा प्रतिशत भी कम कर सकें, तो इसका हमारे जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ सकता है।

**राजयोगी ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



मानव मन में स्वतंत्र इच्छा के अतीत और भविष्य में यात्रा करने, याद रखने और आह्वान करने और यात्रा करने की सबसे असाधारण क्षमता है। हम में से बहुत से लोग यह नहीं जानते हैं कि आज हमारी भौतिक आंखों के माध्यम से हमें जो कुछ भी दिखाई देता है, पदार्थ का हर कण जिसे हम छू सकते हैं और महसूस कर सकते हैं, पहले उसका खाका मानव मन में था। दूसरे शब्दों में, बाहर की हर चीज अंदर की भौतिक अभिव्यक्ति है। इसलिए, ब्रह्मांड में सब कुछ पहले एक विचार या एक छोटे संवेदनशील बिंदु या बिंदु के रूप में पैदा हुआ था। बिंदु की कोई लंबाई, चौड़ाई या चौड़ाई नहीं होती, लेकिन उसमें अपार शक्ति होती है और बहुत कुछ समेटे हुए होता है। यह अनुमान लगाया गया है कि एक औसत व्यक्ति के पास प्रतिदिन लगभग 70,000 विचार होते हैं। तो, हममें से कितने लोग अपने विचारों को देखने पर ध्यान केंद्रित करते हैं? शायद बहुत कमज् क्या हम कभी अपने विचारों पर ब्रेक लगाने या पूर्णविराम लगाने के बारे में सोचते हैं? न्यूरोसाइंटिस्ट का अनुमान है कि मानव मस्तिष्क में 100 अरब न्यूरॉन्स होते हैं। प्रत्येक न्यूरॉन में लगभग 1,000 कनेक्शन होते हैं। प्रत्येक कनेक्शन औसतन 200 बार प्रति सेकंड फायर करता है, जिसके परिणामस्वरूप 20,000 ट्रिलियन गणना प्रति सेकंड होती है! और यह सब बहुत सारी जीवन ऊर्जा का उपभोग करता है।



अत: यदि हम विचारों की संख्या का एक छोटे सा प्रतिशत भी कम कर सकें, तो इसका हमारे जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। इसीलिए वैज्ञानिक रूप से यह सिद्ध हो चुका है कि प्रतिदिन कुछ मिनटों के लिए मौन का अभ्यास करने से आपको उस संरक्षित ऊर्जा की शक्ति प्राप्त होती है। क्योंकि, एक बार जब हम विचारों की संख्या कम करने में सफल हो जाते हैं, तो हम अपने विचारों की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखना शुरू कर देंगे। कैसे? यह आसान है! जब हम विचारों की संख्या को कम कर देते हैं, तो विचारों का जमाव कम हो जाता है और हम हर विचार को थोड़ी देर और रोक पाने में सक्षम हो जाते हैं। जितनी देर हम किसी विचार को थामे रह सकते हैं, विचार उतना ही अधिक शक्तिशाली होता जाता है। हमें इस तथ्य को समझना चाहिए कि प्रत्येक विचार में रचनात्मक शक्ति होती है, इसलिए हम किसी विचार को जितना अधिक समय तक धारण करते हैं, वह उतना ही शक्तिशाली होता जाता है। हर विचार के साथ, हम अपने सार को बाहर भेजते हैं, जो अन्य सार के साथ मिश्रित होता है और हमारे भौतिक वातावरण को बनाता और फिर से बनाता है। तो, फिर से- मौन का अभ्यास या सरल भाषा में प्रतिदिन कुछ मिनटों के लिए ध्यान करने से आपको अपने चुने हुए वातावरण को बनाने की शक्ति मिलती है।

बहुत ज्यादा सोचना बहुत ज्यादा खाने जैसा है। हमारे मन का भारीपन हल्का और लचीला बने रहना असंभव बना देता है। आज हम सब अनुभव कर रहे हैं कि वर्तमान युग में जिस प्रकार दुष्टता और कुरीतियों का बोलबाला है, वह किस प्रकार आसुरी प्रवृत्तियों को बढ़ावा दे रहा है। इसलिए नकारात्मक विचारों की गति और तीव्रता सकारात्मक विचारों की तुलना में बहुत अधिक होती है जो बहुत कम होते हैं। इन सकारात्मक विचारों का बड़ा हिस्सा आंतरिक कमजोर विचारों की अधिक गति और वर्तमान में अधर्म के लिए अनुकूल बाहरी वातावरण की शक्ति के कारण कार्यान्वयन से पहले दूर हो जाता है। ऐसी परिस्थितियों में ध्यान का अभ्यास हमारे विचारों को शक्ति प्रदान करता है। यह हमारे सकारात्मक और शुद्ध इरादों को हमारे दिमाग में मजबूत और पुनः प्रोग्रामिंग करके उन्हें महसूस करने में हमारी सहायता करता है। देह-अभिमान या मानवीय कमजोरियों की फिल्म को मिटा देने से, यह ज्ञान, शांति, शक्ति, प्रेम और पवित्रता के हमारे मूल, शाश्वत आध्यात्मिक गुणों को प्रकट करता है। यह हमारे विचारों की विशाल सकारात्मक क्षमता को उजागर करता है - सबसे सुंदर कल्पना करने और वास्तविक दुनिया में इसे महसूस करने की अनंत शक्ति। यह हमें एक आंतरिक सकारात्मक वातावरण बनाने में मदद करता है जो बाहरी शातिर दुनिया से स्वतंत्र है।

ध्यान के आसन पर बैठने का यही महत्व है। न करने की स्थिति में बैठने से, या तो उच्च कंपन वाले स्थान में या उच्च कंपन वाले व्यक्ति की उपस्थिति में, वे कंपन हमारे पास स्थानांतरित हो जाएंगे। न करने की शक्ति ऐसी है कि यह आपको उच्च स्पंदनों में ट्यून करने और विरासत में लेने में सक्षम बनाती है, और उच्च स्पंदनों की उपस्थिति में, सभी चीजें आसान और संभव हो जाती हैं। इसलिए, यह देखने के लिए रुकें कि आपके दिमाग में किस तरह के विचार बन रहे हैं, ये जीवन में खुशी और संतुष्टि की डिग्री तय करेंगे।

## आप की बात

### एआई पर आशंका

**आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस**-एआई को कुछ लोग मानवता का भविष्य सुधारने वाला अविष्कार बता रहे हैं। लेकिन एआई के जनक डॉ जेफ्री हिंटन ने गलत सूचना के खतरों पर चेतावनी दी है। एक नेटवर्क का कहना है कि चैटबॉट्स के खतरे काफी डरावने हैं और चेतावनी देते हैं कि बुरे लोगों द्वारा उनका शोषण किया जायेगा। इसके कुछ दिनों के बाद ही चैटजीपीटी के प्रमुख सैम अल्टमैन ने एआई पर चिंता के बीच अमेरिकी कांग्रेस के समक्ष अपनी गवाही दी है। उन्होंने कहा कि तेजी से शक्तिशाली हो रहे एआई सिस्टम के जोखिमों को कम करने के लिए सरकारी हस्तक्षेप जरुरी होगा। शायद इसी भय के वजह से पिछले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने माइक्रोसाफ्ट, अल्फाबेट एवं गूगल जैसी शीर्ष एआई कंपनियों के सीईओ के साथ मुलाकात की। बाइडेन ने स्पष्ट किया कि उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके उत्पाद बाजार में लाये जाने से पहले सुरक्षित हों। अधिकारियों ने सहमति तो जताई मगर इससे आशंकायें ओर गहरा गई हैं। सबसे बड़ी चिन्ता तो एआई के कारण समाप्त होने वाले रोजगारों व नौकरियों को लेकर है। कहीं ऐसा न हो कि मानवजाति स्वयं ही अपने विनाश का कारण बन जाए।

- **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### निराधार रिपोर्ट

**अमेरिकी** विदेश मंत्रालय की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में भी चीन, ईरान व म्यांमार की तरह ही अल्पसंख्यकों के धार्मिक अधिकारों का उल्लंघन होता है। इस रिपोर्ट पर भारत ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की यह रपट पूरी तरह पक्षपातपूर्ण व दुराग्रह से परिपूर्ण है। उसे यह नहीं दिखाई दे रहा है कि हिंदुस्तान में मुस्लिम संप्रदाय सर्वाधिक सुरक्षित है तभी तो उसकी आबादी का प्रतिशत निरंतर बढ़ता जा रहा है। तथ्य यह है कि धार्मिक अधिकारों के नाम पर मुस्लिम समुदाय वक्फ बोर्ड के नाम से अरबों-खरबों रुपए की जमीन अपने कब्जे में कर चुका है तथा उसका लव जिहाद, धर्मांतरण अभियान, हिंदी त्योहारों पर दंगे-फसाद जैसे कारक उल्टे बहुसंख्यक हिंदुओं को परेशान किए हुए हैं। भारत को इस रिपोर्ट को पूरी तरह खारिज करने के साथ ही अमेरिकी राजदूत को तलब करके कठोर आपत्ति दर्ज कराना चाहिए। ऐसी बेसिर पैर की रिपोर्ट से भारत-अमेरिकी संबंधों में खटास पैदा होगी। प्रधानमंत्री मोदी की प्रस्तावित अमेरिका यात्रा के पहले ऐसी रिपोर्ट दुर्भाग्यपूर्ण व संभवत: भारत-विरोधियों का षडयंत्र है।

- **सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### विपक्ष का आत्मसंतोष

**प्रधानमंत्री** की दौड़ में शामिल सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कर्नाटक चुनाव परिणामों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि कर्नाटक चुनाव परिणामों से स्पष्ट है कि भाजपा सत्ता से बाहर हो रही है। लेकिन उन्होंने कर्नाटक के साथ ही सम्पन्न उत्तर प्रदेश के निकाय चुनाव परिणामों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जहां भाजपा की प्रचण्ड जीत के आगे सपा सहित सारा विपक्ष धराशाई हो गया। उत्तर प्रदेश के सभी 17 निगमों में भगवा और बुलडोजर का जादू चला। सच तो यह है कि देश का सम्पूर्ण विपक्ष एक ही एजेंडे पर काम कर रहा है- मोदी और हिन्दू विरोध। किसी भी राज्य में चुनाव परिणाम यदि भाजपा के विपरीत जाते हैं तो विपक्ष को आत्मसन्तोष मिलता है। भले उसमें उसकी स्वयं की पार्टी बुरी तरह से हार जाए। मजेदार बात है कि कर्नाटक में अखिलेश यादव ने भी अपने उम्मीदवारों का प्रचार किया था और मायावती ने भी। वे यह नहीं बताते कि उनके उम्मीदवारों को वहां कितने वोट मिले। चुनाव विशेषज्ञ प्रशांत किशोर ने अतीत में हुए चुनाव परिणामों से सबक लेते हुए विपक्षी दलों को आत्मसंतोष से बचने की सलाह दी है।

- **डॉ नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

### सड़क सुरक्षा

**सरकार** ने सड़कें बनवाई है तो उस पर चलने के लिए पैदल और साइकिल सवारों को भी अधिकार मिले हैं। लेकिन आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं से इनके अधिकारों के हनन की बात सामने आती है। देर से ही सही पर राहगीरों की सुरक्षा पर गौर किया गया है और पंजाब देश का ऐसा पहला राज्य बना है जहां लोगों को राइट टु वाक अधिकार मिलेगा। राज्य सरकार ने बाकायदा इसके लिए सड़कों के निर्माण के समय फुटपाथ और साइकिल ट्रैक बनाना अनिवार्य कर दिया है। इस तरह के निर्माण से फुटपाथों पर चलने वाले लोग और साइकिल सवार सुरक्षित रह सकेंगे। जरूरत इस बात की है कि दोनों ही ट्रैक इस तरह बनाए जाएं कि उनमें स्वचालित दुपहिया या चार पहिया वाहनों से दुर्घटना का अंदेशा न रहे। इस तरह के निर्माण पूरे देश में किए जाने चाहिए। सड़कों पर दुर्घटनाओं में मरने व घायल होने वालों में सबसे ज्यादा पैदल व साइकिल सवार होते हैं। आम जनता के सबसे गरीब लोगों के लिए सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना निश्चित रूप से आम आदमी पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है।

- **अमृतलाल मारू,** इन्दौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

# ग्राम सचिवालय के नजदीक हो अन्नपूर्णा मॉडल दुकान का निर्माण: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री के समक्ष किया गया राशन की दुकानों के अपग्रेडेशन के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण

● अफसरों को नियमित रूप से सप्ताह में एक दिन ग्राम पंचायतों का दौरा कर सुविधाओं का जायजा लेने के दिए निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के समक्ष बुधवार को उनके सरकारी आवास पर खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा राशन की दुकानों के अपग्रेडेशन (अन्नपूर्णा उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र) के सम्बन्ध में प्रस्तुतिकरण किया गया। प्रस्तुतिकरण का अवलोकन करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नपूर्णा मॉडल दुकानों का निर्माण ग्राम सचिवालय के नजदीक ग्राम सभा की जमीन पर किया जाए, जिससे आमजन को दैनिक आवश्यकता की वस्तुएं व अन्य सेवाएं एकीकृत रूप में सुगमतापूर्वक उपलब्ध हो सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन मॉडल दुकानों में राशन कार्ड धारकों को निर्धारित तिथियों में खाद्यान्न का वितरण किया जाए। इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक कांटे एवं ई-पॉस मशीन का उपयोग किया जाए। गांव का व्यक्ति समय के प्रति अनुशासित होता है। ग्रामीण लोगों की आवश्यकताओं के अनुरूप एक स्थान पर कई सुविधाएं उपलब्ध हो जाने से लोगों के समय की बचत हो सकेगी। अन्नपूर्णा उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र में आय, जाति, जन्म, निवास प्रमाण पत्र, आधार, पेंशन व अन्य सेवाओं की सुविधा उपलब्ध करायी जाए। साथ ही यहां पर जनरल स्टोर के माध्यम से जनसामान्य को रोजमर्रा की आवश्यकता के सामान उपलब्ध कराए जाएं। अधिकारी नियमित रूप से सप्ताह में एक दिन ग्राम पंचायतों का दौरा कर इन सुविधाओं का जायजा लें। अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि विभाग द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में अन्नपूर्णा उचित दर की दुकानें एवं जनसुविधा केन्द्र एकीकृत व समरूपता से संचालित किए जाएंगे। इनमें जनसुविधा केन्द्र, जनरल स्टोर, विभिन्न प्रकार के बिल जमा किए जाने की व्यवस्था, 5 किलो एलपीजी सिलेण्डर, पीएम वाणी वाईफाई, अग्निशमन यंत्र, ई-स्टॉम्प विक्रय, माइक्रो एटीएम आदि सुविधाओं की भी व्यवस्था की जाएगी। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर बरेली मण्डल में 52 अन्नपूर्णा उचित दर की दुकानें निर्माणाधीन हैं।इस अवसर पर बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा नाथ कॉरिडोर के सम्बन्ध में भी प्रस्तुतिकरण किया गया।

### काशी व अयोध्या की तर्ज पर बरेली में नॉथ कॉरीडोर विकसित किया जाए

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि श्रीकाशी विश्वनाथ धाम तथा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या की तर्ज पर जनपद बरेली में नाथ कॉरिडोर को विकसित किया जाए। इस कॉरिडोर के चारों ओर दिए गए पथ को 6 लेन में विकसित किया जाए। साथ ही पैदल चलने के लिए फुटपाथ की व्यवस्था की जाए। सर्किट के चारों ओर आवागमन के लिए इलेक्ट्रिक बसों या ई-रिक्शा की सुविधा दी जाए। इस सर्किट के अन्तर्गत स्थित भगवान शिव के मन्दिरों का पुनरुद्धार किया जाए। श्रद्धालुओं के लिए इस सर्किट में बुनियादी सुविधाओं का प्रबन्ध किया जाए। सर्किट में सम्मिलित चौराहों का सुन्दरीकरण भगवान शिव से सम्बन्धित विषय-वस्तु पर किया जाए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, सलाहकार मुख्यमंत्री अवनीश कुमार अवस्थी, प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद वीना कुमारी मीना, सचिव मुख्यमंत्री अमित कुमार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## यूपी में होगी फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड इनोवेशन इंस्टीट्यूट की स्थापना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में फार्मास्युटिकल सेक्टर के विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने फार्मा सेक्टर में शोध-अनुसंधान को प्रोत्साहित करने पर बल देते हुए प्रदेश में एक नवीन संस्थान की स्थापना के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड इनोवेशन इंस्टीट्यूट के स्वरूप के संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें। सेक्टर विशेषज्ञों का पैनल तैयार करें। फार्मास्युटिकल सेक्टर की भविष्य की जरूरतों का आकलन करें और दुनिया भर के बेस्ट प्रैक्टिसेज का अध्ययन करते हुए आगामी 15 दिनों के भीतर विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करें। राजधानी लखनऊ में इसके लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित की जाए। यह संस्थान राष्ट्रीय फलक पर उत्तर प्रदेश को फार्मास्युटिकल शोध-अनुसंधान और मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने वाला होगा। मुख्यमंत्री बुधवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में फार्मास्युटिकल सेक्टर के विकास की संभावनाओं पर चर्चा कर रहे थे। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने फार्मा सेक्टर में शोध-अनुसंधान को प्रोत्साहित करने पर बल देते हुए प्रदेश में एक नवीन संस्थान की स्थापना के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

फार्मा मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों की संख्या में उत्तर प्रदेश देश का 6वां सबसे बड़ा राज्य है।

## डिजीलॉकर एवं एम परिवहन ऐप पर उपलब्ध वाहनों के अभिलेख वैध माने जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**परिवहन** मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि लोगों से शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि डिजीलॉकर एवं परिवहन ऐप पर उपलब्ध वाहनों के अभिलेखों को क्षेत्रीय पुलिस विभाग एवं परिवहन अधिकारियों द्वारा वैध नहीं माना जा रहा है, जबकि भारत सरकार द्वारा पंजीयन प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य प्रमाण पत्रों को डिजी लॉकर में रखने या फिर एम परिवहन ऐप पर भी ऐसे अभिलेखों को इलेक्ट्रानिक रूप में रखने की सुविधा प्रदान की गयी है। इसी प्रकार इन्श्योरेंस इन्फारमेशन बोर्ड द्वारा भी नये एवं पुराने वाहनों के बीमा विवरण वाहन डाटाबेस पर अपलोड करने की सुविधा प्रदान की गयी है। फिर भी अधिकारियों द्वारा इन्हे वैध नहीं माना जा रहा है यह एक गम्भीर प्रकरण है। परिवहन मंत्री ने कहा कि भारत सरकार के डिजिटल इण्डिया कार्यक्रम के अन्तर्गत समाज को डिजिटली सम्पन्न एवं सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रयास कर रही है। इसलिए क्षेत्रीय पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि डिजीलॉकर प्लेटफार्म या एम परिवहन ऐप पर इलेक्ट्रानिक फार्म में उपलब्ध डाक्यूमेंट्स को भी वैध मानेंगे तथा उन्हें परिवहन अधिकारियों द्वारा जारी प्रमाण पत्रों के समतुल्य समझा जायेगा।

## सहकारी चीनी मिलों के गन्ना किसानों के खाते में पहुंचेंगे 450 करोड़ रुपये

● गन्ना किसानों को अब तक 211350 करोड़ का रिकार्ड गन्ना मूल्य भुगतान किया जा चुका है

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने किसानों के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान के लिए 450 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त कर दी गई। यह धनराशि शीघ्र ही किसानों के खातों में पहुंच जाएगी। गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बताया कि पेराई सत्र 2022-23 के बकाया गन्ना मूल्य के भुगतान को वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष यह ऋण स्वीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों का हित वर्तमान सरकार के एजेण्डें में सर्वोपरि है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि किसानों को त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान कराने हेतु सरकार संकल्पबद्ध है और सहकारी चीनी मिलों की भुगतान क्षमता को ध्यान में रखते हुए गन्ना मूल्य के त्वरित भुगतान के लिए सहकारी मिलों को 450 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता ऋण के रूप में प्रदान की गई है। यह धनराशि सहकारी मिलों को आवंटित कर सीधे गन्ना किसानों के खातों में ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग के स्तर से चीनी मिलों द्वारा किसानों को किये जा रहे गन्ना मूल्य भुगतान की स्थिति की सतत् समीक्षा की जा रही है। वर्तमान सरकार द्वारा अब तक कुल 211350 करोड रुपए का रिकार्ड गन्ना मूल्य भुगतान किसानों को किया जा चुका है।

## अवैध वाहन स्टैंड, वसूली व अतिक्रमण के खिलाफ 15 दिन का विशेष अभियान प्रारंभ

● सड़क राजमार्गो पर किसी प्रकार की अवैध वसूली रोकने के लिए राज्य सरकार सख्त: संजय प्रसाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के तहत प्रदेश मे अवैध टैक्सी स्टैण्ड, बस स्टैण्ड, रिक्शा स्टैण्ड, अवैध वाहनों के संचालन तथा अवैध वसूली एवं सड़को पर अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध बुधवार से 31 मई 2023 तक विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। सड़क राजमार्गो पर किसी भी प्रकार की अवैध वसूली रोकने के लिए राज्य सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं।

प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद द्वारा समस्त मंडलायुक्त, पुलिस आयुक्त, जिलाधिकारी व समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को इस संबंध में जरूरी दिशा निर्देश निर्गत कर दिए गए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि प्रदेश के सभी जनपदों में जिला प्रशासन, नगर निकाय, पीडब्लूडी, अन्य संबंधित विभागों तथा परिवहन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त टीमें गठित की जाएंगी। यह विशेष टीमें अवैध टैक्सी, बस, रिक्शा स्टैण्ड तथा संचालित अवैध वाहनों, अवैध पार्किंग व अन्य अवैध परिवहन गतिविधियों को रोकने के लिए इन्हें संचालित करने वाले ठेकेदारों आदि के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई कराना सुनिश्चित करेंगी। संजय प्रसाद ने कहा है कि सड़क राजमार्गो पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न हो, इस सम्बन्ध में जनपद स्तर पर कार्ययोजना बनाकर कार्रवाई की जाए। सड़को पर से अवैध अतिक्रमण यथा अवैध बाजार, रेहड़ी, ठेले तथा अवैध होर्डिंग आदि हटवाने के लिए नगर निकाय, पीडब्लूडी, विकास प्राधिकरण तथा जनपदीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त कार्ययोजना के अनुरूप अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। अतिक्रमण हटवाने से पूर्व वैकल्पिक स्थल व वेंडिग जोन के लिए स्थान निर्धारित कराकर ही अवैध अतिक्रमण हटवाया जाए। वैकल्पिक स्थानों के चिन्हीकरण के पश्चात ठेलेए रेहड़ी आदि वहॉ पर व्यवस्थापित कराई जाए। प्रमुख सचिव गृह ने यह भी कहा है कि सड़क राजमार्गो पर किसी प्रकार की अवैध वसूली न होने पाए। अवैध टोल वैरियर, अवैध तहबाजारी वसूली तथा सड़को पर लगने वाले मार्केट से अवैध वसूली के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग, जिला प्रशासन तथा तहसील-नगर निकाय के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज होगा भजन कीर्तन, रामलीला तथा रासलीला मंडलियों का ब्यौरा

● पोर्टल पर हर ग्राम सभा से एक भजन मंडली का पंजीकरण होगा सुनिश्चित: जयवीर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने संस्कृति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि भजन कीर्तन, रामलीला तथा रासलीला मंडलियों के रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन पोर्टल तैयार किये जाए। उन्होंने कहा है कि हर ग्राम सभा में एक भजन मंडली का पंजीकरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा प्रदेश के संग्रहालयों में आगन्तुकों की संख्या बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों तथा अन्य शिक्षण संस्थाओं के छात्रों को जागरूक किया जाए। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह बुधवार को पर्यटन निदेशालय गोमतीनगर में संस्कृति विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने गत् 21-22 दिसम्बर 2022 को आयोजित समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों का शत.प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। एजेण्डा के कतिपय बिन्दुओं पर कार्यवाही न किये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए यथाशीघ्र क्रियान्वयन किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन के पश्चात ही संबंधित कर्मियों का वेतन आहरित किया जाए। मंत्री जयवीर सिंह ने संस्कृति विभाग के अंतर्गत आने वाले समस्त अकादमी तथा संस्थानों द्वारा किये जा रहे कार्यों में गति लाने के साथ ही लापरवाह कर्मियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने संस्कृति विभाग के विभिन्न सेक्टरों में कार्यक्रमों के आयोजन के दौरान वित्तीय अनुशासन लागू किये जाने के लिए जारी शासनादेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने भारतेन्दु नाटक अकादमी, संगीत नाटक अकादमी, ललितकला अकादमी समेत अन्य संस्थानों में लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए कहा। पर्यटन मंत्री ने सभी संस्थानों द्वारा निष्पादित किये गये एमओयू के बिन्दुओं पर तेजी से कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही शासन द्वारा आवंटित धनराशि का शत प्रतिशत सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए। किसी भी संस्थान से आवंटित धनराशि के दुरूपयोग की शिकायत मिलने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने अयोध्या शोध संस्थान द्वारा कराये जा रहे सभी कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता का पालन करने को कहा। जयवीर सिंह ने संस्कृति विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने अधूरे कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में विलम्ब तथा अधोमानक सामग्री का प्रयोग पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने संस्कृति विभाग के विशेष सचिव अमरनाथ उपाध्याय को निर्देश दिये कि सभी संस्थानों के कार्यों एवं वित्तीय स्थिति की नियमित समीक्षा करें। प्रमुख सचिव संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने प्रदेश की संस्कृति नीति तैयार करने के लिए सभी अकादमियों से एक सप्ताह में सुझाव देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भारत सरकार की संस्कृति नीति का भी अध्ययन कर लिया जाए। इसके आधार पर एक कारगर नीति तैयार किये जाने का प्रयास किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अधिकांश शिक्षण संस्थाओं में युवा क्लब का गठन किया जा चुका है। इनके माध्यम से संग्रहालयों में आगन्तुकों,दर्शकों को संख्या बढ़ाने के लिए छात्रों को जोड़ा जाए। इस अवसर पर विशेष सचिव संस्कृति अमरनाथ उपाध्याय, पर्यटन सलाहकार जेपी सिंह के अलावा संस्कृति विभाग के अधिकारीए कर्मचारी मौजूद थे।

## भाजपा ने सत्ता का भारी दुरुपयोग कर लोकतंत्र को कलंकित किया: अखिलेश

● अधिवक्ता जफरयाब जिलानी, पूर्व मंत्री पं. हरिशंकर तिवारी एवं अरुणाचल के पूर्व मंत्री चाउतेवामे के निधन पर शोक प्रकट किया गया



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि नगर निकाय चुनावों में भाजपा ने सत्ता का भारी दुरुपयोग कर लोकतंत्र को कलंकित किया है। निर्वाचन आयोग की भूमिका सवालों के घेरे में रही है। प्रशासन ने भाजपा कार्यकर्ता की तरह काम किया है। जनता इस सच से वाकिफ है और वह इसका करारा जवाब सन् 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में देगी। अखिलेश यादव ने यह बात मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में विधायकों व प्रमुख नेताओं के साथ निकाय चुनाव की समीक्षा बैठक के दौरान कही।

इस मौके पर अधिवक्ता जफरयाब जिलानी, पूर्व मंत्री पं. हरिशंकर तिवारी एवं अरुणाचल के पूर्व मंत्री चाउतेवामे के निधन पर शोक प्रकट किया गया और उनके शोकाकुल परिवारीजनो के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। इसके अतिरिक्त पार्टी के अन्य प्रमुख नेताओं की मृत्यु पर भी शोक जताते हुए दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। अखिलेश ने कहा कि सन् 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाना है। बूथ स्तर तक पार्टी का मजबूत संगठन बनाकर जनता के दु:खदर्द में शरीक होते रहना है। समाजवादी पार्टी भाजपा की कुनीतियों से बराबर लड़ती रहेगी। अब जनता जानने लगी है कि भाजपा झूठ और फरेब से लोगों को बरगलाने में माहिर है। समाजवादी पार्टी के मुकाबले उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार का छ: वर्ष में एक भी विकास कार्य नहीं है। केन्द्र सरकार के 9 वर्ष हो गये है। जनहित में भाजपा की केन्द्र सरकार ने बहकानेए भटकाने के अलावा कोई काम नहीं किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव में जनता ने भाजपा को सबक सिखाने का काम किया है। निकाय चुनाव में भाजपा के लगभग 25 फीसदी सांसदों के क्षेत्र में जनता ने भाजपा प्रत्याशियों को हरा दिया है। महंगाईए बेरोजगारीए ठप्प कारोबारए ध्वस्त कानून व्यवस्था एवं बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता का फैसला है। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, किसानों की समस्याएं देश में बड़ा मुद्दा है। प्रदेश और देश की इन समस्याओं के लिए केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार जिम्मेदार है।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स

## खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने के साथ ही यूपी की कला-संस्कृति के भी होंगे दर्शन

● देश के 24 विश्वविद्यालयों के 471 खिलाड़ी आएंगे गोरखपुर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

**खेलो** इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में प्रतिभाग करने आ रहे खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने के साथ उत्तर प्रदेश की कला-संस्कृति के दर्शन का भी अवसर प्राप्त होगा। गोरखपुर की मेजबानी में रामगढ़ताल में 27 से 31 मई तक होने वाली रोइंग प्रतियोगिता में शामिल होने आ रहे खिलाड़ी यूपी की खास नृत्य कलाओं व लोकगायन का आनंद भी ले सकेंगे।

मुख्यमंत्री की मंशा है कि खेलो इंडिया गेम्स के प्रतिभागी यूपी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकास की बदली तस्वीर के भी साक्षी बनें। उन्हें यहां की विशिष्ट कलाओं को भी समझने का अवसर मिले। इसी के अनुरूप अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल की देखरेख में संपूर्ण आयोजन की रूपरेखा भी तय की गई है। तैयार कार्ययोजना के मुताबिक खेलो इंडिया के मेजबान शहरों में प्रतियोगिता के साथ ही खिलाड़ियों के लिए सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया जायेगा। इसमें विभिन्न विधाओं के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। गोरखपुर में रोइंग प्रतियोगिता रामगढ़ताल में होगी तो उसके समीप स्थित योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह एवं सांस्कृतिक केंद्र में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक संध्या के आयोजन की जिम्मेदारी उप निदेशक संस्कृतिए डॉ मनोज गौतम को दी गई है। डॉ मनोज गौतम के अनुसार गोरखपुर में खेलो इंडिया के प्रतिभागी खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग दिन मयूर नृत्यए राई नृत्य, धोबिया नृत्य, इंद्रासनी नृत्य, कथक नृत्य व लोकगायन के कार्यक्रम होंगे। इसके लिए कलाकारों के चयन की प्रक्रिया अंतिम दौर में है।

## कर्मचारी शिक्षको का धरना आज, मुख्यमंत्री को देंगे ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

12 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश द्वारा जनपदों में धरना देने का कार्यक्रम घोषित किया गया है। जिसके क्रम में जनपद शाखा द्वारा गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय पर धरना देकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जायेगा। जनपद अध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव ने बताया कि आज समीक्षा बैठक नगर निगम महासंघ कार्यालय में संपन्न हुई । बैठक में विभिन्न जनपदों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर महासचिव शशि मिश्रा ने बताया कि सभी जनपदों में कर्मचारी आंदोलन के लिए तैयार हैं। उन्होंने मांगो को लेकर बताया कि उनकी मांग में पुरानी पेंशन की बहाली, सरकारी संस्थानों में निजीकरण न किया जाए, आउटसोर्सिंग, संविदा,वर्कचार्ज कर्मचारियों के नियमितीकरण सेवा सुरक्षा की नीति बनाई जाए। राष्ट्रीय वेतन आयोग का गठन किया जाए। कर्मचारी संवर्गों के वेतन विसंगतियां एकैडर पुनर्गठन, सेवा नियमावली का प्रख्यापन। घाटे में चल रहे निगम कर्मचारियों को महंगाई भत्ता एवं अन्य लाभ समान रूप से दिया जाए। बिजली कर्मचारियों का उत्पीड़न समाप्त किया जाए, समझौतों को लागू किया जाए। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष वी पी मिश्र एवं महासचिव शशि कुमार मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों के अध्यक्ष, मंत्री एवं मोर्चा से संबंध घटक राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ, रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद, राज्य निगम कर्मचारी महासंघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, माध्यमिक शिक्षक संघ, फार्मेसिस्ट फेडरेशन, विकास प्राधिकरण कर्मचारी संगठन, फेडरेशन ऑफ फॉरेस्ट एसोसिएशन आदि के कर्मी कार्यक्रम में भागीदारी करेंगे। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष सुरेश रावत वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीश मिश्र एवं महामंत्री अतुल मिश्रा ने बताया की जनपदों में उनके अध्यक्ष, मंत्री कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कोआर्डिनेट कर रहे हैं।

## आजमगढ़ से 25-25 हजार के दो ईनामी अपराधियों को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**एसटीएफ** ने आजमगढ़ जिले से 25-25 हजार रुपए के दो ईनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया। दोनों की पुलिस को गैंगेस्टर एक्ट के मामले में लंबे समय से तलाश थी। आजमगढ़ जिले में अपराधियों की धरपकड़ के लिए छानबीन कर रही एसटीएफ की टीम को सूचना मिली कि थाना सरायमीर से गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित 25-25 हजार रुपए के ईनामी अपराधी नसीम अहमद व परवेज अहमद बस्ती नहर पुलिया के पास आने वाले हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर दोनों को गिरफ्तार किया।

अभियुक्तों ने संयुक्त पूछताछ पर बताया कि वह लखनऊ व आजमगढ़ में एजेन्टों के माध्यम से वीजा बनवाकर लोगों को गल्फ कन्ट्री भिजवाते हैं। इस सम्बन्ध में अभियोग भी पंजीकृत हो चुका है। प्रापर्टी डीलिंग का काम भी करते हैं, जिसके सम्बन्ध में कई अभियोग भूमि विवाद से सम्बन्धित पंजीकृत हुए है। आजमगढ़ पुलिस द्वारा दोनों पर गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्रवाई की गई थी। जिसके बाद दोनों की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। पुलिस दोनों की सरगर्मी से तलाश कर रही थी लेकिन अभी तक इन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाई थी। एसटीएफ के मुताबिक नसीर अहमद का लम्बा-चौड़ा आपराधिक इतिहास है।

## 13 नगर निगमों में अपने दम पर पहली बार भाजपा का बोर्ड

● कानपुर, वाराणसी व बरेली में बसपा और अयोध्या-सहारनपुर में कांग्रेस शून्य पर

नवसृजित शाहजहांपुर और बुंदेलखंड के झांसी में समाजवादी के पार्षद शून्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**नगर** निकाय चुनाव प्रचार के दौरान सीएम योगी ने आमजन से भाजपा का महापौर जिताने के साथ ही बोर्ड भी बनवाने की अपील की थी। सीएम के इस आह्वान पर जनता ने मुहर लगाई, जिससे पहली बार 13 नगर निगमों में भारतीय जनता पार्टी अपने दम पर बोर्ड बनाएगी। नवसृजित शाहजहांपुर और बुंदेलखंड के झांसी में योगी की अपील का यह असर रहा कि समाजवादी पार्टी के एक भी पार्षद नहीं जीते। सपा इन दोनों नगर निगमों में शून्य पर रही। वहीं कई नगर निगम क्षेत्रों में सपा से अधिक जनता ने निर्दलियों पर भरोसा जताया। कानपुर, वाराणसी व बरेली में बसपा और अयोध्या, सहारनपुर में पार्षद पद पर कांग्रेस का खाता नहीं खुला।

सूबे के 17 नगर निगमों में से 13 पर भारतीय जनता पार्टी के आधे से अधिक पार्षदों ने जीत हासिल की। लखनऊ व कानपुर में 110-110 सीटों में से क्रमश: 80-63 पार्षद भारतीय जनता पार्टी के जीते। वहीं वाराणसी, गाजियाबाद, प्रयागराज व आगरा के 100-100 में से क्रमश: 63, 66,56 व 58 सीटों पर कमल खिला। वहीं गोरखपुर व बरेली की 80-80 सीटों पर भाजपा क्रमश: 42 व 51 पर जीती। भाजपा की यह जीत सीएम योगी के विश्वास की जीत है। जनता का सीएम पर यह विश्वास है कि उनके एक आह्वान पर हर जगह कमल खिल गया। सीएम योगी के प्रयासों से नित नई ऊंचाई छू रहे बुंदेलखंड के झांसी और नवसृजित शाहजहांपुर नगर निगम में समाजवादी पार्टी के पार्षदों की संख्या शून्य रही। दोनों सीटों पर जनता ने न सिर्फ साइकिल की चैन उतार दी, बल्कि यहां भारतीय जनता पार्टी के 60 में से 38 और 60 में से 41 सीटों पर पार्षदों को जिताया। वहीं कानपुर, वाराणसी व बरेली में बसपा तथा अयोध्या व सहारनपुर में कांग्रेस का पार्षद पद पर खाता नहीं खुला।

मेरठ में 90 में से भारतीय जनता पार्टी के 42 पार्षद नगर निगम पहुंचने में सफल रहे। यहां समाजवादी पार्टी को महज 13 सीटें मिलीं। सपा से अधिक निर्दलियों का दबदबा रहा। यहां 26 सीटों पर निर्दलियों ने जीत हासिल की। वहीं फि रोजाबाद में समाजवादी पार्टी और निर्दलियों की सीटें 15-15 की बराबरी पर रही। अयोध्या में 13 निर्दल पार्षदों ने जीत हासिल की।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर पद यात्रा आज

**लखनऊ।** पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के संयोजक-सदस्य ज्योति प्रकाश पाण्डेय एचं प्रदीप सरल ने संयुक्त रूप से जारी बयान में कहा कि पुरानी पेंशन बहाली को लेकर 18 मई को 2 बजे अपरान्ह शहीद स्मारक से लेकर कलेक्ट्रेट तक विशाल पदयात्रा मुख्यालय के कर्मचारियों द्वारा निकाली जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा जाऐगा। पुरानी पेंशन पर सरकार द्वारा कोई ठोस निर्णय न लिए जाने पर प्रान्तीय आवाह्न पर लखनऊ में महारैली की जाऐगी। पाण्डेय ने बताया कि पदयात्रा कार्यक्रम 75 जिलों में कार्यरत कर्मचारी रैली निकालकर सम्बन्धित जिलों के जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सम्बोधित पुरानी पेंशन बहाली ज्ञापन सौपेंगे। प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय ने पेंशन अधिकार पदयात्रा में शिक्षकों से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आवाहन करते हुए कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाली नही हो जाती है तब तक देश-प्रदेश के शिक्षक कर्मचारियों का संघर्ष चलता रहेगा।

# ढिलाई पर तय होगी जवाबदेही

● जिलाधिकारी ने की निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की प्रगति की समीक्षा, दिए निर्देश

● मेडिकल कालेज निर्माण व्यापक जनहित की परियोजना : जिलाधिकारी



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**जिले** में बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं को विकसित करने के उद्देश्य से बुधवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की प्रगति की समीक्षा कीए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की सुस्त गति पर कड़ी नाराजगी जताई। इनका गुणवत्तापरक निर्माण तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज ;एकेडमिक डिवीजनद्ध में सुरक्षा के दृष्टिगत समस्त कार्यवाहिया 02 हफ्ते में पूर्ण कर ली जाए। मेडिकल कालेज निर्माण परियोजना व्यापक जनहित की हैं। इनमें किसी भी दशा में विलंब स्वीकार नहीं है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर जोर दिया। चेताया कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक लेटलतीफी पर जवाबदेही तय की जाएगी। कार्यस्थल पर मानव संसाधन बढ़ाया जाए। कहीं कोई समस्या आ रही हो तो उन्हें एवं सीडीओ को जानकारी दें। डीएम ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के डी.ब्लॉक के निर्माण में आ रही बाधा जल्द दूर होगी। परिसर में संचालित सिटी स्कैन की शिफ्टिंग की शासन से हरी झंडी मिलते ही कार्यदायी संस्था उस भवन ध्वस्तीकरणए निर्माण कार्य बिना किसी देरी के शुरू कराना होगा। इसका वर्किंग प्लान अभी से बना लेए ताकि उस ब्लाक का भी ससमय निर्माण पूर्ण हो सके। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण समयबद्ध ढंग से गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने फेजवार निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की प्रगति जानी, और जरूरी निर्देश दिए। कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या आए तो तत्काल अवगत कराएं। बैठक में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलेश गोयल, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ताए सीएमएस डॉ एससी श्रीवास्तवए सीएमएस डॉ ज्योति मल्होत्राए कंसलटेंट एजेंसी डीएलएफ की टीमए डीएसटीओ अरविंद वर्मा सहित निर्माण संस्था से जुड़े प्रतिनिधि, अन्य संबंधित अफसर मौजूद रहे।

## बरेली मंडल में एनआईए ने की व्यापक छापेमारी

**बरेली।** एनआईए ने आज कई राज्यों में बड़े स्तर पर छापेमारी की। इस छापेमारी में बरेली मंडल भी शामिल है आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त बदमाशों, मादक पदार्थ तस्करों, गैंगस्टर्स के गठजोड़ के खिलाफ एक बड़े ऑपरेशन को एनआईए अंजाम दे रही है। पीलीभीत से सटे हुए उत्तराखंड के कुछ गांवों के साथ ही अन्य शहरों में एनआईए की टीम दबिशें दे रही है। सूत्रों के अनुसार एनआईए ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्यों के ठिकानों पर भी छापेमारी जारी है, अन्य गैंगस्टर्स के ठिकानों पर भी दबिश दी है, उनका सहयोग करने वालों व साथियों के यहां पर भी छापे डाले गए हैं। कुछ आतंकी गतिविधियों में लिप्त संगठनों से जुड़े बदमाश भी टीम की रडार पर हैं उत्तर प्रदेश और बरेली मंडल के अलावा हरियाणा, राजस्थान पंजाब, मध्यप्रदेश, दिल्ली में बड़े स्तर पर छापे डाले गए हैं।

# 2500 के बिल का खेल, किसान बेहाल

● फर्जी बिलिंग की शिकायत सुनकर डीएम हुए हैरान, किसान दिवस पर समस्याओं के तत्काल निस्तारण के दिए निर्देश, किसानों से की अपील, सरकारी क्रय केन्द्रों पर बेचें अपना गेहूं

● नहरों और माइनर में पानी न छोड़े जाने से समय पर नहीं हो पा रही फसलों की सिचाईं

● ग्राम पंचायतो में नहीं हो रहा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव- संतसरन

**संवाददाता।** सीतापुर

**किसान** दिवस में किसानो की समस्याओं को सुनकर उनके समय पर निस्तारण कराने का आस्वाशन डीएम अनुज सिंह ने दिया। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी ने अध्यक्षता करते हुए किसानों की समस्याएं सुनी। डीएम ने समस्याओं को सुनने के बाद निर्देश दिए कि किसानों की शिकायतो का प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार निस्तारण किया जाए, और एक सप्ताह के अन्दर अनुपालन अख्या भी प्रस्तुत की जाए। डीएम ने किसानों और किसान संगठनो के प्रतिनिधियों से अपील की कि वह अपना गेंहू सरकारी क्रय केन्द्रो पर ही बेचे। ग्राम पंचायतो के माध्यम से गेंहू बेचने पर 27 रुपया प्रति कुंटल अनुदान की व्यवस्था है। इससे पूर्व उपकृषि निदेशक डाक्टर एस के सिंह ने विगत किसान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण की स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि विभिन्न विभागो की 6 शिकायते प्राप्त हुई थी। जिनमें से चार का निस्तारण हो गया है। किसान दिवस में औरगांबाद के प्रगतिशील किसान उमेश पांडेय ने नहरों में पानी जरुरत के समय न उपलब्ध होने, बिजली विभाग द्वारा किए जा रहे धोखाधड़ी आदि की समस्याएं रखी। किसान उमेश पांडेय ने डीएम को विस्तार से बताया कि बिजली विभाग के मीटर रीडर किस तरह फर्जी ढंग से रीडिंग लेते समय लोड बढ़ा देते है,जिससे किसानों को भारी भरकम बिल चुकता करना पड़ता है। डीएम ने इस शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारी को आश्यक कार्यवाई के निर्देश दिए। किसान मुकेश पांडेय, संजय पांडेय, संतसरन भार्गव आदि ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। किसान दिवस में उपकृषि निदेशक डाक्टर एस के सिंह, अधिशासी अभियंता सिचाईं विशाल पोरवाल, जिला उद्यान अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव सहित सम्बधित विभागों के अधिकारी किसान अरुण शुक्ला, दीपाशुं मिश्रा सहित 25 किसान मौजूद रहे।

# नवनिर्वाचित अध्यक्षों का हुआ सम्मान

● भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने किया अभिनन्दन समारोह

● विकास की नई रेखा खीचने का नव निर्वाचित चेयरमैनों ने दिलाया भरोसा

● सार्थक होगा साथ आएं सीतापुर सजाएं का नारा : चेयरमैन नेहा अवस्थी

**संवाददाता।** सीतापुर

**नगर** निकाय चुनाव में मिली एतिहासिक जीत के बाद नव निर्वाचित अध्यक्षों को सम्मानित किया गया। नव निर्वाचित चेयरमैनों ने भरोसा दिलाया कि वह अपने कार्यकाल में शहरों, नगरों का ऐसा विकास करेंगे जो आने वाले समय में इतिहास बनेगा। जिला पंचायत नेहरु हाल सभागार में आयोजित अभिनंन्दन समारोह को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा की यह चुनाव उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं था। अभिनन्दन समारोह को सम्बोधित करते हुए नगर पालिका परिषद सीतापुर की नव निर्वाचित चेयरमैन नेहा अवस्थी ने मतदाताओं, भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं और आम जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि सीतापुर को ट्रिपल इंजन की सरकार मिली है। अब विकास का प्रवाह और भी तेज होगा। उनकी तरफ से जो यह नारा दिया गया था कि साथ आएं सीतापुर सजाएं, इसे सार्थक किया जाएगा। नगर निकाय खैराबाद के इतिहास में 76 वर्षों बाद भाजपा का कमल खिलाने वाली नवनिर्वाचित चेयरमैन बेबी गुप्ता के पति अभिषेक गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि खैराबाद में जीत का इतिहास बना नहीं बल्कि अब बनेगा। अभिनन्दन समारोह में पहुंचे नगर पंचायत सिधौली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गंगाराम राजपूत ने भारत माँ का जयकारा लगाकर सभी में राष्ट्रभक्ति के प्रति जोश भरा।

# डीएम ने किया किसानों से संवाद, दिए समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

● 22 मई से 10 जून तक चलेगा पीएम किसान संतृष्तिकरण अभियान



**लखीमपुर खीरी।** किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजित हुआ। इसमें किसानों ने अधिकारियों के सामने समस्याएं रखीं। डीएम ने अफसरों को किसानों की समस्याओं का समय से व गुणवत्तापरक निस्तारण कराने का निर्देश दिया। कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानपरक योजनाओं के जरिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही है। इस दौरान उन्होंने मौजूद किसानों से संवाद किया, किसानों से खेती किसानी से जुड़े विशेषज्ञों ने जरूरी जानकारी साझा की। कहा कि जिले में 22 मई से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने हेतु अभियान चलेगा। ग्राम पंचायत वार तिथियां निर्धारित कर दी गयी हैं। ग्राम में आयोजित कैम्प में सभी छूटे हुए पात्र लाभार्थी उपस्थित होकर अपनी समस्या का समाधन कराएं। बैठक में किसानों द्वारा चीनी मिल हरगांव से किसानों को प्रेसमड न मिल पाने की समस्या से अवगत कराया। डीएम ने सीतापुर जिले के सीडीओ से वार्ता कर समस्या का समाधान कराएं। सीडीओ ने कहा कि अफसर किसानों की जायज समस्याओं का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें तथा आगामी किसान दिवस में आख्या सहित उपस्थित हो। उप कृषि निदेशक अरविंद मोहन मिश्र ने बैठक में आए हुए समस्त अधिकारीगण व सम्मानित कृषकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में डीडी कृषि अरविन्द मोहन मिश्र, जिला कृषि अधिकारी अरविन्द कुमार चौधरी, पीपीओ सत्येन्द्र सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी (गोमती) सुभाष चन्द्र, डीएचओ मृत्युंजय सिंह, सीवीओ डा.सोमदेव चौहान, कृषि विज्ञान केन्द्र डा. निरंजन लाल, डा. पीके बिसेन, डा. जिया लाल गुप्ता, कृषि वैज्ञानिक अन्य अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहे।

## बिना परमिट सड़क पर दौड़ रहे हैं हजारों वाहन

**मोहम्मदी खीरी।** नगर में शायद एक भी टैक्सी परमिट नहीं है और हजारों की संख्या में इनोवा, बोलेरो, स्कार्पियो, मारूति वेन सहित विभिन्न कंपनियों के चार पहिया वाहन किराया टैक्सी के रूप में सड़क पर दौड़ रही है। अवैध रूप से संचालित इन वाहनों के पास टैक्सी परमिट तो दूर शायद इंश्योरेंस सहित अन्य दस्तावेज भी मिले।अवैध टैक्सियों का परिचालन हर मुख्य सड़क से लेकर गली मोहल्ले और चौक.चौराहों में किसी भी वक्त देखा जा सकता है। इन टैक्सियों के लिए न ही कोई किराया नियत है और न ही नियम। अवैध रूप से संचालित टैक्सियों का जाल जिसे व्यवस्थित नहीं होने के कारण आम लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। और सबसे अहम दुर्घटना होने पर कोई क्लेम भी नही मिलता है। प्राइवेट कोटे से पास चार पहिया वाहनों को किराए पर लेकर चलने वाले लोगों को दुर्घटना की स्थिति में काफी नुकसान उठाना पड़ता है। क्योंकि बीमा कंपनियां उनमें सवार उन यात्रियों को क्लेम देने से मना कर देती हैं।

# एनसीसी कैडेटों को मिला सम्मान

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**स्वामी** शुकदेवा नन्द महाविद्यालय में एनसीसी कैडेटों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए लेफ्टीनेंट डॉ आलोक कुमार सिंह बताया कि विगत 7 से 16 मई तक जवाहर नवोदय विद्यालय में 25एनसीसी बटालियन की ओर से लेफ्टीनेंट कर्नल विजय कुमार मिश्रा के कुशल निर्देशन में सीएटीसी कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में जनपद शाहजहांपुरए पीलीभीत एवम बीसलपुर के डिग्री कॉलेज और इंटर कालेजों से लगभग 500 कैडेटों ने विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण के साथ साथ कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डॉ राकेश कुमार आजाद ने इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले केडेटो को पुरस्कृत करते हुए कहा कि एकता और अनुशासन के मूलमंत्र के साथ साथ उन्हे अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कठिन परिश्रम के लिए भी संकल्पित रहना चाहिए। महाविद्यालय आईक्यूएसी के डायरेक्टर डॉ आदित्य सिंह ने सभी पदक विजेताओं को आशिर्वाद दिया। पुरस्कृत होने वाले कैडेटों में डीएसटी के लिए संध्या यादव और अंशुमान को प्रथमए नृत्य और गायन में आकांक्षा मिश्रा को प्रथमए फायरिंग कंप्टीटीशन में सुलोचना और यशित रस्तोगी को प्रथमए पायलेटिंग में गोपाल को प्रथम तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता में कनक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कैम्प में शानदार प्रदर्शन कर कैदेट्स द्वारा महाविद्यालय के लिए पदक जीतने पर महाविद्यालय के सचिव डॉ एके मिश्रा और अन्य शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया।

## सोशल मीडिया पर पैगम्बर की शान में अमर्यादित पोस्ट

# तिलहर में गुस्साए लोगों का हंगामा

● पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल सभ्रांत लोगो ने की शांति की अपील



**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**जिले** की तहसील तिलहर में मंगलवार रात को एक युवक ने सोशल मीडिया पैगम्बर की शान में आमर्यादित पोस्ट को शेयर कर दिया। जिसके बाद पोस्ट के वायरल होते ही हंगामा शुरू हो गया। मुस्लिम समाज के लोगो ने बड़ी तादात में थाने पर पहुंचकर युवक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। इस दौरान लोगों ने गुस्से का इजहार करते हुए प्रदर्शन किया। पुलिस ने आक्रोशित लोगो को कार्यवाही का आश्वासन देकर समझा बुझाकर शांत करने का प्रयास किया। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष इमरान खान में मौके पर पहुंचकर मुस्लिम समाज के आक्रोशित लोगो से शांति की अपील करते हुए उनसे घरों में लौटने, पुलिस पर विश्वास रखने का भरोसा दिया। जिसके बाद लोग घरो पर वापस लौट गए। पुलिस ने आमर्यादित पोस्ट करने वाले युवक की गिरफ्तारी के लिए ग्राम डभौरा में दबिश देकर आरोपी वरुण धवन को गिरफ्तार कर लिया।

### वकीलों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया

**अमर्यादित** पोस्ट पर नाराज मुस्लिम समाज के लोगों को कार्यवाही का भरोसा देने के बाद पुलिस ने मुस्लिम समाज के चार वकीलों की तहरीर के आधार पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के घर की सुरक्षा के लिए ग्राम डभौरा में पुलिस फोर्स तैनात कर दी।

### बुधवार को मुस्लिम समाज के लोगो में बाजार बंद रखा

**अमर्यादित** पोस्ट को लेकर नाराज मुस्लिम समाज के लोगों ने बुधवार को अपनी दुकाने बंद रखकर अपने विरोध का इजहार किया। इस दौरान पुलिस ने बुधवार को आरोपी आरोपी वरुण धवन जेल भेज दिया। समाज के कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि कुछ लोग सड़क जाम करने का प्रयास कर रहे हैं। जिसके बाद एसपी सहित आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। एसपी एस आंनद ने मुस्लिम समाज के प्रभावशाली लोगों से वार्ता कर शांति बनाए रखने की अपील की। जिसके बाद समाज के लोगों ने पुरजोर कोशिश कर आपसी भाईचारे को कायम रखने में हर संभव मदद का आश्वासन दिया, जिससे शांति बहाल हो सकी। इस दौरान पुलिस ने भीड़ को खदेड़ने के लिए हल्का बल भी प्रयोग किया। पुलिस अधीक्षक एस आनंद एसपी सिटी सुधीर जायसवाल एडीएम त्रिभुवन सिंह मौके पर पहुंचे और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।एसपी और एडीएम ने पुलिस बल के साथ नगर में पैदल मार्च किया।

# हृदयाघात से बचना है तो प्रतिदिन कम से कम आधा घंटे व्यायाम करें

● रक्तचाप दिवस पर आयोजित हुई गोष्ठी



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**जिला** पुरुष चिकित्सालय ओयल खीरी के सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के उपलक्ष में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 70 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। गोष्ठी में मैटर रजनी मसीह द्वारा भोजन में हानिकारक पदार्थों यथा मैदा आदि के इस्तेमाल से होने वाली बीमारियों के संबंध में समस्त प्रतिभागियों को सचेत किया तथा डॉ. आरएस मधौरिया द्वारा प्रतिदिन कम से कम आधा घंटे व्यायाम कर हृदयाघात एवं मोटापे को कम करने की सलाह दी गई। डॉ. रामकिशन नाक कान गला रोग विशेषज्ञ के द्वारा तंबाकू एवं नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया तथा डॉ. अखिलेश शुक्ला मनोचिकित्सक के द्वारा उच्च रक्तचाप से मानसिक विकृति संबंधी रोगों के बारे में लोगों को सचेत किया तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एमसीएच विंग डॉ. अविनाश श्रीवास्तव के द्वारा ब्लड प्रेशर की नियमित जांच करवाने हेतु जोर दिया गया तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ. आई के चंदानी द्वारा 40 वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों को प्रतिवर्ष स्वास्थ्य परीक्षण करवाने हेतु जोर दिया गया तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता के द्वारा समस्त प्रतिभागियों को प्रतिदिन व्यायाम करने एवं समय.समय पर जांच करवाने के लिए शपथ दिलाई तथा सभी को अपने संबंधियों मित्रों आदि से विशेषज्ञों द्वारा बताई गई, सावधानियों को साझा करने हेतु बल दिया, जिससे आयोजित की गई । गोष्ठी का उद्देश्य पूर्ण किया जा सके कार्यक्रम के अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गईस उक्त गोष्ठी में एनसीडी के डॉ. राकेश गुप्ता, विजय वर्मा, मयंक गौतम व जिला चिकित्सालय से स्तुति कक्कड़, अतुल पांडे, नीरज, मधुसूदन, सरिता वर्मा, हॉस्पिटल मैनेजर आदि उपलब्ध रहा।

## दस हजार रुपए रिश्वत लेते लेखपाल गिरफ्तार

**बरेली।** एक लेखपाल को किसान से दस हजार की रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन टीम ने दबोच लिया टीम ने आरोपी लेखपाल के विरुद्ध थाने में मुकदमा दर्ज कराया पुलिस ने लेखपाल को हिरासत में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी। बहेड़ी थाना क्षेत्र के हथमडा के रहने वाले दलजीत सिंह की कुछ समय पहले फसल बर्बाद हो गई थी जिसकी जांच करने के बाद लेखपाल के द्वारा रिपोर्ट लगाई जानी थी लेखपाल धर्मेंद्र सिंह किसान दलजीत से रिपोर्ट लगाने के बदले में रिश्वत मांग रहा था जिसकी शिकायत किसान ने एंटी करप्शन से की थी शिकायत मिलने पर एंटी करप्शन की ओर से एक टीम बनाई गई थी जिसमें इंस्पेक्टर प्रवीन सयाल, हेड कांस्टेबल पवन कुमार, इमरान, प्रमोद वर्मा और अमित शामिल थे। टीम ने लेखपाल धर्मेंद्र सिंह को रंगे हाथ दस हजार की रिश्वत लेते हुए दबोच लिया आरोपी लेखपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

# हथौड़ा बुजुर्ग में विधिक साक्षरता और जागरूकता शिविर का किया आयोजन

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**प्राथमिक** विद्यालय हथौड़ा बुजुर्ग में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । शिविर की अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीयूष तिवारी ने की। इस अवसर पर तहसील स्तर पर चलायी जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं , स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी व पशु क्रूरता अधिनियम व स्थायी लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में नायब तहसीलदार सदर चन्द्र गुप्त सागर ने तहसील स्तर पर चलायी जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला । डॉ नन्दनी सक्सेना ने स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दी व हाइपरटेंशन बीमारी पर चर्चा की । महिला कल्याण अधिकारी श्रीमती अमृता ने मिशन शक्ती के तहत बेटी बचाव व बेटी पढ़ाओ के बारी में लोगों को बताया । वन विभाग के प्रतिनिधि विजय सिंह ने पशु कुरुर्ता अधिनियम के बारे में लोगों को अवगत कराया । शिविर का संचालन लोक अदालत लिपिक श्री मोहम्मद अफजल द्वारा किया गया। इस शिविर में पी0एल0वी0 श्रीमती गीतांजली, श्री विकास मिश्रा व सैनिक पाण्डेय, अधिक संख्या में ग्रामीणजन विद्यालय के अध्यापकगण व छात्र-छत्राएं आदि लोग उपस्थित रहे ।

## क्विक न्यूज

### जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन 31 मई को : सीडीओ

**लखीमपुर खीरी।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव 2023 कार्यक्रम का आयोजन 31 मई को पं दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में होगा। जिला युवा उत्सव 2023 के आयोजन के संबंध में सीडीओ अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यक्रम सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभागियों का नामांकन, निर्णायक मंडल का गठन एवं पुरस्कार वितरण समेत पूरे कार्यक्रम के क्रियान्वयन की रूपरेखा पर अफसरों के साथ मंथन किया, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। युवा उत्सव में केन्द्र, प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगेगी, जिसमें सरकारी विभाग बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला युवा उत्सव 2023 कार्यक्रम का व्यापक प्रचार.प्रसार कराते हुए जन सामान्य की भी सहभागिता सुनिश्चित की जाए। सीडीओ ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा शक्ति से जनभागीदारी के माध्यम से आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत युवा दृष्टिकोण में 2047 के भारत की परिकल्पना एवं प्रधानमंत्री द्वारा दिए अमृत काल के पंच प्रण पर रोशनी डालना है। जिला युवा अधिकारी ;नेहरू युवा केंद्रद्ध ने बताया कि जिला युवा उत्सव 2023 में 05 विधाओं चित्रकला, पेंटिंग, काव्य लेखन, फोटोग्राफी, भाषण प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक केके पांडेय, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी दिनेश श्रीवास्तव, अग्रणी जिला प्रबंधक अजय कुमार पांडेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, एडीआईओ नरेंद्र कुमार मौजूद रहे।



### सांप काटने से बच्ची की मौत

**बरेली।** ईट भट्टे पर काम करने वाले माता-पिता के साथ रात के समय कमरे में सो रही बच्ची को सांप ने काट लिया इलाज के दौरान जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।नवाबगंज थाने के गांव भीकमपुर निवासी दीनदयाल की 10 वर्षीय बेटी काजल कि इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई उसे देर रात नवाबगंज स्वास्थ्य से लाकर भर्ती कराया गया था जिला अस्पताल में मौजूद मृतका के पिता दीनदयाल ने बताया कि वह नवाबगंज के फाजिलपुर स्थित ईट भट्टे पर काम करता है उसका परिवार भी ईट भट्टे पर बने कमरे में रहता है बीती रात परिवार के सभी लोग कमरे में सो रहे थे इसी दौरान जहरीले सांप ने काजल को काट लिया जिससे वह बेहोश होने लगी कुछ देर बाद ही उसे इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल लाया गया यहां कुछ देर बाद ही उसने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### दादी को मारने वाले पोते को पुलिस ने भेजा जेल

**बरेली।** दादी का हत्या करने वाले युवक को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह गुस्से में अपना आपा खो बैठा था जिस वजह से उससे हत्या हो गई।सुभाषनगर थाना क्षेत्र के बहेटी देह जागीर गांव के रहने वाले तालेवर नासिक में मोबाइल टावर लगाने का काम करता है और कुछ दिन पहले नासिक से घर लौटा था उसका पत्नी सोनी से विवाद चल रहा है जिस वजह से वह शाहजहांपुर मायके में रहती थी उसके चाचा के पेट का ऑपरेशन होने पर उसकी पत्नी उन्हे देखने आई थी इस दौरान तालेवर की दादी ने सोनी को घर पर रोक लिया था इसकी जानकारी होने पर तालेवर ने विरोध किया था इस दौरान हत्यारोपी ने घर में आग लगाने के साथ ही दादी को पीट-पीटकर घायल कर दिया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इसकी मौत के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आरोपी ता लेवल को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी पुलिस ने आज उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा।

### एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 22 मई को

**लखीमपुर खीरी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानए लखीमपुर खीरी में 22 मई को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा हैए जिसमें वोने इण्डिया सर्विसेज प्राण्लिण् नोएडा के माध्यम से सुरभी सेटकाम प्राण्लिण् नोएडाए यूकेबी इलेक्ट्रानिक्स प्राण्लिणए माइक्रो टर्नर विनोला मैनेसर हरियाणा आदि अन्य बड़ी कई कम्पनियां प्रतिभाग कर रही हैए आईटीआई उत्तीर्णध्अन्य इच्छुक अभ्यर्थी 10रू30 बजे से 3रू30 बजे तक अपने सभी मूल प्रमाण.पत्र एवं छायाप्रति के साथ मेले में प्रतिभाग कर रोजगार मेले का लाभ उठा सकते है। उक्त आशय की जानकारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने दी।

### कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण के लिए करें ऑनलाइन आवेदन, ऑफलाइन व्यवस्था खत्म

**लखीमपुर खीरी।** वित्तीय वर्ष 2023.24 से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा कृत्रिम अंग ध्सहायक उपकरण योजना ऑनलाइन कर दी गयी है। जिसके तहत दिव्यांगजनो को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण ;ट्राईसाइकिल व्हीलचेयरए बैसाखीए कान की मशीनए स्मार्ट केनए एमआरकिट लेप्रोसी किट कृत्रिम हाथए कृत्रिम पैर व कैलीपर आदिद्ध प्रदान किये जाते है। उक्त आशय की जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीरपाल ने दी। उन्होंने बताया कि जिन दिव्यांगजनो को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण की जरूरत है और उन्हें विगत तीन वर्षों मे दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग अथवा अन्य श्रोत से कोई उपकरण प्राप्त नहीं हुआ है वह . दिव्यांगता प्रमाण पत्र ;न्यूनतम 40 प्रतिशतद्ध आय प्रमाण पत्रए निवास प्रमाण पत्रए जाति प्रमाण पत्रए आधार कार्ड रंगीन फोटो तथा चिकित्सा अधिकारी से उपकरण हेतु संस्तुति प्रमाण पत्र सहित वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर उसकी हार्ड कापी कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी लखीमपुर में जमा करे।

### भाजपा को वोट देने पर हुए जान के दुश्मन

**बरेली।** एक युवक के परिवार ने निकाय चुनाव में भाजपा को वोट दिया था जिसके चलते उसके मोहल्ले के कुछ लोग रंजिश मानते हैं। उन्होंने उसके परिवार पर हमला किया महिला के साथ छेड़छाड़ करने के साथ ही उसके पति को पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने में शिकायत की लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर उसने एसएसपी से शिकायत कर सुरक्षा की मांग की। थाना इज्जनगर के शिकारपुर चौधरी की रहने वाली रुवीना बी पत्नी नासिर ने बताया कि मंगलवार की रात वह और उनके पति अपने घर पर अकेले थे, उसी दौरान मोहल्ले के हसन रजा पुत्र अकबर, ताहिर व तस्दीक पुत्रगण हसन रजा व एजाज, शाहिद पुत्रगण मोहम्मद नवी घर में घुस आये और प्रार्थिनी व उसके पति से कहा कि तुमने हमारे कहने पर मतदान नहीं किया है और तुमने बीजेपी को वोट दिया है तुम लोगों को गाँव में रहने का कोई हक नहीं है।

# इमरान के घर में छिपे 30-40 आतंकी

## पंजाब सरकार ने कहा, 24 घंटों में सरकार के हवाले करें

**भाषा।** लाहौर

**पाकिस्तान** के पंजाब प्रांत की अंतरिम सरकार ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख इमरान खान को लाहौर स्थित उनके आवास में छिपे 30-40 आतंकवादियों को सौंपने के लिए 24 घंटों का समय दिया है और ऐसा नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। बुधवार को मीडिया में इस संबंध में आई खबरों में यह जानकारी मिली है। गौरतलब है कि मार्च में खान को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस जमान पार्क वाले आवास पर गई थी लेकिन पीटीआई कार्यकर्ताओं के भीषण विरोध के कारण ऐसा नहीं हो पाया। कार्यवाहक सूचना मंत्री आमिर मीर ने लाहौर में संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमें खुफिया विभाग से सूचना मिली है कि सैन्य प्रतिष्ठानों, खास तौर से नौ मई को लाहौर में कोर कमांडर के आवास पर हमले में शामिल 30-40 आतंकवादी इमरान खान के जमान पार्क वाले आवास में छिपे हुए हैं। हम खान और उनकी पार्टी को इन आतंकवादियों को पुलिस को सौंपने के लिए 24 घंटे का वक्त देते हैं या फिर कड़ी कार्वाई की जाएगी।

लोकप्रिय न्यूज एंकर हामिद मीर के भाई आमिर मीर ने खान से इस अल्टीमेटम को गंभीरता से लेने को कहा क्योंकि कानून प्रवर्तन एजेंसियों को उनके आवास से आतंकवादियों को गिरफ्तार करने का अधिकार प्राप्त है। नौ मई को प्रदर्शन करने वालों को आतंकवादी करार देते हुए मीर ने कहा कि सरकार के पास पुख्ता सूचना है कि वे लोग खान के जमान पार्क वाले आवास में मौजूद हैं। मीर ने कहा, खुफिया विभाग से जो रिपोर्ट मिली है वह बहुत ही चिंतित करने वाली है। उन्होंने कहा कि एजेंसियां जियो-फेंसिंग के माध्यम से जमान पार्क में आतंकवादियों की उपस्थिति की पुष्टि करने में सफल रही हैं।

जियो-फेंसिंग ऐसी प्रौद्योगिकी है जो उपग्रह के सिग्नल का उपयोग करके लोगों और वाहनों की आवाजाही आदि का पता लगा सकती है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद देश भर में हुई हिंसा को याद करते हुए मीर ने आरोप लगाया कि पीटीआई नेतृत्व ने (इमरान खान की) गिरफ्तारी से पहले ही हमले की तैयारियां कर ली थीं।

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर में नौ मई को अर्धसैनिक बल पाकिस्तान रेंजर्स ने खान (70) को गिरफ्तार किया था जिसके बाद पूरे देश में अशांति की स्थिति हो गई थी। पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार प्रदर्शनकारी रावलपिंडी स्थित सेना के मुख्यालय में घुस गए और लाहौर स्थित कोर कमांडर के मकान को जला दिया था। पुलिस ने हिंसा की घटनाओं में मरने वालों की संख्या 10 बताई है, वहीं खान की पार्टी का दावा है कि सुरक्षा बलों द्वारा चलाई गई गोलियां लगने से पार्टी के 40 कार्यकर्ताओं की मौत हुई है।

मीर ने यह भी आरोप लगाया कि पीटीआई प्रमुख तय योजना के तहत एक साल से भी ज्यादा वक्त से सेना पर निशाना साध रहे थे। खबरों के अनुसार, कार्यवाहक सूचना मंत्री ने कहा कि सरकार ने हिंसा के खिलाफ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाई है और अंतरिम मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने आगजनी करने वालों से निपटने के लिए पंजाब पुलिस को पूरी छूट दे रखी है। मीर ने कहा, कोर कमांडर के आवास पर हमले के वक्त आगजनी करने वाले कई लोग जमान पार्क के भीतर मौजूद लोगों के संपर्क में थे। उन्हें नजीर बनाया जाएगा ताकि भविष्य में फिर कोई ऐसा कुछ ना करे।

## खान की गिरफ्तारी पर रोक 31 मई तक बढ़ी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ नौ मई के बाद दर्ज किसी भी मामले में उनकी गिरफ्तारी पर रोक के अपने आदेश को बुधवार को 31 मई तक बढ़ा दिया। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) खान द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 70 वर्षीय अध्यक्ष ने सरकार द्वारा उनकी गिरफ्तारी का डर जताया था। न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब ने वकीलों की दलीलें सुनने के बाद खान के वकील बैरिस्टर गौहर खान की उस याचिका को स्वीकार कर लिया जिसमें पुलिस को खान को गिरफ्तार करने से रोकने के लिए अदालत के आदेश की अवधि को बढ़ाने का अनुरोध किया था। खान अदालत में मौजूद नहीं थे। अदालत खान के खिलाफ दर्ज सभी मामलों का ब्योरा मांगने की पीटीआई की अर्जी पर सुनवाई कर रही थी। खान की पार्टी का दावा है कि पीटीआई प्रमुख के खिलाफ देशभर में 100 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। न्यायालय ने खान की गिरफ्तारी पर रोक के अपने आदेश को 31 मई तक बढ़ा दिया। इसी दिन मामले की अगली सुनवाई भी होगी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को खान को बड़ी राहत देते हुए अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में उन्हें दो सप्ताह की सुरक्षात्मक जमानत दी थी और देश में कहीं भी दर्ज किसी भी मामले में पूर्व प्रधानमंत्री की 17 मई तक गिरफ्तारी पर रोक का आदेश दिया था। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने अदालत परिसर से नौ मई को खान की नाटकीय तरीके से गिरफ्तारी को अवैध और गैरकानूनी करार दिया था। खबर के अनुसार इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने बुधवार को पीटीआई नेताओं मलीका बुखारी और अली मोहम्मद खान की गिरफ्तारी को गैरकानूनी घोषित करते हुए उनकी रिहाई का भी आदेश दिया। खान की गिरफ्तारी के बाद देश में हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद पीटीआई नेताओं को सार्वजनिक व्यवस्था कायम रखने से जुड़े अध्यादेश, 1960 के तहत गिरफ्तार किया गया था। गौरतलब है कि इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर में अर्धसैनिक बल पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा नौ मई को खान को गिरफ्तार कर लिया था जिसके बाद में पाकिस्तान में व्यापक स्तर पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। पुलिस ने हिंसक झड़पों में मारे गए लोगों की संख्या 10 बताई थी जबकि खान की पार्टी ने सुरक्षा बलों की गोलीबारी में उसके 40 कार्यकर्ताओं के मारे जाने का दावा किया था।

## रूस की अदालत ने प्रतिष्ठित फिल्म निर्माता व निर्देशक को गिरफ्तार करने के आदेश दिए

**मॉस्को।** मॉस्की की एक अदालत ने रूस की सेना के खिलाफ झूठी जानकारी फैलाने के आरोप में प्रतिष्ठित फिल्म निर्माता अलेक्जेंडर रोदन्यांस्की और रंगमंच निदेशक इवान वैरीपाएव को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। रोदन्यांस्की और वैरीपाएव के खिलाफ अदालत में शुरूआती सुनवाई 27 अप्रैल को हुई थी। अदालत की प्रेस सेवा के मुताबिक, रोदन्यांस्की और वैरीपाएव रूस से बाहर हैं और उनका प्रत्यर्पण होने पर रूस के अधिकारी उन्हें गिरफ्तार कर लेंगे। रूस के गृह मंत्रालय ने वैरीपाएव को संघीय वांछित सूची में शामिल कर दिया है। कीव में पैदा हुए रोदन्यांस्की हाल के दशकों में रूसी सिनेमा को गहरे तक प्रभावित करने वाली शख्सियत रहे हैं। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद उन्होंने रूस छोड़ दिया था और बार-बार युद्ध के खिलाफ आवाज़ भी बुलंद की है। अक्टूबर 2022 में रूस के न्याय मंत्रालय ने रोदन्यांस्की को विदेशी एजेंट करार दिया था।



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन एग्रीमेन्ट हस्ताक्षर करने के बाद ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बातचीत करते हुए।

# किम जोंग उन ने सैन्य जासूसी उपग्रह का निरीक्षण किया, प्रक्षेपण जल्द

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपने देश की अंतरिक्ष एजेंसी के दौरे में एक सैन्य जासूसी उपग्रह का जायजा लिया, जिसे प्योंगयांग जल्द प्रक्षेपित कर सकता है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बुधवार को यह जानकारी दी। केसीएनए के मुताबिक, मंगलवार को अंतरिक्ष एजेंसी के दौरे पर पहुंचे किम ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया का मुकाबला करने के लिए अंतरिक्ष-आधारित जासूसी को महत्वपूर्ण बताया। एजेंसी के अनुसार, किम ने जासूसी उपग्रह के प्रक्षेपण की तैयारियों के तहत भविष्य के लिए एक अनिर्दिष्ट कार्य योजना को मंजूरी दी। हालांकि, केसीएनए ने उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए निर्धारित तारीख के बारे में कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन कुछ विश्लेषकों का कहना है कि उत्तर कोरिया अगले कुछ हफ्तों में ऐसा कर सकता है। इस प्रक्षेपण के लिए लंबी दूरी की मिसाइल प्रौद्योगिकी का सहारा लिया जा सकता है, जिसके इस्तेमाल पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पिछले प्रस्तावों के तहत प्रतिबंध लगाया गया है।

हालांकि, उत्तर कोरिया द्वारा अतीत में किए गए मिसाइल और रॉकेट परीक्षणों से अंतरिक्ष में उपग्रह लॉन्च करने की उसकी क्षमता उजागर हुई है। इसके अलावा, उपग्रह की क्षमताओं को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। कुछ दक्षिण कोरियाई विश्लेषकों का कहना है कि उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया द्वारा जारी तस्वीरों में दिख रहा उपग्रह काफी छोटा नजर आ रहा है, जिसे उच्च-रेजोल्यूशन वाली तस्वीरें लेने के लिए गंभीरता से डिजाइन किया गया है। उन्होंने बताया कि उत्तर कोरियाई मीडिया ने पिछले मिसाइल प्रक्षेपणों के बाद जो तस्वीरें जारी की थीं, वे कम रेजोल्यूशन की थीं। रोदोंग सिनमन अखबार ने मंगलवार के दौरे की जो तस्वीरें प्रकाशित की हैं, उनमें सफेद रंग का लैब कोट पहने किम और उनकी बेटी एक ऐसी वस्तु के पास खड़े वैज्ञानिकों से संवाद करते नजर आ रहे हैं, जो किसी उपग्रह का मुख्य उपकरण प्रतीत होती है। अखबार ने लाल रंग के टेप से लिपटी इस वस्तु के बारे में कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी।

केसीएनए के मुताबिक, अंतरिक्ष एजेंसी के दौरे पर किम ने कहा कि देश के रक्षा ढांचे को मजबूत करने के उनके प्रयासों के तहत एक जासूसी उपग्रह हासिल करना अहम होगा, क्योंकि साम्राज्यवादी अमेरिका और उसकी कठपुतली दक्षिण कोरिया उत्तर कोरिया के खिलाफ आक्रामक कार्वाई लगातार तेज कर रहे हैं। किम संभवत: अमेरिका, दक्षिण कोरिया और उनके सहयोगी देशों द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे संयुक्त सैन्य अभ्यासों की तरफ इशारा कर रहे थे।

## क्विक न्यूज

### माताओं, बच्चों की सेहत के लिए स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन को एक साथ देखने की जरूरत : विशेषज्ञ

**केप टाउन।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि गर्भवती महिलाएं या माताएं और बच्चे स्वास्थ्य के लिहाज से जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति संवेदनशील होते हैं। उन्होंने देशों की क्षेत्रीय और वैश्विक योजनाओं में स्वास्थ्य एवं जलवायु परिवर्तन को एक साथ देखने या उनके समाकलन को बढ़ावा देने के लिए एकजुटता के साथ प्रयास करने की जरूरत भी रेखांकित की। डब्ल्यूएचओ, जिनेवा में मातृ, नवजात, शिशु और किशोर स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. अंशु बनर्जी ने कहा कि गर्भावस्था में जलवायु संबंधी नुकसान की आशंका अधिक होती है। यहां पिछले सप्ताह इंटरनेशनल मेटरनल न्यूबॉर्न हेल्थ कॉन्फ्रेंस (आईएमएनएचसी 2023) में शामिल होने आए डॉ बनर्जी ने कहा कि गर्भकाल में होने वाले अनेक शारीरिक बदलावों के कारण ऐसा होता है और इस कारण महिलाएं जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशील होती हैं। उन्होंने कहा, ऐसा ही नवजातों के साथ होता है। उनकी अपरिपक्व प्रतिरोधक क्षमता और खुद के तापमान को नियंत्रित करने की कम क्षमता उन्हें जलवायु परिवर्तन से जुड़े नुकसानों को लेकर अधिक जोखिम में डालती है। उन्होंने कहा कि इसलिए देशों की संबंधित राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय योजनाओं में जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य के समाकलन को बढ़ावा देने और आगे कार्वाई करने में देशों का समर्थन करने के लिए मिलकर काम करना अत्यावश्यक है। डॉ. बनर्जी ने कहा, हम देशों की सरकारों और साझेदारों से जलवायु और स्वास्थ्य पर क्रांतिकारी कार्रवाई के लिए गठबंधन (एटीएसीएच) में शामिल होने का आग्रह कर रहे हैं।

### ब्रिटिश विश्वविद्यालय की टीम ने हृदय रोग के जोखिम के मुकाबले के लिए हिंदी वीडियो बनाया

**लंदन।** ब्रिटेन के एक विश्वविद्यालय के एक दल ने दक्षिण एशियाई मूल के गैर अंग्रेजी भाषियों के बीच हृदयरोग के बढ़ते जोखिमों को लेकर जागरूकता पैदा करने के वास्ते एक हिंदी वीडियो बनाने के लिए विशेषज्ञों के साथ हाथ मिलाया। मेरी सेहत , मेरे रूल्स भारतीय मूल के वैज्ञानिक डॉ. कांता कुमार के शोध पर आधारित वीडियो है। इस शोध में पाया गया है कि दक्षिण एशिया के संधिवात गठिया (आरए) से पीड़ित को हृदय रोग (सीवीडी) के बढ़ते जोखिम की सीमित जानकारी होती है। इस सप्ताह सामने आए इस परस्पर संवादात्मक वीडियो में आर ए मरीजों पर मंडराने वाले जोखिमों के बारे में बताया गया है। उसमें यह भी बताने की कोशिश की गई है कि सीवीडी के प्रभाव को कैसे कम से कम किया जा सकता है। बर्मिंघम विश्वविद्यालय के परियोजना प्रमुख डॉ. कुमार ने कहा कि हम मानते हैं कि यह वीडियो सीवीडी जोखिम से परिचित कराने तथा उन सांस्कृतिक बाधाओं को दूर करने में मददगार होगा जो आरए से ग्रस्त दक्षिण एशियाई मरीजों को सीवीडी से उत्पन्न जोखिमों का पता नहीं चलने दे रही थी। उन्होंने कहा कि यह वीडियो इन लोगों को अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

### रूस ने फिनलैंड के मिशनों के बैंक खातों पर रोक लगाई

**हेल्सिंकी।** फिनलैंड के विदेश मंत्री पेक्का हाविस्तो ने बुधवार को कहा कि रूस ने मास्को और सेंट पीटर्सबर्ग में फिनलैंड के राजनयिक प्रतिनिधियों के बैंक खातों पर रोक लगा दी है जिससे धनराशि (मुद्रा) प्रवाह बाधित होने से देश के मिशनों (दूतावासा वाणिज्य दूतावासों) को नकद भुगतान करना पड़ रहा है। हाविस्तो ने कहा कि अप्रैल के अंत में रूस की ओर से उठाया गया यह कदम राजनयिक संबंधों पर वियना संधि का उल्लंघन है और फिनलैंड ने इस मामले पर रूस को एक राजनयिक नोट (विरोध पत्र) दिया है। धनराशि यातायात समस्या वाले हम अकेले नहीं हैं। रूस में कुछ अन्य यूरोपीय देशों के सामने भी धनराशि यातायात की ऐसी समस्या आई है। हमारी सूचना के अनुसार फिनलैंड पर पाबंदियां सबसे अधिक सख्त में एक हैं। रूस के कदमों से मास्को में फिनलैंड के दूतावास तथा सेंट पीर्टसबर्ग में वाणिज्य दूतावास के किराए, बिजली एवं पानी के बिल के भुगतान पर असर पड़ा है।

# ग्लोबल टीचर प्राइज के विजेता ने भारतीय शिक्षकों से 2023 के लिए आवेदन करने को कहा

**भाषा।** लंदन

**ग्लोबल** टीचर प्राइज के रूप में 10 लाख अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार जीतने वाले रंजीतसिंह दिसाले ने बुधवार को प्रेरक भारतीय शिक्षकों से इस वार्षिक पुरस्कार के 2023 के संस्करण के लिए आवेदन करने को कहा है। गौरतलब है कि दुनिया के किसी भी हिस्से में नवोन्मेषी और प्रभावशाली शिक्षण उपलब्धियों के लिए शिक्षकों को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का यह वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इतना ही नहीं, ग्लोबल टीचर प्राइज 2020 के विजेता ने अभिभावकों और छात्रों से भी आग्रह किया है कि वे अपना जीवन बदलने वाले शिक्षकों को इस पुरस्कार के लिए नामित करें।

दिसाले को महाराष्ट्र के परीतेवाड़ी गांव के जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाली लड़कियों का जीवन बदलने के लिए यह पुरस्कार दिया गया।

पुरस्कार पाने के बाद से दिसाले तमाम बड़े नीति निर्माताओं से मिले हैं और विश्व बैंक को भी सलाह दी है। दिसाले ने कहा, भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी रहती है और ऐसे में वह दुनिया को दिशा देने में बड़ी भूमिका निभाने वाला है। उन्होंने एक बयान में कहा, हमारे देश के प्रेरणादाई शिक्षक अगली पीढ़ी के दूरद्रष्टाओं का भविष्य संवारने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। इसलिए मैं उन्हें ग्लोबर टीचर प्राइज 2023 के लिए आवेदन करने को प्रोत्साहित करता हूं और अभिभावकों तथा छात्रों से भी अपने अच्छे शिक्षकों को नामित करने की अपील करता हूं। दिसाले ने कहा, उनकी कहानियां सुनी जानी चाहिए और दुनिया को पता चलना चाहिए कि उन्होंने क्या हासिल किया है।

# हिंद महासागर में मछली पकड़ने वाली चीनी नौका के डूबने से 39 लोग लापता

## चीन ने अंतरराष्ट्रीय मदद मांगी

**भाषा।** बीजिंग

**चीन** ने बुधवार को हिंद महासागर में डूबने वाली अपनी एक नौका में सवार 39 लोगों को बचाने के लिए कई देशों से मदद मांगी है। आधिकारिक मीडिया ने इस बारे में खबर दी। खबर में कहा गया है कि हिंद महासागर के मध्य हिस्से में मंगलवार को डूबी मछली पकड़ने वाली चीनी नौका पर चीन के 17, इंडोनेशिया के 17 और फिलीपीन के पांच लोग सवार थे।

खबर के अनुसार, लापता लोगों में से अब तक किसी का पता नहीं चला है और तलाश जारी है। खबर में कहा गया है कि चीन के विदेश मंत्राय ने ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, मालदीव, इंडोनेशिया, फिलीपीन और अन्य देशों के संबंधित विभागों से तलाश एवं बचाव अभियान में सहयोग देने के लिए संपर्क किया है। इस बीच, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने नौका हादसे में लापता लोगों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आदेश दिया है। चिनफिंग ने मंगलवार तड़के करीब तीन बजे हुई घटना के बाद संबंधित विभागों को तत्काल आपात प्रतिक्रिया तंत्र को सक्रिय करने का निर्देश दिया है।

चिनफिंग ने कहा कि विदेश मंत्रालय और विदेशों में संबंधित दूतावासों को खोज और बचाव कार्य के समन्वय के लिए संबंधित स्थानीय दलों के साथ संपर्क मजबूत करना चाहिए। उन्होंने जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुदूरवर्ती-समुद्री अभियानों को लेकर सुरक्षा जोखिमों की पूर्व चेतावनी प्रणाली में सटीकता और तेजी लाने का भी आदेश दिया। खबर के मुताबिक, चीन के प्रधानमंत्री ली क्यांग ने भी राहत कार्य को व्यवस्थित करने एवं हताहतों की संख्या को कम करने के लिए संबंधित पक्षों से समन्वित होकर अधिकतम प्रयास करने का आह्वान किया है।

# श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे की विदेश यात्रा पर लगी पाबंदी हटी

**कोलंबो।** श्रीलंका की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे पर लगे विदेश यात्रा प्रतिबंध को बुधवार को हटाने का आदेश दिया। पिछले साल मई में फोर्ट मजिस्ट्रेट की अदालत ने महिंदा राजपक्षे (77) और कुछ अन्य नेताओं की विदेश यात्रा पर रोक लगा दी थी। उनके खिलाफ कोलंबो में सरकार-विरोधी शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर घातक हमले में संलिप्तता को लेकर जांच चल रही थी। पिछले साल मई में हिंसा में कम से कम नौ लोगों की जान चली गई थी और 300 से अधिक अन्य लोग घायल हो गए थे। न्यूजफर्स्ट डॉट आईके वेबसाइट की खबर के मुताबिक, बुधवार को फोर्ट मजिस्ट्रेट की अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे, सांसद रोहित ए., मंत्री पवित्र वन्नैराच्चि एवं पूर्व प्रांतीय परिषद सदस्य कंचना जयरत्ने के विदेश यात्रा प्रतिबंध को पूरी तरह हटा दिया है। डेली मिरर अखबार के अनुसार, कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट थिलिना गमागे ने रजिस्ट्रार को तत्काल इस आदेश के बारे में आप्रवासन और उत्प्रवास महानियंत्रक को सूचित करने का आदेश दिया। जब्त किए गए पासपोर्ट को इन चारों नेताओं को लौटाए जाने का आदेश दिया गया। पिछले साल अप्रत्याशित आर्थिक संकट के बीच तत्कालीन प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के समर्थकों द्वारा सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों पर हमला किए जाने के बाद हिंसा भड़क गई थी और नाराज भीड़ ने कई सांसदों के घरों एवं कार्यालयों में आग लगा दी थी। प्रदर्शनकारियों ने राजपक्षे के छोटे भाई और तत्कालीन राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे का इस्तीफा मांगा था। महिंदा राजपक्षे ने कुछ घंटे बाद इस्तीफा दे दिया था और देश में कर्फ्यू लगा दिया गया था।

PUBLIC NOTICE

My clientess Smt. Kanta Mishra W/o Sh. Suresh Chandra R/o RZA-108, Jeewan Park, Uttam Nagar, West Delhi, Delhi-110059 has debarred all relations form her daughter Pooja Mishra from her movable-immovable assets, my clientess shall not be responsible for any kind of acts, done by them in future.

Sd/-
ARJUN SINGH ADVOCATE
D-10135/19 Ch. No.D-51,
Karkardooma Court Delhi-32,
Ph:-8178450247

## ब्रिटिश संसद की दीवारों में दरार, छत से टपक रहा पानी

**लंदन।** ब्रिटिश संसद की वास्तुकला दुनियाभर में मशहूर है और इसे यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल का दर्जा भी हासिल है। हर साल औसतन 10 लाख लोग इस भव्य इमारत का दौरा करते हैं। हालांकि, ब्रिटिश सांसदों ने बुधवार को आगाह किया कि संसद भवन की दीवारों में पड़ी दरारें बढ़ रही हैं और उसकी छत से पानी भी टपक रहा है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

**I, Rajni Kant, hereby declare** that my son Sashank, aged about 17 years resident of C-4/ 32A, Keshav Puram, Delhi-110035, has spelling error in his name in passport bearing no. S2438676. Correct spelling of his name is Shashank.

PD(033)A

# भारत-यूरोपीय संघ आपसी साझेदारी को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध

**भाषा।** ब्रसेल्सालंदन

भारत और यूरोपीय संघ ने कहा है कि वे मूलभूत मूल्यों को साझा करते हैं और एक बहु-ध्रुवीय दुनिया में सुरक्षा, समृद्धि और सतत विकास सुनिश्चित करने में दोनों का साझा हित है। दोनों देशों ने एक साझा बयान में यह भी कहा कि दोनों पक्ष विकास की गति को बढ़ाने और आधुनिक डिजिटल तकनीक तैनात करने के लिए आपसी साझेदारी को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिससे दोनों ही देशों को फायदा होगा। भारत-यूरोपीय संघ व्यापार एवं तकनीकी परिषद (टीटीसी) की पहली बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में दोनों पक्षों ने कहा कि वे दोनों ही चुनौतीपूर्ण और अस्थिर वैश्विक राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं।

ब्रसेल्स में मंगलवार शाम को संपन्न हुई बैठक की सह-अध्यक्षता यूरोप की ओर से कार्यकारी उपाध्यक्ष मार्ग्रेथ वेस्टेगर और वाल्डिस डोंब्रोव्स्की ने की। इस बैठक में भारत की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, कौशल विकास एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर मौजूद थे।

संयुक्त बयान में कहा गया, भू-रणनीतिक चुनौतियों ने यूरोपीय संघ और भारत के साझा हित को मजबूत किया है ताकि साझा मूल्यों के आधार पर सुरक्षा, समृद्धि और सतत विकास सुनिश्चित किया जा सके। टीटीसी यूरोपीय संघ-भारत द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने में मदद करेगा, जो फिलहाल ऐतिहासिक रूप से उच्च स्तर पर है। वर्ष 2022 में 120 अरब यूरो मूल्य की वस्तुओं का कारोबार हुआ, जबकि इसी वर्ष 17 अरब यूरो मूल्य के बराबर डिजिटल उत्पादों और सेवाओं का कारोबार हुआ था। बयान के मुताबिक, दोनों पक्षों ने नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता के सिद्धांतों का पूर्ण सम्मान, क्षेत्रीय अखंडता, पारदर्शिता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के महत्व पर भी जोर दिया। संयुक्त बयान में वैकल्पिक आधार पर टीटीसी की वार्षिक बैठक यूरोपीय संघ और भारत के बीच कराने का आह्वान किया गया। इसकी अगली बैठक वर्ष 2024 की शुरुआत में भारत में होना प्रस्तावित है।

## भारतीय अमेरिकी महिला ओक्लाहोमा में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गई

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास राज्य से इस माह की शुरुआत में लापता हुई एक 25 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी महिला का शव पड़ोसी राज्य ओकलाहोमा से बरामद किया गया है। यह महिला अपने कार्यालय जा रही थी लेकिन इसी दौरान वह लापता हो गई। लहरी पथिवादा को अंतिम बार मैकिने उपनगर में काले रंग की टोयोटा गाड़ी चलाते हुए देखा गया था। उसके लापता होने के एक दिन बाद ही टेक्सास से करीब 322 किलोमीटर दूर ओकलाहोमा राज्य से उसका शव बरामद किया गया। टेक्सास में सामुदायिक समूह डब्ल्यूओडब्ल्यू ने अद्यतन जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की। अभी इस संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली है कि 13 मई को महिला का शव किन परिस्थितियों में मिला। महिला कोलिन्स काउंटी में मैकिने की निवासी थी और उसे अंतिम बार उपनगर डलास में अल डोराडो पार्कवे तथा हार्डिन बोउलेवार्ड इलाकों में काले रंग की टोयोटा चलाते देखा गया था। मई 12 को जब महिला काम से वापस नहीं लौटी तो उसके परिवार को चिंता हुई। परिवार और मित्रों को जानकारी मिली कि उसके फोन की लोकेशन ओकलाहोमा में है। इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पथिवादा के फेसबुक पेज से जुड़ी जानकारियों के अनुसार वह ओवरलैंड पार्क रीजनल मेडिकल सेंटर में काम करती थी और उसने कनसास विश्विद्यालय से स्नातक किया था। महिला की मौत से परिजन एवं मित्र सदमे में हैं। मामले की जांच की जा रही है।

## बांग्लादेश में एक जनजातीय संगठन के हमले में दो सैनिकों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश की सेना ने बुधवार को कहा कि देश के दक्षिण-पूर्वी पहाड़ी क्षेत्रों में नवगठित आदिवासी संगठन ने एक सैन्य दल पर हमला कर दिया जिससे दो सैनिकों की मौत हो गई एवं दो अन्य घायल हो गए। रक्षा मंत्रालय के इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस निदेशालय ने कहा कि मंगलवार देर शाम यह हमला तब किया गया है।

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रताप चंद्र खिलार/ मोनिका राउत/ LBGUR00003521531 | फ्लैट नंबर-907, टॉवर-डी, 9वीं मंज़िल, रोफ आलयास टॉवर, सेक्टर-102, गुड़गांव, हरियाणा। (क्षेत्रफल 535 वर्ग फुट/ मई 15, 2023 | नवंबर 30, 2022 रु. 21,30,730/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | देवेंद्र सिंह/ सुषमा राज/ LBGUR00004828894/ LBGUR00004856664 | यूनिट नंबर- 0098, ग्राउंड फ्लोर, टॉवर- ट्रिस्टार, स्पेज ट्रिस्टार, सेक्टर-92, गुड़गांव (क्षेत्रफल 266 वर्ग फुट/ मई 15, 2023 | दिसंबर 19, 2022 रु. 19,39,252/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : मई 18, 2023**
**स्थान : दिल्ली**

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# सुप्रीम कोर्ट का आरोपियों को बरी किए जाने संबंधी फैसले पर रोक से इनकार

**जयपुर विस्फोट मामला**

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने 2008 में जयपुर में हुए शृंखलाबद्ध विस्फोट मामले में निचली अदालत द्वारा मौत की सजा पाए चार लोगों को बरी करने संबंधी राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायालय ने कहा कि वह दोषी नहीं ठहराए गए लोगों को सुने बिना विवेकहीन तरीके से ऐसी सख्त कार्वाई के लिए आदेश पारित नहीं कर सकता है।

तेरह मई, 2008 को मानक चौक खंड, चांदपोल गेट, बड़ी चौपड़, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया गेट, जौहरी बाजार और सांगानेरी गेट पर एक के बाद एक बम धमाकों से जयपुर दहल उठा था। विस्फोटों में 71 लोग मारे गए थे और 185 घायल हुए थे। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने हालांकि उच्च न्यायालय के 29 मार्च के फैसले में पारित एक निर्देश पर रोक लगा दी, जिसमें राज्य के पुलिस महानिदेशक को मामले में शामिल जांच अधिकारी और अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच का आदेश देने के लिए कहा गया था। पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। पीठ ने कुछ शर्तें लगाईं और निर्देश दिया कि बरी किए गए चार लोगों को किसी अन्य मामले में वांछित होने तक रिहा किया जाए।

वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष सिंघवी के साथ राजस्थान सरकार की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने पीठ से उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए कहा कि बरी किए गए लोगों को गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराया गया था और मौत की सजा दी गई थी। पीड़ितों के परिवार के सदस्यों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह और अधिवक्ता आदित्य जैन ने भी उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने का अनुरोध किया। पीठ ने कहा कि वह उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक नहीं लगाने जा रही है और उसे बरी किए गए लोगों को सुनने की जरूरत है। न्यायालय ने निर्देश दिया कि चारों अपने पासपोर्ट सौंपेंगे और जेल से छूटने के बाद रोजाना सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच जयपुर के आतंक रोधी दस्ते पुलिस थाने में अपनी पेशी दर्ज कराएंगे। उच्चतम न्यायालय उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने संबंधी राज्य सरकार और विस्फोट पीड़ितों के परिवार के सदस्यों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। उच्चतम न्यायालय जयपुर श्रृंखलाबद्ध विस्फोटों में मारे गए लोगों के कुछ परिजनों की उस याचिका पर सुनवाई करने पर 12 मई को सहमत हो गया था, जिसमें निचली अदालत द्वारा मौत की सजा पाए चार लोगों को बरी करने के राजस्थान उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई थी। राजस्थान उच्च न्यायालय ने 29 मार्च को मामले के चार आरोपियों को मौत की सजा देने संबंधी निचली अदालत के फैसले को रद्द कर दिया था। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत द्वारा पांचवें आरोपी को बरी किए जाने की भी पुष्टि की थी।

## मणिपुर सरकार विश्वास बहाली और शांति सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए : उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को मणिपुर की सरकार को निर्देश दिया कि वह जातीय हिंसा से प्रभावित राज्य में विश्वास बहाली, शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए और कहा कि शीर्ष अदालत होने के नाते वह सुनिश्चित कर सकता है कि राजनीतिक मशीनरी स्थिति को लेकर आंखें ना मूंदे। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के कथित भड़काऊ भाषणों के संबंध में सौंपे गए साक्ष्यों पर संज्ञान लेते हुए शीर्ष अदालत ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को संयम बरतने की सलाह दें।

प्रधान न्यायाधीश धनंजय वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ ने कहा, कृपया संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को जिम्मेदारी भरा बयान देने की सलाह दें। पीठ ने कहा कि वह बहुसंख्यक मेइती समुदाय को आरक्षण देने के मणिपुर उच्च न्यायालय के फैसले से उत्पन्न कानूनी मुद्दों पर विचार नहीं करेगी, क्योंकि इस आदेश को चुनौती देने वाली कई याचिकाएं उच्च न्यायालय की एक वृहद पीठ के समक्ष लंबित हैं। पीठ ने कहा, कानून-व्यवस्था राज्य का विषय है। भारत की शीर्ष अदालत के रूप में वह यह सुनिश्चित कर सकती है कि राजनीतिक मशीनरी स्थिति को लेकर आंखें ना मूंदे।

# पीएससी चयन सूची को लेकर कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

**भाषा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** में राज्य लोक सेवा आयोग की चयन सूची को लेकर सत्ताधारी दल कांग्रेस और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी आमने-सामने हैं। भाजपा ने इस मामले में अनियमितता का आरोप लगाया है वहीं कांग्रेस ने कहा है कि पीएससी चयन पर सवाल उठाना भाजपा की हताशा और निराशा का प्रमाण है। भाजपा ने राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा हाल ही में घोषित चयन सूची को लेकर सवाल उठाया है। पार्टी की युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने 18 मई को लोक सेवा आयोग के दफ्तर का घेराव करने का फैसला किया है। भाजपा ने बुधवार को पीएससी चयन सूची को लेकर कहा कि अधिकारियों, नेताओं और व्यापारियों के रिश्तेदारों का चयन राज्य पीएससी में हुआ है, जो संदेहास्पद है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि पीएससी की घोषित चयन सूची को लेकर राज्य के युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएससी की चयन सूची को देखकर स्पष्ट हो गया है कि यह छत्तीसगढ़ की युवा प्रतिभाओं के साथ सीधी-सीधी धोखाधड़ी है, छल है, अन्याय है।

साव ने कहा कि रात-दिन पुरुषार्थ करने वाले राज्य के युवा अपने उज्ज्वल भविष्य की रचना कर जीवन को संवारने के लिए परिश्रम करते हैं, उन्हें प्रदेश सरकार ने ठेंगा दिखाने का काम किया है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ की युवा शक्ति के साथ जो छल किया है, वह बेहद शर्मनाक और चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर भाजयुमो 18 मई को लोक सेवा आयोग का घेराव करेगा और युवाओं के साथ हुए अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चयन सूची को देखकर युवाओं में आक्रोश पनपा है।

# सीबीआई ने स्वतंत्र पत्रकार तथा नौसेना के पूर्व कमांडर को जासूसी मामले में गिरफ्तार किया

**भाषा।** नई दिल्ली




**केन्द्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने स्वतंत्र पत्रकार विवेक रघुवंशी तथा नौसेना के पूर्व कमांडर आशीष पाठक को कथित तौर पर रक्षा मामलों से जुड़ी संवेदनशील सूचनाओं को गैरकानूनी रूप से एकत्रित करने तथा उन्हें विदेशी खुफिया एजेंसियों के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि रघुवंशी और पाठक को विशेष सीबीआई अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां से दोनों को छह दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया।

सीबीआई ने दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ से जांच अपने हाथ में ली थी, जो पिछले साल सितंबर से रघुवंशी का पता लगाने की कोशिश कर रही थी, जब उसे सूचना मिली थी कि कुछ भारतीय पत्रकार वैसी सूचनाएं जुटाने के बाद विदेशी खुफिया एजेंसियों के साथ साझा कर रहे हैं, जिनसे मित्र देशों के साथ संबंध प्रभावित हो सकते हैं।

रघुवंशी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद सीबीआई ने मंगलवार को जयपुर और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में रघुवंशी और उसके करीबी लोगों से जुड़े 12 स्थानों पर छापेमारी की थी।

प्राथमिकी के मुताबिक, विशेष प्रकोष्ठ द्वारा प्राप्त जानकारी से पता चला कि एक पत्रकार अवैध रूप से सशस्त्र बलों की भविष्य की खरीद और हमारे मित्र देशों के साथ भारत की रणनीतिक और राजनयिक वार्ता से संबंधित संवेदनशील विवरण एकत्र कर रहा था, जिससे इन देशों के साथ भारत के संबंध प्रभावित हो सकते हैं।

विशेष प्रकोष्ठ द्वारा दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक, रघुवंशी ने कथित तौर पर इस तरह की जानकारियां हासिल कीं और इन्हें विदेशों की खुफिया एजेंसियों को उपलब्ध कराया।

रक्षा एवं रणनीतिक मामलों के एक अमेरिकी पोर्टल की वेबसाइट पर रघुवंशी का नाम उसके भारतीय संवाददाता के तौर पर सूचीबद्ध है।

सीबीआई ने रघुवंशी तथा नौसेना के पूर्व कमांडर आशीष पाठक के खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम की धारा 3 (जासूसी) तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बताया कि छापे के दौरान कई संवेदनशील दस्तावेज बरामद किए गए और उन्हें विधिक जांच के लिए भेजा गया है।

## केंद्र ने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले जनता से संवाद की योजना बनाई

**नई दिल्ली।** अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने बुधवार को जनता तक अपनी पहुंच बढ़ाने को बेहतर बनाने के लिए एक दिवसीय मंथन सत्र आयोजित किया। इस दौरान खासकर उन लोगों से संवाद मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनकी पहुंच टेलीविजन और अखबारों तक नहीं है।

सौ से अधिक सरकारी संचार अधिकारियों को संबोधित करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से वंचितों तक पहुंचने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत के एक बड़े हिस्से को टेलीविजन और समाचार पत्रों की सुविधाओं उपलब्ध नहीं है और भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) के अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे समाज के उस वर्ग तक पहुंचें। आईआईएस सरकार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और चिंतन शिविर ने अधिकारियों को सहयोग और आत्मनिरीक्षण करने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया है।

# विज्ञापन करने वाली मशहूर हस्तियों के खिलाफ शिकायतों में भारी उछाल

**भाषा।** मुंबई

**विज्ञापन** उद्योग की स्व-नियामक संस्था एएससीआई ने बुधवार को कहा कि विज्ञापन करने वाली मशहूर हस्तियों (सेलिब्रिटीज) के खिलाफ आने वाली शिकायतों में भारी बढ़ोतरी देखने को मिली है।

भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) ने एक रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में चर्चित हस्तियों के खिलाफ विज्ञापनों से जुड़ी 503 शिकायतें दर्ज की गईं जो एक साल पहले के 55 मामलों की तुलना में 803 प्रतिशत अधिक हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत हस्तियों के लिए अब कानूनी तौर पर किसी भी विज्ञापन का हिस्सा बनते समय ठीक से पड़ताल करना जरूरी है लेकिन हमारे सामने आए 97 प्रतिशत मामलों में वे इस पड़ताल का कोई भी साक्ष्य देने में नाकाम रहे हैं। इन हस्तियों में क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी 10 शिकायतों के साथ सबसे आगे हैं। उनके अलावा यूट्यूब पर मशहूर भुवन बाम के खिलाफ भी विज्ञापन शर्तों का पालन नहीं करने के सात मामले हैं। गेमिंग, शिक्षा, स्वास्थ्य देखरेख और निजी देखभाल वाले उत्पादों से संबंधित विज्ञापनों में नियमों के उल्लंघन के करीब आधे मामले पाए गए हैं।

विज्ञापन उद्योग की इस संस्था को वित्त वर्ष 2022-23 में 8,951 शिकायतें मिली थीं जिनमें से उसने 7,928 विज्ञापनों की समीक्षा की। खास बात यह है कि करीब तीन-चौथाई विज्ञापन डिजिटल मीडिया पर जारी किए गए थे। एएससीआई ने कहा, डिजिटल मीडिया में इस तरह का उल्लंघन ऑनलाइन मंचों पर उपभोक्ताओं की सुरक्षा के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा करता है।

# यूरोपीय संघ के नियमों को देखें

**● जयशंकर ने रूसी तेल पर भारत के खिलाफ कार्रवाई के आह्वान पर कहा**

**भाषा।** नई दिल्ली



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने मॉस्को पर पश्चिमी प्रतिबंधों के विपरीत रूस के कच्चे तेल को परिष्कृत ईंधन के रूप में यूरोप में फिर से बेचने को लेकर भारत पर कार्रवाई के यूरोपीय संघ के विदेश और सुरक्षा नीति प्रमुख जोसेप बोरेल के आह्वान को लगभग नामंजूर कर दिया है। बोरेल ने मंगलवार को कहा कि ब्रसेल्स को पता है कि भारतीय रिफाइनर बड़ी मात्रा में रूसी कच्चे तेल की खरीद कर रहे हैं और इसे यूरोप में बिक्री के लिए ईंधन में संसाधित कर रहे हैं। उन्होंने द फाइनेंशियल टाइम्स से कहा कि यूरोपीय संघ को इसे रोकने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए।

यूरोपीय संघ के उच्च प्रतिनिधि बोरेल ने कहा, अगर डीजल या गैसोलीन यूरोप में प्रवेश कर रहा है...भारत से आ रहा है और रूसी तेल के साथ उत्पादित किया जा रहा है, तो यह निश्चित रूप से प्रतिबंधों का उल्लंघन है और सदस्य देशों को उपाय करना होगा। उनकी यह टिप्पणी ब्रसेल्स में जयशंकर के साथ बैठक से पहले आई। बोरेल की टिप्पणियों पर एक प्रेस वार्ता के दौरान एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि भारत का निर्यात यूरोपीय संघ के किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं करता। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि बोरेल को यूरोपीय संघ परिषद विनियमन 833I2014 को देखना चाहिए। विनियमन का उद्देश्य रूस से कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध से संबंधित मुद्दों से निपटना है। जयशंकर ने कहा, मैं वास्तव में आपके प्रश्न का आधार नहीं देखता क्योंकि (यूरोपीय) परिषद के नियमों के बारे में मेरी समझ यह है कि यदि रूसी कच्चे तेल को किसी तीसरे देश में संसाधित किया जाता है, तो इसे फिर रूसी नहीं माना जाता है। उन्होंने कहा, मैं आपसे परिषद विनियमन 833I2014 को देखने का आग्रह करूंगा। यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के मद्देनजर खरीद को लेकर पश्चिम में बढ़ती बेचैनी से प्रभावित हुए बिना भारत पिछले कुछ महीनों में रूस से रियायती कच्चे तेल का प्रमुख आयातक बन गया है। मंगलवार को बोरेल और जयशंकर ने पहली यूरोपीय संघ-भारत व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) बैठक से इतर बातचीत की। यूरोपीय संघ ने एक बयान में कहा कि बोरेल ने वर्तमान जी20 अध्यक्ष के रूप में भारत के काम की सराहना की, और इस क्षमता में समूह के बाहर के देशों के विविध हितों को भी हल करने के उसके प्रयासों की प्रशंसा की। बयान में कहा गया कि बोरेल ने जयशंकर से कहा कि भारत को यूक्रेन की शांति पहल का समर्थन तथा काला सागर अनाज पहल के महत्वपूर्ण विस्तार पर सहमति के लिए रूस से आग्रह करना चाहिए। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा संचार एवं सूचना-प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ जयशंकर टीटीसी में भाग लेने के लिए ब्रसेल्स में थे।

# कांग्रेस की पांच गारंटी को लागू करने से कर्नाटक के खजाने पर पड़ सकता है 50,000 करोड़ का भार

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** चुनाव से पूर्व कांग्रेस द्वारा किए गए पांच गारंटी के वादे को लागू करने से राज्य के खजाने पर हर साल करीब 50,000 करोड़ रुपए का भार पड़ सकता है। कल्याणकारी उपायों पर होने वाले खर्च को लेकर पार्टी के प्रमुख नेताओं ने जोर देकर कहा है कि कोई उन्हें मुफ्त उपहार नहीं कह सकता क्योंकि ये सशक्तीकरण के उपकरण हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि 10 मई के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को शानदार जीत दिलाने में पांच गारंटी का खासा योगदान रहा है।

राज्य में 224 सदस्ईय विधानसभा के लिए 10 मई को हुए चुनाव में कांग्रेस ने शानदार जीत हासिल करते हुए 135 सीटें अपने नाम कीं, जबकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा नीत जनता दल (सेक्युलर) ने क्रमश: 66 और 19 सीटें जीतीं। कांग्रेस ने कर्नाटक में सत्ता में आने के पहले दिन पांच गारंटी लागू करने का वादा किया है। इन वादों में सभी घरों (गृह ज्योति) को 200 यूनिट मुफ्त बिजली, हर परिवार की महिला मुखिया (गृह लक्ष्मी) को 2,000 रुपए मासिक सहायता, गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के परिवार (अन्न भाग्य) के प्रत्एक सदस्य को 10 किलोग्राम मुफ्त चावल, बेरोजगार स्नातक युवाओं के लिए हर महीने 3,000 रुपए और बेरोजगार डिप्लोमा धारकों (दोनों 18-25 आयु वर्ग में) को दो साल के लिए 1,500 रुपए (युवा निधि) और सार्वजनिक परिवहन बसों (शक्ति) में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा शामिल हैं।

भाजपा के कुछ नेताओं ने आरोप लगाया है कि इन गारंटी का कार्यान्वयन राज्य को वित्तीय दिवालिएपन में धकेल देगा और यह भी दावा किया है कि कांग्रेस अपने चुनाव-पूर्व वादों का पूरी तरह से सम्मान नहीं कर पाएगी।

कांग्रेस घोषणापत्र मसौदा समिति के उपाध्यक्ष प्रोफेसर के.ई. राधाकृष्ण ने बुधवार को पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि पांच गारंटी योजनाओं के कार्यान्वयन पर सालाना 50,000 करोड़ रुपए से अधिक खर्च नहीं होगा।

राधाकृष्ण ने कहा कि कांग्रेस के कुछ नेताओं ने भी इन गारंटी को लागू किए जाने को लेकर संशय जताया है।

उन्होंने कहा, हमारे कुछ नेताओं की भी यह धारणा है लेकिन हम बहुत आश्वस्त हैं क्योंकि मैंने वित्तीय निहितार्थों पर काम किया है। यह 50,000 करोड़ रुपए से अधिक नहीं है। यहां तक कि 50,000 करोड़ रुपए भी दान नहीं है। यह सशक्तिकरण है।

इन योजनाओं को कैसे लागू किया जाएगा, इसके बारे में विस्तार से बताते हुए शिक्षाविद ने कहा कि कर्नाटक सरकार का कुल बजट लगभग तीन लाख करोड़ रुपए है। राधाकृष्ण ने कहा कि किसी भी अच्छी अर्थव्यवस्था का कम से कम 60 प्रतिशत राजस्व निरंतर विकास पर खर्च किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह सरकारी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान करने और सशक्तिकरण कार्यक्रमों को लागू करने में खर्च होता है। राधाकृष्ण ने कहा, राजस्व पूंजी को स्थानांतरित करता है, पूंजी राजस्व को स्थानांतरित करती है। लिहाजा, तीन लाख करोड़ रुपए के बजट में से 1.50 लाख करोड़ रुपए खर्च करने होंगे। अगर ऐसा नहीं होता है तो हमारे पास और 1.5 लाख करोड़ रुपए खर्च करने के लिए कोष नहीं होगा। ए दोनों चीजें एक-दूसरे से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि पांच गारंटी में से अन्न भाग्य योजना पहले से ही लागू है और नए वादे के तहत इसे विस्तार दिया गया है।

# मुस्लिमों को रिझाने के लिए देशभर में अभियान चलाएगा आरएसएस

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले अल्पसंख्यक समुदाय तक पहुंचने के लिए एक राष्ट्र, एक झंडा, एक राष्ट्रगान की थीम के साथ राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करेगा। संगठन ने बुधवार को एक बयान में कहा कि अभियान के तहत एमआरएम स्वयंसेवक समुदाय के सदस्यों के बीच सच्चा मुसलमान, अच्छा नागरिक का संदेश फैलाएंगे।

आरएसएस से जुड़े संगठन ने कहा कि आठ जून से 11 जून तक भोपाल में एमआरएम स्वयंसेवकों और कार्यकर्ताओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उसने कहा कि आरएसएस की राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य इंद्रेश कुमार प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। वह एमआरएम के मुख्य संरक्षक भी हैं। एमआरएम ने कहा कि पिछला प्रशिक्षण कार्यक्रम 2021 में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में आयोजित किया गया था और इसमें आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, संयुक्त महासचिव कृष्ण गोपाल और वरिष्ठ पदाधिकारी राम लाल ने भाग लिया था।

एमआरएम के प्रवक्ता शाहिद सईद ने कहा, 2024 के आम चुनाव से पहले आरएसएस का मुस्लिम राष्ट्रीय मंच एक राष्ट्र, एक झंडा, एक राष्ट्रगान और एक कानून के विचार को मुस्लिम समुदाय तक पहुंचाने के लिए देशभर में अभियान शुरू करेगा। सईद ने कहा कि एमआरएम ने मध्य प्रदेश में मुसलमानों की बड़ी आबादी को देखते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए राज्य की राजधानी भोपाल को चुना है।

एमआरएम प्रवक्ता ने कहा, (मध्य प्रदेश में) मुस्लिम वोट भाजपा से दूर जा रहा है। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने उत्तर और मध्य विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। इन दोनों सीटों पर मुस्लिम आबादी ज्यादा है। उत्तर भोपाल कांग्रेस का गढ़ बन गया है। मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## केरल में आरएसएस नेता की हत्या मामले में पीएफआई सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बुधवार को कहा कि प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के एक सदस्य को केरल से गिरफ्तार किया गया है, जो 2022 में (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) आरएसएस नेता की हत्या के मामले में वांछित था। संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि सहीर के. वी. के ऊपर चार लाख रुपए का इनाम रखा गया था और 16 अप्रैल, 2022 को केरल के पलक्कड़ जिले में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या के बाद से वह फरार था। पीएफआई के सदस्य की गिरफ्तारी को एक बड़ी सफलता करार देते हुए अधिकारी ने कहा कि एनआईए के भगोड़ों का पता लगाने वाले दल (एफटीटी) ने पलक्कड़ में एक रिश्तेदार के घर उसका पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रवक्ता ने कहा, पलक्कड़ का रहने वाला सहीर पीएफआई की हमला करने वाली और सुरक्षा टीम का हिस्सा था जिसने लक्षित हत्या को अंजाम दिया था। वह श्रीनिवासन पर हमला करने वाले मुख्य आरोपियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए भी जिम्मेदार था।

## उत्तराखंड में रेलवे की भूमि से अतिक्रमण हटाने पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली अर्जी खारिज

**नैनीताल (भाषा)।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने बुधवार को रेलवे द्वारा लालकुआं में अपनी भूमि पर बसे अवैध कब्जाधारकों को उसे खाली करने का नोटिस दिए जाने पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी। उच्च न्यायालय के आदेश ने क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने का रास्ता साफ कर दिया है। इससे करीब चार हजार लोग प्रभावित हो सकते हैं। भूमि पर निवास कर रहे लोगों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने की। रेलवे की ओर से पेश अधिवक्ता राजीव शर्मा ने अदालत को सूचित किया कि 2018 में रेलवे और राज्य सरकार ने नैनीताल जिले के लालकुआं में निरीक्षण किया था जिसमें 84 अवैध निर्माणों का पता चला था। रेलवे की जमीन पर फिलहाल टिन शेड डालकर करीब चार हजार लोग रह रहे हैं। लालकुआं रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण के लिए जमीन की जरूरत है।

## क्विक न्यूज

### खराब डीपीआर से हो रही सड़क दुर्घटनाएं: गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को भारतीय कंपनियो की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की खराब गुणवत्ता पर चिंता जताई। उन्होने कहा कि मानकों पर पूरी नही उतरने वाली ऐसी रिपोर्ट के कारण परियोजना पूरी होने मे देरी होती है और सड़क दुर्घटनाएं होती है। उद्योग मंडल फिक्की के एक कार्यक्रम मे गडकरी ने कहा कि ज्यादातर मामलो मे राजमार्गो और अन्य सड़कों के निर्माण मे लागत वृद्धि निर्णय लेने मे देरी के कारण होती है। उन्होंने कहा, सबसे ज्यादा दोषी कोई है तो डीपीआर बनाने वाला। डीपीआर की गुणवत्ता सबसे बड़ा मुद्दा है। मंत्री ने कहा कि भारतीय कंपनियो द्वारा तैयार रिपोर्ट अच्छी नही होती है इसलिए अंतरराष्ट्रीय कंपनियो को वरीयता दी जानी चाहिए।अपने स्पष्ट विचारो के लिए चर्चित केंद्रीय मंत्री ने कुछ सड़क हादसो के लिए डीपीआर की खराब गुणवत्ता को जिम्मेदार ठहराया।गडकरी ने कहा कि ठेकेदारो को डीजल से संचालित मशीनो के उपयोग को कम कर देना चाहिए।

### वाशिम में समीर वानखेड़े के समर्थन में मार्च, समर्थकों ने सीबीआई की कार्रवाई पर उठाए सवाल

**वाशिम (महाराष्ट्र)।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े के साथ एकजुटता दिखाने के लिए एक संगठन के सदस्यो ने बुधवार को महाराष्ट्र के वाशिम मे मार्च निकाला। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने समीर वानखेड़े के खिलाफ अभिनेता शाहरुख खान के बेटे अयान खान का नाम मादक पदार्थ से जुड़े मामले से हटवाने के लिए उनके परिवार से 25 करोड़ रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप मे मामला दर्ज किया है। वानखेड़े के खिलाफ सीबीआई की कार्रवाई की निंदा करने के लिए पैंथर संगठन ने आंबेडकर स्क्वायर से जिला क्लेक्ट्रेट तक मार्च निकाला। संगठन के सदस्यो ने दावा किया कि वानखेड़े के खिलाफ कार्रवाई उन्हे बदनाम करने के लिए की जा रही है क्योंकि वह पिछड़े वर्ग से नाता रखने वाले एक ईमानदार अधिकारी है। सीबीआई ने हाल ही एनसीबी के पूर्व अधिकारी वानखेड़े के खिलाफ शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को ड्रग्स-ऑन-क्रूज मामले मे न फंसाने के लिए 25 करोड़ रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप मे प्राथमिकी दर्ज की है। केंद्रीय एजेंसी ने एनसीबी की एक शिकायत पर भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी (आपराधिक साजिश) और धारा 388 (धमकी देकर जबरन वसूली) के अलावा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिश्वतखोरी से संबंधित प्रावधानो के तहत वानखेड़े और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### द केरल स्टोरी के निर्माताओं ने धर्मांतरण की पीड़िताओं के पुनर्वास के लिए की पहल

**मुंबई।** फिल्म द केरल स्टोरी के निर्माता विपुल शाह ने एक आश्रम में धर्मांतरण की कथित 300 पीड़ितो के पुनर्वास की पहल की बुधवार को घोषणा करते हुए मदद के तौर पर 51 लाख रुपए देने का वादा किया। द केरल स्टारी पांच मई को रिलीज हुई थी और तभी से वह विवादों में है। कुछ राज्यों में इसे प्रतिबंधित कर दिया गया है और कुछ में कर-मुक्त। सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित इस फिल्म मे अभिनेत्री अदा शर्मा मुख्य भूमिका मे है। शाह ने बताया कि उन्होने यह फिल्म धर्मांतरण का शिकार लोगों की मदद करने के उद्देश्य से बनाई और उनकी पहल प्रोटेक्ट द डॉटर्स उसी दिशा में उठाया गया एक कदम है। निर्माता ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, द केरल स्टोरी बनाने और सुदीप्तो के यह कहानी सामने लाने तथा इस पर फिल्म बनाने का मुख्य कारण इन लड़कियों की मदद करना है। हम आश्रम में 300 लड़कियों के पुनर्वास में मदद करके इसकी शुरुआत करने जा रहे हैं। हम, सनशाइन पिक्चर्स और द केरल स्टोरी की टीम 51 लाख रुपए का दान देकर इसकी शुरुआत करेगी। द केरल स्टोरी की टीम के साथ इस दौरान मंच पर धर्मांतरण की कथित 26 पीड़िताएं भी नजर आईं। शाह ने कहा, ये सभी लड़कियां बहुत बहादुर हैं, रोजाना बहुत सारे खतरों का सामना करती है। उन खतरो के बावजूद वे यहां बोलने के लिए आई है। आज, हम प्रोटेक्ट द डॉटर्स नामक एक आश्रम की शुरुआत कर रहे है, जो एक इनके जैसी पीड़ितो के लिए सुरक्षित स्थान होगा।

### एसजीपीसी गुरद्वारे में शराब पीने पर एक महिला की हत्या करने वाले व्यक्ति को मुफ्त कानूनी सहायता देगी

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) पटियाला मे एक गुरद्वारे के अंदर शराब पीने के चलते गोली मारकर एक महिला की कथित रूप से हत्या करने वाले व्यक्ति निर्मलजीत सिंह को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करेगी। एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि गुरद्वारो से धार्मिक भावनाएं जुड़ी है और नियमो के किसी भी उल्लंघन को बर्दाश्त नही किया जाएगा। एसजीपीसी के बयान के अनुसार धामी ने कहा कि सैनी की हरकत आवेशपूर्ण प्रतिक्रिया थी क्योंकि उसकी धार्मिक भावनाओ का उल्लंघन किया गया था। उन्होने कहा, एसजीपीसी निर्मलजीत सिंह और उसके परिवार के साथ खड़ी है तथा वह उसे कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। परविंदर कौर रविवार शाम को दुखनिर्वान साहिब गुरद्वारे के सरोवर के समीप कथित रूप से शराब पी रही थी। सैनी ने अपनी लाइसेंसी रिवोल्वर से उसपर कई बार गोलियां चलाई। वह नियमित रूप से गुरद्वारा आता रहा है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी के बाद सैनी ने कहा कि उसने गुस्से मे आकर ऐसा किया क्योंकि उसकी धार्मिक भावना आहत हुई। पुलिस के मुताबिक प्राथमिक जांच से सामने आया है कि कौर का नशामुक्ति का इलाज चल रहा था। वह करीब 30 साल की थी।

### सीबीआई ने सत्यपाल मलिक के पूर्व सहयोगी के ठिकानों पर तलाशी ली

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित बीमा घोटाला मामले में जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के तत्कालीन सहयोगी के परिसरों तथा दिल्ली और राजस्थान मे 11 अन्य ठिकानो पर बुधवार को तलाशी ली। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि सीबीआई की टीम ने मलिक के पूर्व सहयोगी सुनक बाली, चार्टर्ड अकाउंटेंट संजय नारंग, वीरेंद्र सिंह राणा और कंवर सिंह राणा, प्रियंका चौधरी तथा अनीता से जुड़े दिल्ली और राजस्थान के ठिकानों पर तलाशी ली। इस बीच, अगस्त 2018 से अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहे मलिक ने बाली का बचाव किया और आरोप लगाया कि यह एजेंसी द्वारा बदले की कार्वाई है। मलिक ने पीटीआई-भाषा से कहा कि बाली उस समय उनके लिए मीडिया साक्षात्कार की व्यवस्था किया करते थे, जब वह जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे। मलिक ने कहा कि वह बाली को लंबे समय से जानते है और बाली को उनसे कोई वेतन नही मिला। एजेंसी से मिली अद्यतन जानकारी के अनुसार दिल्ली में दस स्थानों तथा राजस्थान में दो जिलों में तलाशी की कार्वाई हुई। एजेंसी ने गत 28 अप्रैल को मलिक से पूछताछ की थी और आज यह कार्वाई हो रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में वित्तीय दस्तावेजों के आकलन, डिजिटल साक्ष्य तथा आरोपियो और अन्य लोगों के बयानों को देखते हुए तलाशी अभियान जरूरी हो गया था। एजेंसी ने गत वर्ष अक्टूबर मे मलिक के बयान भी दर्ज किए थे। सीबीआई ने सरकारी कर्मचारियो के लिए एक सामूहिक चिकित्सा बीमा योजना का ठेका देने और जम्मू कश्मीर में कीरू जलविद्युत परियोजना से जुड़े 2,200 करोड़ रुपए के निर्माण कार्य मे भ्रष्टाचार के मलिक के आरोपो के संबंध में दो प्राथमिकी दर्ज की थी। मलिक ने दावा किया था कि जब वह जम्मू कश्मीर के राज्यपाल थे, उस दौरान उन्हे दो फाइलो को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपए की रिश्वत की पेशकश की गई थी। वह 23 अगस्त, 2018 से 30 अक्टूबर, 2019 के बीच जम्मू कश्मीर के राज्यपाल रहे थे।

# कैपिटल्स ने पंजाब को 15 रन से हराया

## ● लिविंगस्टोन की शानदार पारी के बावजूद प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर पंजाब किंग्स

**भाषा।** धर्मशाला



**लियाम** लिविंगस्टोन के 48 गेंद में 94 रन के बावजूद पंजाब किंग्स आईपीएल के अहम मुकाबले में बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स से 15 रन से हारकर प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर हो गई। पहले ही प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी दिल्ली ने पंजाब के रंग में भंग डालते हुए रिली रोसोयू के 37 गेंद में नाबाद 82 रन की मदद से दो विकेट पर 213 रन बनाए। जवाब में पंजाब की टीम आठ विकेट पर 198 रन ही बना सकी।

इंग्लैंड के बल्लेबाज लिविंगस्टोन ने पांच चौकों और नौ छक्कों की मदद से बेहतरीन पारी खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। इस हार के बाद पंजाब के 13 मैचों में 12 ही अंक है और आखिरी मैच जीतने पर उसके 14 अंक होंगे जो प्लेआफ में पहुंचने के लिए काफी नहीं होंगे। उसका नेट रनरेट भी माइनस 0.308 है। दूसरी ओर दिल्ली दस टीमों में नौवें स्थान पर है। पंजाब किंग्स 2014 में फाइनल में पहुंचने के बाद से पिछले नौ साल में अंतिम चार में जगह नहीं बना सकी है। दिल्ली के खराब क्षेत्ररक्षण का भी टीम फायदा नहीं उठा सके। दिल्ली ने लिविंगस्टोन को तीन के स्कोर पर, अथर्व तायडे को 35 पर जीवनदान दिया और दोनों बार गेंदबाज कुलदीप यादव थे। दिल्ली ने लिविंगस्टोन और तायडे को रनआउट करने का मौका भी गंवाया।

पंजाब ने 42 गेंद में 55 रन बनाने वाले तायडे को रिटायर्ड आउट करने का फैसला किया क्योंकि पारी के दूसरे चरण में वह खेल नहीं पा रहे थे। लिविंगस्टोन ने तेजी से रन बनाकर 30 गेंद में 50 रन पूरे किए। एक समय पंजाब को चार ओवर में 79 रन चाहिए थे लेकिन बाद में दो ओवर में 38 रन की जरूरत थी।

लिविंगस्टोन ने 17वें ओवर में खलील अहमद को बेहतरीन स्ट्रोक्स लगाकर 20 रन निकाले। अगले ओवर में मुकेश कुमार ने तीन छक्के दे डाले। एनरिच नॉर्किया ने 19वें ओवर में सिर्फ पांच रन देकर सैम कुरेन का विकेट लिया और पंजाब को हार की ओर धकेल दिया।

इससे पहले दिल्ली को शानदार शुरूआत दिलाते हुए एक महीने बाद वापसी कर रहे पृथ्वी साव ने 54 रन बनाए।

साव ने आखिरी मैच 20 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेला था। उन्होंने 35 गेंद में 50 रन पूरे किए जो आईपीएल में पिछली 13 पारियों में उनका पहला अर्धशतक है। उन्होंने अपनी पारी में 38 गेंद खेलकर सात चौके और एक छक्का जड़ा। कप्तान डेविड वॉर्नर ने 31 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों के साथ 46 रन बनाए।

दोनों ने पहले विकेट के लिए 94 रन जोड़े जो इस सत्र की उनकी सबसे बड़ी साझेदारी है। इसके बाद रोसोयू ने आईपीएल में पहला अर्धशतक 25 गेंदों में पूरा किया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के अपने साथी खिलाड़ी कैगिसो रबाडा को छक्का लगाकर हाथ खोले। रबाडा ने तीन ओवर में 36 रन दे डाले जबकि सैम कुरेन ने 36 रन देकर दो विकेट लिए।

दिल्ली ने पावरप्ले के छह ओवर में बिना किसी नुकसान के 61 रन बनाए। यह दूसरी बार था जब दिल्ली ने पावरप्ले में विकेट नहीं गंवाया। वॉर्नर ने कुरेन को लगातार चौके लगाए और इसके बाद रबाडा की गेंदों की धुनाई की। उन्होंने रबाडा को तीन गेंद के भीतर दो छक्के लगाकर उस ओवर में 17 रन निकाले। वॉर्नर और साव ने पांच ओवर में ही दिल्ली के 50 रन पूरे कर दिए। टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनने वाली पंजाब ने वॉर्नर को 39 के स्कोर पर जीवनदान भी दिया जब राहुल चाहर ने उनका कैच छोड़ा। शिखर धवन ने बेहतरीन कैच लेकर वॉर्नर को रवाना किया लेकिन तब तक वह बड़े स्कोर की नींव रख चुके थे।

### स्कोर बोर्ड

**दिल्ली कैपिटल्स पारी :** डेविड वॉर्नर का धवन बो कुरेन 46, पृथ्वी साव का तायडे बो कुरेन 54, रिली रोसोयू नाबाद 82, फिल साल्ट नाबाद 26, अतिरिक्त : पांच रन, कुल योग : 20 ओवर में दो विकेट पर 213 रन, **विकेट पतन :** 1-94, 2-148 **गेंदबाजी :** कुरेन 4-0-36-2, रबाडा 3-0-36-0, अर्शदीप 2-0-21-0, एलिस 4-0-46-0, चाहर 4-0-35-0 बरार 3-0-39-0

**पंजाब किंग्स पारी :** प्रभसिमरन सिंह का धुल बो पटेल 22, शिखर धवन का अमन बो शर्मा 0, अथर्व तायडे रिटायर्ड आउट 55, लियाम लिविंगस्टोन का पटेल बो शर्मा 94, जितेश शर्मा का अहमद बो नॉर्किया 0, एम शाहरूख खान का पटेल बो अहमद 6, सैम कुरेन बो नॉर्किया 11, हरप्रीत बरार रन आउट 0, राहुल चाहर नाबाद 0, **अतिरिक्त :** 10 रन, **कुल योग :** 20 ओवर में आठ विकेट पर 198 रन, **विकेट पतन :** 1-0, 2- 50, 3-128, 4-129, 5-147, 6-180, 7-180 8-198 **गेंदबाजी :** अहमद 3-0- 20-1, शर्मा 3-0-36-2, नॉर्किया 4-0-36-2, मुकेश 4-0-52-0, पटेल 3-0-27-1 कुलदीप 3-0-21-0

# भारत-पाकिस्तान सैफ कप में एक ही ग्रुप में

## ● पांच साल बाद भिड़ेंगी दोनों फुटबॉल टीम

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** और पाकिस्तान की फुटबॉल टीम लगभग पांच साल बाद आपस में भिड़ती नजर आएंगी क्योंकि दोनों पड़ोसी देशों को बेंगलुरू में 21 जून से चार जुलाई तक होने वाले सैफ कप के लिए समान ग्रुप में रखा गया है।

दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) कप के 14वें टूर्नामेंट का ड्रॉ बुधवार को यहां हुआ जिसमें गत चैंपियन भारत, पाकिस्तान, कुवैत और नेपाल को ग्रुप ए में जगह मिली जबकि लेबनान, मालदीव, बांग्लादेश और भूटान को ग्रुप बी में रखा गया है। ग्रुप मुकाबले राउंड रोबिन प्रारूप के आधार पर खेले जाएंगे और प्रत्एक ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। आठ देशों का यह टूर्नामेंट कांतीर्वा स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए दक्षिण एशिया से बाहर के दो देशों लेबनान और कुवैत को प्रतियोगिता में खेलने के लिए आमंत्रित किया गया है। लेबनान 99वें स्थान के साथ टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीम है। पाकिस्तान की रैंकिंग 195वें स्थान के साथ सबसे खराब है। भारत 101वें स्थान के साथ दूसरी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीम है।

भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप ए का मैच टूर्नामेंट के पहले दिन 21 जून को खेला जाएगा। यह कुवैत और नेपाल के बीच टूर्नामेंट के पहले मैच के बाद दिन का दूसरा मुकाबला होगा। भारत और पाकिस्तान की टीम पिछली बार ढाका में सैफ कप के 12वें सत्र के दौरान सितंबर 2018 में आपस में भिड़ी थी। भारत ने यह मैच 3-। से जीता था लेकिन फाइनल में उसे मालदीव के खिलाफ।-2 से हार का सामना करना पड़ा था।

भारत और पाकिस्तान ने आधिकारिक तौर पर कुल मिलाकर 20 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। इनमें भारत ने दबदबा बनाते हुए एक दर्जन से अधिक मैच जीते हैं। भारत ने आठ बार सैफ कप का खिताब जीता है जबकि चार बार वह उप विजेता रहा। भारत सिर्फ 2003 में ढाका में पांचवें सत्र के दौरान फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहा था। तब टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया था।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को उम्मीद है कि पाकिस्तान के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए वीजा मिल जाएगा।

एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने ड्रॉ के बाद कहा, पाकिस्तान ने टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है इसलिए यहां ड्रॉ में उनका नाम है। दक्षिण एशिया क्षेत्र के सभी देशों को इस टूर्नामेंट में खेलने का अधिकार है। उन्होंने कहा, लेकिन वीजा जारी करना, टीम को सुरक्षा देना, ए किसी देश के फुटबॉल महासंघ के काम नहीं हैं। एआईएफएफ प्रशासन सरकार के संबंधित मंत्रालयों के साथ समन्वय करेगा और समय के साथ हमें जवाब मिलेगा।

एआईएफएफ महासचिव शाजी प्रभाकरन ने पीटीआई से कहा कि पाकिस्तानी दल भारत की यात्रा के लिए वीजा का आवेदन कर चुका है और आवेदन से जुड़ी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

प्रभाकरन ने कहा, हमें यहां कोई मुद्दा नजर नहीं आता। वे (पाकिस्तानी दल) पहले ही वीजा के लिए आवेदन कर चुके हैं और प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पाकिस्तान ने 1993 से अब तक आयोजित 13 टूर्नामेंट में से दो में भाग नहीं लिया है। पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ (पीएफएफ) आंतरिक मुद्दों के कारण भारत में आयोजित 2015 के टूर्नामेंट में अपनी टीम नहीं भेज सका था जबकि फीफा से निलंबन के कारण टीम मालदीव में 2021 के टूर्नामेंट में भी नहीं खेल पाई थी। फीफा ने पिछले साल जून में पाकिस्तान पर लगा निलंबन हटा लिया था।

### इटली में बाढ़ के कारण फार्मूला वन एमीलिया-रोमाग्ना ग्रां प्री रद्द

**इमोला।** उत्तरी इटली में इस सप्ताहांत होने वाली एमीलिया-रेमाग्ना ग्रां प्री फार्मूला वन रेस को क्षेत्र मे भयंकर बाढ़ के कारण बुधवार को रद्द कर दिया गया। फार्मूला वन (एफवन) ने कहा कि उन्होंने इटली के नेताओ से सलाह मशविरे के बाद सुरक्षा कारणो और आपात सेवाओ पर अतिरिक्त बोझ डालने से बचने के लिए यह फैसला किया है। एफवन ने बयान मे कहा, यह फैसला किया गया क्योकि हमारे प्रशंसको, टीम और कर्मचारियो के लिए प्रतियोगिता का सुरक्षित आयोजन संभव नही था और क्षेत्र के नगर और शहर जिस स्थिति का सामना कर रहे है उसे देखते हुए यह सही और जिम्मेदारी भरी चीज है।

### कुश्ती चैम्पियनशिप के ट्रायल के लिए मिली रिकॉर्ड प्रविष्टियां

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा कुश्ती के संचालन के लिए गठित तदर्थ समिति को आगामी अंडर-23 और अंडर-17 एशियाई चैम्पियनशिप के ट्रायल के लिए रिकॉर्ड 1700 से अधिक प्रविष्टियां मिली है। अंडर-17 और अंडर-23 पहलवानो के लिए एशियाई चैपियनशिप 10-18 जून तक बिश्केक में आयोजित की जाएगी। तदर्थ समिति 17 से 20 मई तक सोनीपत के एनआईएस (राष्ट्रीय खेल संस्थान) पटियाला और भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय केंद्र में ट्रायल आयोजित करेगा। इसी ट्रायल से राष्ट्रीय टीम का चयन होगा। इसके लिए कुल 1704 आवेदन प्राप्त हुए है। तदर्थ समिति के सदस्य और चयन समिति के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह बाजवा ने मंगलवार को दोनो स्थलो का दौरा किया और तैयारियो से संतुष्ट दिखे। बाजवा ने एक बयान मे कहा, भारतीय टीमे 2023 अंडर-23 और अंडर-17 एशियाई कुश्ती चैपियनशिप मे भाग लेगी। ट्रायल आयोजित करने की व्यवस्था बेहतरीन है। उन्होने कहा, तदर्थ समिति को पुरुष अंडर 23 फ्रीस्टाइल मे 393, ग्रीको-रोमन मे 220, महिला कुश्ती के लिए 151 प्रविष्टियां मिली है जबकि अंडर-17 फ्रीस्टाइल मे 490, ग्रीको-रोमन मे 207, महिला कुश्ती मे 243 प्रविष्टियां मिली हैं। कुल प्रविष्टियो की संख्या 1704 है।

### भविष्य में अप्रैल और मई की गर्मियों में टूर्नामेंट का आयोजन नहीं करेगा एआईएफएफ

**नई दिल्ली।** सुपर कप और इंडियन वुमैस लीग का आयोजन इस साल अप्रैल मई मे किया गया लेकिन अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को कहा कि वह आइंदा से गर्मियो के इन दो महीनो में टूर्नामेंटो का आयोजन नही करेगा। आई लीग और इंडियन सुपर लीग क्लबों के बीच सुपर कप के मैच केरल मे तीन से 25 अप्रैल के बीच खेले गए जबकि आईडब्ल्यूएल अहमदाबाद में 26 अप्रैल से 19 मई तक खेला जाएगा। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने यहां अगले महीने बेंगलुरू में होने वाले सैफ कप के ड्रॉ निकालने के मौके पर कहा , इस महीने आईडब्ल्यूएल के साथ फुटबॉल सत्र खत्म हो जाएगा। अब हम कोशिश करेंगे कि इस मौसम को देखते हुए अप्रैल मई में फुटबॉल टूर्नामेंट नही खेले जाएं। उन्होने कहा , हम नही चाहते कि हमारे खिलाड़ी इस भीषण गर्मी में परेशान हों। एआईएफएफ के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि कोरोना महामारी के बाद कैलेंडर व्यस्त होने के कारण 2022 . 23 सत्र मई तक खिंच गया।

# हम बार-बार एक ही गलती को दोहरा रहे हैं: शेन बॉन्ड

**भाषा।** लखनऊ



**मुंबई** इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ आखिरी ओवरों में अधिक रन लुटाने पर गेंदबाजी इकाई पर निराशा जताते हुए कहा कि उनकी टीम बार-बार एक ही गलती को दोहरा रही है। मुंबई को मंगलवार को खेले गए मैच के आखिरी ओवर में जीत के लिए 11 रन चाहिए थे लेकिन चोट से वापसी कर रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने शानदार गेंदबाजी कर लखनऊ को पांच रन से जीत दिला दी। लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम 17 ओवर में तीन विकेट पर 123 रन बनाकर रन बनाने के लिए संघर्ष कर रही थी लेकिन मुंबई ने आखिरी तीन ओवरों में 54 रन लुटा दिए। इस दौरान क्रिस जॉर्डन के 18वें ओवर में 24 रन बने। बॉन्ड ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मेरे लिए सबसे निराशाजनक बात यह है कि हम जिन योजनाओं के बारे में बात करते हैं, मैदान में उन पर टिके नहीं रहते है। मार्कस (स्टोइनिस) जैसे खिलाड़ियों के लिए हम इस विकेट पर क्या करना चाहते थे, इसे लेकर हम बहुत स्पष्ट थे। हमने उन्हें गेंदबाजी को लेकर योजना बनाई थी लेकिन इसके मुताबिक गेंदबाजी नहीं की।

# डॉक्टर ने कहा सर्जरी में विलंब होने से हाथ काटना पड़ सकता था : मोहसिन खान

**भाषा।** लखनऊ



**लखनऊ**सुपरजायंट्स के तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम को यादगार जीत दिलाने के बाद अपनी बीमारी का जिक्र करते हुए बताया कि अगर वह चिकित्सकों के पास सही समय पर नहीं पहुंचते तो उनका हाथ भी काटना पड़ सकता था।

मुंबई को आखिरी ओवर में जीत के लिए 11 रन की जरूरत थी। क्रीज पर टिम डेविड और कैमरून ग्रीन जैसे आक्रामक बल्लेबाज थे लेकिन मोहसिन ने शानदार गेंदबाजी कर टीम को यादगार जीत दिलाई। इस जीत से लखनऊ की टीम प्लेऑफ में जगह पक्की करने के करीब पहुंची।

इस तेज गेंदबाज को पिछले साल कंधे की सर्जरी करानी पड़ी थी। उनके बाएं कंधे में खून के थक्के जम गए थे। इस सर्जरी के कारण वह पूरे घरेलू सत्र और आईपीएल के शुरुआती मैच नहीं खेल पाए थे। मोहसिन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, एक समय था जब मैंने क्रिकेट खेलने का भरोसा छोड़ दिया था क्योंकि मेरा हाथ उठता भी नहीं था। बहुत कोशिश करके हाथ किसी तरह उठाता था तो यह सीधा नहीं होता था। उन्होंने कहा, यह चिकित्सा संबंधी बीमारी थी। मैं उस समय को याद करके डर जाता हूं, क्योंकि डॉक्टरों ने कहा था कि अगर मैं सर्जरी में एक महीना और विलंब करता, तो मेरा हाथ भी काटना पड़ सकता था। इस 24 साल के तेज गेंदबाज ने कहा, मै चाहूंगा कि किसी भी क्रिकेटर को यह बीमारी ना हो।

# भारतीय टीम अंडर-17 एशियाई कप से पहले बुंडेसलीगा और डीएफबी जर्मनी पहुंची

**भाषा।** फ्रैंकफर्ट

**भारत** की अंडर-17 फुटबॉल टीम अंडर-17 एशियाई कप की तैयारी के तहत बुंडेसलीगा की दो टीमों के साथ प्रशिक्षण शिविर शुरू करने के लिए जर्मनी पहुंची। बत्तीस खिलाड़ियों के साथ मंगलवार को जर्मनी पहुंची टीम 15 दिनों तक यहां रहेगी। भारतीय टीम इस दौरान एफसी ऑग्सबर्ग और वीएफबी स्टुटगार्ट की युवा टीमों के खिलाफ अभ्यास मैच खेलकर इस साल के आखिर में थाईलैंड में होने वाले एशियाई कप की तैयारी करेगी।

भारतीय टीम जर्मन फुटबॉल संघ (डीएफबी) की नई प्रशिक्षण सुविधा का भी दौरा करेगी, जिसका उपयोग जर्मनी की राष्ट्रीय पुरुष टीमें अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों से पहले करती है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और डीएफबी ने मिलकर भारतीय टीम का कार्यक्रम तैयार किया है। एआईएफएफ के महासचिव शाजी प्रभाकरण ने कहा, हम डीएफबी, बुंडेसलीगा क्लबों, और डीएफएल प्रबंधन को भारत की -17 टीम के लिए प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन के साथ-साथ उन्हें दो बड़े क्लबों की जूनियर टीमों के खिलाफ अभ्यास मैच खेलने का अवसर प्रदान करने के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। उन्होंने कहा, इससे हमारी अंडर-17 टीम को एएफसी अंडर-17 एशियाई कप के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। जर्मनी में होने के कारण, खिलाड़ियों को एक मजबूत स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए बहुत प्रोत्साहित किया जाता है।

# भारतीय तीरंदाज कंपाउंड टीम स्पर्धाओं के क्वार्टर फाइनल से बाहर

**भाषा।** शंघाई



**भारतीय** पुरुष और महिला कंपाउंड टीम बुधवार को यहां क्वार्टर फाइनल में शिकस्त के साथ तीरंदाजी विश्व कप चरण दो से बाहर हो गईं।

ज्योति सुरेखा वेन्नाम, अदिति स्वामी और अवनीत कौर की तीसरी वरीय भारतीय महिला टीम को छठी वरीय तुर्की की टीम के खिलाफ 228-231 से हार का सामना करना पड़ा। ओजस देवताले, ऋषभ यादव और प्रथमेश जावकर की पांचवीं वरीय टीम भी मैक्सिको के खिलाफ 231-234 की हार के साथ पदक की दौड़ से बाहर हो गई। विश्व कप चरण एक की विजेता ओजस और ज्योति की जोड़ी हालांकि कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में पदक की दौड़ में बनी हुई है। इस बीच रिकर्व क्वालीफिकेशन में भारतीय महिला तीरंदजों ने अपने पुरुष समकक्षों से बेहतर प्रदर्शन किया। सिमरनजीत कौर (648 अंक, सातवां स्थान) ने शीर्ष 10 में जगह बनाई जबकि भजन कौर ने 638 अंक के साथ 17वां स्थान हासिल किया। टीम की एक अन्य सदस्य अनुभवी अंकिता भकत 630 अंक के साथ 24वें स्थान पर रही। भारतीय टीम ने वरीयता क्रम में चौथा स्थान हासिल किया। टीम को पहले दौर में बाई मिली है और वह सीधे प्री क्वार्टर फाइनल में खेलेगी। अंताल्या में पिछले महीने चरण एक में कांस्य पदक के साथ अपना पहला विश्व कप पदक जीतने वाले 21 साल के धीरज बोमदेवरा क्वालीफायर में हिस्सा ले रहे भारतीय रिकर्व पुरुष तीरंदाजों में शीर्ष पर रहे। सेना के इस तीरंदाज ने 656 अंक के साथ 13वां स्थान हासिल किया। पूर्व विश्व चैंपियन ब्रैडी एलिसन 670 अंक के साथ शीर्ष पर रहे। भारत के अन्य तीरंदाजों ने निराश किया। देश के नंबर एक तीरंदाज और दो बार के ओलंपियन अतनु दास 638 अंक ही जुटा पाए और 44वें स्थान पर रहे जबकि युवा नीरज चौहान ने भी इतने ही अंकों के साथ 47वां स्थान हासिल किया। अनुभवी तरूणदीप राय 631 अंक के साथ 57वें स्थान पर रहने के कारण टीम में जगह नहीं बना पाए।

# एक जून से मोहन बागान सुपर जायंट्स कहलाएगा


**भाषा।** कोलकाता



**मोहन** बागान के हितधारकों ने प्रशंसकों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर बुधवार को घोषणा की कि वे शहर के 133 साल पुराने इस दिग्गज फुटबॉल क्लब के नाम से एटीके उपसर्ग हटा देंगे। यह क्लब मुख्य रूप से आरपी संजीव गोयनका (आरपीएसजी) समूह के स्वामित्व में है। एक जून से इसे मोहन बागान सुपर जायंट्स के नाम से जाना जाएगा। गोयनका समूह ने इस मामले में अपनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी का अनुसरण किया है। इस फ्रेंचाइजी की आईपीएल टीम का नाम लखनऊ सुपर जायंट्स है। उनकी पिछली आईपीएल टीम को पुणे सुपर जायंट्स के नाम से जाना जाता था। मोहन बागान क्लब ने बताया, आज हुई बोर्ड बैठक के बाद, क्लब का नाम एक जून 2023 से मोहन बागान सुपर जायंट्स (एमबीएसजी) होगा। एटीके मोहन बागान ने इस साल मार्च में पेनल्टी शूटआउट में पूर्व चैंपियन बेंगलुरु एफसी पर 4-3 से जीत के साथ इस सत्र में अपना पहला इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) खिताब जीता था। आईएसएल चैम्पियन बनने के बाद गोयनका ने कहा था कि टीम एटीके उपसर्ग को हटा देगी। उन्होंने हालांकि तब इसके लिए किसी तारीख की घोषणा नहीं की थी।

# ऑस्ट्रेलिया पर 4-1 की जीत के साथ भारत ने खत्म किया सुदीरमन कप अभियान

**भाषा।** सुझोऊ (चीन)



**खिताबी** की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके भारत ने सुदीरमन कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में ग्रुप सी के अपने अंतिम मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया पर 4-। से जीत के साथ अपने अभियान को खत्म किया। टूर्नामेंट के सबसे मुश्किल ग्रुप में शामिल भारत चीनी ताइपे से।-4 और मलेशिया के खिलाफ 0-5 से हार के साथ पहले ही इस मिश्रित टीम चैंपियनशिप से बाहर हो गया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिली। साई प्रतीक और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी को केनेथ झे हूई चू और ग्रोन्या सोमरविले के खिलाफ 21-17 14-21 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

एचएस प्रणय ने हालांकि केवल 28 मिनट में जैक यू पर 21-8 21-8 से शानदार जीत के साथ स्कोर बराबर कर दिया। टीम खिताबी दौड़ से बाहर हो चुकी थी और दांव पर कुछ नहीं था ऐसे में भारत ने पीवी सिंधू के स्थान पर अनुपमा उपाध्याय को महिला एकल में उतारा और इस युवा खिलाड़ी ने निराश नहीं किया। उन्होंने टिफनी हो पर 21-16 21-18 से जीत दर्ज की। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने पुरुष युगल में रिकी टैंग और रेयान वांग को 21-11 21-12 से हराकर भारत को 3-। से अजेय बढ़त दिला दी। क्रेस्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी ने कैटलिन ईए और एंजेला यू पर 21-19 21-13 से जीत दर्ज कर भारत की बढ़त को 4-1 किया।

# एशियाई चैंपियनशिप के लिए 15 पहलवानों का चयन


**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** महासंघ के संचालन के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा गठित तदर्थ समिति ने बुधवार को चयन ट्रायल के पहले दिन पटियाला और सोनीपत में 15 पहलवानों का चयन किया जो किर्गिस्तान में अंडर-17 और अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। अंडर-17 फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला वर्ग में तीन-तीन पहलवानों का चयन किया गया जबकि अंडर-23 फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला वर्ग में दो-दो पहलवान चुने गए। तदर्थ समिति के सदस्य भूपिंदर सिंह बाजवा की अध्यक्षता में चार दिवसीय चयन ट्रायल की शुरुआत बुधवार को एनआईएस पटियाला और सोनीपत में साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) के क्षेत्रीय केंद्र में हुई। साइ सोनीपत की कार्यकारी निदेशक ललिता शर्मा, प्रतियोगिता निदेशक ज्ञान सिंह, प्रतियोगिता मैनेजर राजीव तोमर और मुख्य को जगमंदर सिंह ट्रायल के दौरान मौजूद थे। बुधवार को सोनीपत में फ्रीस्टाइल ट्रायल में 170 पहलवानों ने हिस्सा लिया जबकि एनआईएस पटियाला में ग्रीको रोमन में 94 और महिला कुश्ती में 89 पहलवानों ने शिरकत की। इन दो केंद्रों में अगले तीन दिन में बाकी बचे वजन वर्ग में चयन किया जाएगा। चयन ट्रायल के लिए तदर्थ समिति को रिकॉर्ड 1704 प्रविष्टियां मिली। भारतीय वुशु संघ के भी अध्यक्ष बाजवा ने बयान में कहा, तदर्थ समिति को रिकॉर्ड 1704 प्रविष्टियां मिली हैं जिसमें पुरुष अंडर 23 फ्रीस्टाइल में 393, ग्रीको रोमन में 220, महिला कुश्ती के लिए 151 प्रविष्टियां मिली हैं जबकि अंडर-17 फ्रीस्टाइल में 490, ग्रीको रोमन में 207, महिला कुश्ती में 243 प्रविष्टियां मिली हैं। फ्री स्टाइल पहलवानों को चुनने वाले चयन पैनल में बाजवा, जगमंदर और रमेश कुमार गुलिया शामिल हैं। ग्रीको रोमन और महिला कुश्ती टीमों की चयन समिति में पूर्व निशानेबाज सुमा शिरूर, महासिंह राव, अलका तोमर और नेहा राठी शामिल हैं। पहले दिन चुने गए पहलवानों की सूची इस प्रकार है:

**अंडर-17 फ्रीस्टाइल:** 48 किग्रा: रूपेश (हरियाणा) 60 किग्रा: तुषार (हरियाणा) 71 किग्रा: नरेंद्र (हरियाणा) **अंडर-17 ग्रीको रोमन:** 48 किग्रा: सिद्धनाथ (महाराष्ट्र) 60 किग्रा: वरुण (हरियाणा) 71 किग्रा: सोहम राज (महाराष्ट्र) **अंडर-17 महिला कुश्ती:** 43 किग्रा: परवीन (हरियाणा) 53 किग्रा: रजनीता (हरियाणा) 61 किग्रा: सविता (हरियाणा) **अंडर-23 फ्रीस्टाइल:** 97 किग्रा : साहिल (पंजाब) 125 किग्रा: आकाश अंतिल (हरियाणा) **अंडर-23 ग्रीको रोमन:** 82 किग्रा : रोहित दहिया (हरियाणा) 130 किग्रा: परवेश (हरियाणा) **अंडर-23 महिला कुश्ती:** 59 किग्रा: अंजलि (हरियाणा) 76 किग्रा: हर्षिता (हरियाणा)।

# सरकार ने एशियाई खेलों से पहले ओलंपियन नाविकों के लिए विदेश में प्रशिक्षण को मंजूरी

**भाषा।** नई दिल्ली



**नेत्रा** कुमानन, विष्णु सरवनन, वरुण ठक्कर और केसी गणपति जैसे ओलंपिक में भाग ले चुके नौकायन खिलाड़ी इस साल के अंत में हांगझोऊ एशियाई खेलों की तैयारी के लिए सितंबर तक विदेशों में विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। खेल मंत्रालय द्वारा मई से सितंबर तक विदेश में प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में शामिल चार खिलाड़ियों के प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद यह निर्णय लिया गया। नेत्रा इस दौरान सितंबर तक ग्रैन कैनरिया, स्पेन में प्रशिक्षण लेंगी। वह कील, जर्मनी (कील वीक), मार्सिले, फ्रांस (ओलंपिक परीक्षण स्पर्धा) और शेवेनिंगेन, नीदरलैंड्स (विश्व सेलिंग चैंपियनशिप) जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी भाग लेंगी।

इस दौरान विष्णु विभिन्न स्थानों (वेलेंशिया, मिलान, डबलिन, द हेग, क्रोएशिया और मुंबई) में प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा में भाग लेगे। वह 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए हांगझोऊ जाने से पहले यूरआईएलसीए यूरोपा कप, आईएलसीए ओपन एशियाई चैंपियनशिप, मार्सिले ओलंपिक परीक्षण स्पर्धा और विश्व चैंपियनशिप (ओलंपिक क्वालीफायर) में प्रतिस्पर्धा करेंगे। वरुण और गणपति की टीम कील, जर्मनी (कील वीक), फ्रांस (ओलंपिक परीक्षण स्पर्धा), द हेग (विश्व चैम्पियनशिप) और चीन में प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा करेगी।